


देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं केसीआर... 12

अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में जनपद के मनोज... 10



# जन एक्सप्रेस

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 18

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12+1 (वेब संस्करण)

शनिवार | 28 अक्टूबर, 2023


# पीएम मोदी ने किया इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन

## भारतीय मोबाइल कांग्रेस में पीएम ने कहा कि

# अब देश में एक लाख स्टार्टअप

### पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को विपक्षी कांग्रेस पर कसा तंज, पीएम ने कहा कि 2014 का साल बदलाव वाला था, आउटडेटेड फोन बाहर हो गया था

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 इवेंट में शुक्रवार को कहा, आप 10-12 साल पहले के मोबाइल फोन को याद करिए। तब आउटडेटेड फोन की स्क्रीन घड़ी-घड़ी हैंग हो जाती थी। ऐसा ही होता था ना, जरा बताइए ना? चाहे आप स्क्रीन को कितना भी स्वाइप कर लें, चाहे जितने भी बटन दवा लें कोई असर नहीं होता था। ऐसी ही स्थिति उस समय सरकार की भी थी। उस समय भारत की अर्थव्यवस्था की या कहें तब की सरकार ही हैंग हो गए वाले मोड़ पर थी। हालत तो इतनी बिगड़ चुकी थी, रीस्टार्ट करने से कोई फायदा नहीं था। बैटरी चार्ज करने से भी कोई फायदा नहीं था, बैटरी बदलने से भी कोई फायदा नहीं था। 2014 में लोगों ने ऐसे आउटडेटेड फोन को छोड़ दिया और अब हमें सेवा करने का अवसर दिया। इस बदलाव से क्या हुआ वह भी साफ दिखता है। उस समय हम मोबाइल फोन के इंपोर्टर थे, आज हम मोबाइल फोन के एक्सपोर्टर हैं।

#### प्रगति मैदान में किया इंडिया मोबाइल कांग्रेस का उद्घाटन

पीएम ने इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2023 का उद्घाटन दिल्ली के प्रगति मैदान में किया। इवेंट में जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी, एयरटेल चेयरमैन सुनील मित्तल और आदित्य बिरला ग्रुप के चेयरमैन कुमार मंगलम बिरला भी शामिल हुए। इस साल आईएमसी का यह सातवां एडिशन है।

#### जियो भारत डिवाइस की जानकारी ली

प्रगति मैदान में पहला स्टॉल जियो इंफोकॉम का है। कंपनी के चेयरमैन आकाश अंबानी ने पीएम मोदी को जियो एयर फाइबर, स्पेस फाइबर समेत अन्य टेक्नोलॉजी की जानकारी दी। यहां जियो भारत डिवाइस को भी डिस्प्ले किया गया है। इस फोन को भी पीएम ने देखा। स्पेस फाइबर जियो का सैटेलाइट ब्रॉडबैंड है। कंपनी ने बताया कि यह सर्विस पूरे देश में बेहद किफायती कीमतों पर उपलब्ध होगी। कंपनी के अनुसार भारत के चार सबसे दूरस्थ स्थानों को पहले ही जियो स्पेस फाइबर से जोड़ा जा चुका है। ये हैं गिर (गुजरात), कोरबा (छत्तीसगढ़), नबरंगपुर (ओडिशा) और जोरहाट (असम)। यह सैटेलाइट रिसीवर डिश के जरिए इंटरनेट ट्रांसमिट करने के लिए रेडियो वेव्स का इस्तेमाल करता है, जो एक मॉडेम से जुड़ा होता है। ये 1जीबी प्रति सेकंड तक की स्पीड देने में सक्षम है।

#### एरिक्सन जोन में जाकर 6जी टेक्नोलॉजी की जानकारी ली


पीएम एरिक्सन एरिना में भी गए। यहां एरिक्सन इंडिया के एमडी नितिन बंसल ने 6जी टेक्नोलॉजी की जानकारी दी। प्रगति मैदन में स्किल डेवलपमेंट और सिटीजन सर्विसेज के लिए एआई बेस्ड टेक्नोलॉजी भी प्रदर्शित की गई है। पीएम ने इसकी भी जानकारी ली।

#### इवेंट में 6जी टेक्नोलॉजी, ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग पर फोकस

इस बार के इवेंट की थीम ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन है। इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 5जी के विस्तार, 6जी की तैयारियों, ब्रॉडकास्टिंग, ड्रोन डिवाइस मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर प्रोडक्शन, एआई और सस्टेनेबल टेक्नोलॉजी पर फोकस है। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने देशभर के शैक्षणिक संस्थानों के लिए 100 5जी यूज केस लैब्स भी पेश की। आईएनसी में एस्पायर प्रोग्राम की भी शुरुआत की गई, जो टेलीकॉम और डिजिटल डोमेन के यंग एंटरप्रेन्योर को खुद का व्यसाय मजबूत करने में मदद करेगा।

#### घड़ी-घड़ी स्क्रीन हैंग हो जाती थी

मोदी ने उन दिनों की याद दिलाते हुए कहा कि तब 'आउटडेटेट फोन' की स्क्रीन घड़ी-घड़ी हैंग हो जाती थी और चाहे आप स्क्रीन को कितना भी स्वाइप कर लें या चाहे कितने भी बटन दबा लें, कुछ असर होता ही नहीं था। उन्होंने कहा कि और ऐसी ही स्थिति उस समय सरकार की भी थी। उस समय भारत की अर्थव्यवस्था, या कहें कि तब की सरकार ही, हैंग मोड में थी। हालत इतनी खराब थी कि रीस्टार्ट करने से कोई फायदा नहीं था। बैटरी चार्ज करने में भी फायदा नहीं था और बैटरी बदलने में भी फायदा नहीं था।'



#### इवेंट में पीएम मोदी की बड़ी बातें...

1. हमारे यहां 2जी के समय क्या हुआ था, शायद नई पीढ़ी को नहीं पता होगा...मैं इसके बारे में कुछ नहीं कहूंगा...क्योंकि मीडिया वाले उसी को पकड़ेंगे, इस कार्यक्रम के बारे में नहीं बताएंगे। हमारे कालखंड में 4जी का विस्तार हुआ, लेकिन एक दाग भी नहीं लगा है। मुझे विश्वास है कि 6जी में भारत विश्व का नेतृत्व करेगा।
2. दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल मैन्युफैक्चर्स हैं। हम इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग में करीब 2 लाख करोड़ रुपए का एक्सपोर्ट कर रहे हैं। गूगल ने भी हाल ही में घोषणा की है कि वो पिक्सल फोन भारत में बनाएगा। एपल और सैमसंग के फोन पहले से ही भारत में बन रहे हैं।
3. पिछले साल हम यहां 5जी रोलआउट के लिए इकट्ठा हुए थे। पूरी दुनिया भारत को हैरत भरी नजरों से देख रही थी...हमने दुनिया का सबसे तेज 5जी रोलआउट किया और हर भारतीय तक 5जी पहुंचाने का काम शुरू किया।

**इवेंट से जुड़ने के लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा:** आप इस इवेंट में हिस्सा लेना चाहते हैं तो इसके लिए रजिस्ट्रेशन करना होगा। रजिस्ट्रेशन की सुविधा आईएमसी की ऑफिशियल वेबसाइट पर दी है। आपको रजिस्ट्रेशन के लिए एक फॉर्म भरना होगा।

#### ऑल डे पास की कीमत

**15,000 रुपए**

27 से 29 अक्टूबर तक चलने वाले इस इवेंट में शामिल होने के लिए डेलिगेट ऑल डे पास की कीमत 15,000 रुपए है। डेलिगेट वन डे पास की कीमत 5,000 रुपए है। वहीं विजिटर, कॉलेज, गवर्नमेंट और मीडिया के लिए कॉम्प्लिमेंट्री पास अवेलेबल हैं।

"भारत में बने टेलीकॉम डिवाइसों को 70 से ज्यादा देशों में एक्सपोर्ट किया जा रहा है। पिछले साल 90 हजार करोड़ से ज्यादा के मोबाइल एक्सपोर्ट किए गए हैं। भारत को टेलीकम्युनिकेशन इंडस्ट्री 5जी रोलआउट, सस्ते डेटा और टेलीकम्युनिकेशन टेक्नोलॉजी के एक्सपोर्ट के लिए पहचाना जाता है।

-अश्विनी वैष्णव
आईटी मिनिस्टर

पीएम ने हमें विकासशील भारत का एक एस्पिरेशनल विजन दिया है। जियो ने सबसे तेज 5 जी रोलआउट किया है और हर 10 सेकंड में 5 जी सेल डेप्लॉय किया है। जियो ने 85 प्रतिशत 5जी कैपेसिटी में योगदान दिया, जो दुनिया में सबसे तेज 5जी में से एक है। हमने एयर फाइबर लॉन्च किया है, जो अनकनेक्टेड घरों को 5जी से कनेक्ट कर सकता है। भारत में 125 मिलियन से अधिक 5जी यूजर्स हैं।

-आकाश अंबानी,
जियो इंफोकॉम सीईओ

हम वास्तव में डिजिटल बेसिक इंफास्ट्रक्चर के लिए पीएम मोदी के आह्वान से प्रेरित हैं। जैम ट्रिनिटी ने जड़ें जमा ली हैं और दुनिया भर में इसकी चर्चा हो रही है। विश्व व्यापार संगठन और क्वाड देश भारत के डिजिटल इंफास्ट्रक्चर की सराहना कर रहे हैं और दुनिया भर में इसका यूज चाहते हैं। एयरटेल 5जी अब 20 हजार गांवों में है और मार्च 2024 तक पूरे देश को 5जी नेटवर्क से कवर कर लेगा।

-सुनील भारती मित्तल
चेयरमैन एयरटेल

# गैंगस्टर मामले में मुख्तार अंसारी को 10 साल की सजा

## पांच लाख रुपए का जुर्माना भी लगा

जन एक्सप्रेस। गाजीपुर



गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी को अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर तीन एमपी/एमएलए कोर्ट अरविंद कुमार मिश्र की अदालत ने सजा सुना दी है। मुख्तार अंसारी को दस साल की सजा और पांच लाख का जुर्माना लगा है। दूसरे दोषी सोनू यादव को पांच साल की सजा और दो लाख का जुर्माना लगा है। बता दें कि गुरुवार को गैंगस्टर मामले में आरोपी मुख्तार अंसारी और उसके शार्गिद सोनू यादव को दोषी करार दिया गया था। इस दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्तार बांदा जेल से न्यायालय में पेश हुआ जबकि सोनू यादव न्यायालय में मौजूद था।

#### क्या है करंडा मामला?

2009 में करंडा थाना क्षेत्र के सबुआ निवासी कपिलदेव सिंह की हत्या और मुहम्मदाबाद के अमीर हसन की हत्या के प्रयास के मामले को आधार बनाकर मुख्तार अंसारी और सोनू यादव के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत करंडा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ था। लंबे समय से इस मामले में सुनवाई चल रही थी। सात अक्तूबर को मुख्तार अंसारी का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए और सोनू यादव का बयान दर्ज हुआ था। इसके बाद बहस के लिए 11 अक्तूबर की तिथि तय की गई थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। 17 अक्तूबर को अभियोजन पक्ष की ओर से सहायक शासकीय अधिवक्ता नीरज श्रीवास्तव, मुख्तार अंसारी एवं सोनू यादव के अधिवक्ताओं ने अपना-अपना तर्क प्रस्तुत किया था। बहस सुनने के बाद न्यायालय ने फैसले के लिए तिथि नियत की थी। न्यायालय ने 26 अक्तूबर, गुरुवार शाम चार बजे निर्णय सुनाते हुए मुख्तार अंसारी और सोनू यादव को गैंगस्टर एक्ट के तहत दोषी पाया। साथ ही सजा की बिंदु पर सुनवाई और सजा निर्धारण के लिए 27 अक्तूबर की तिथि तय की थी।

# मिर्जापुर में बस अनियंत्रित होकर पलटी, पांच की मौत

### 22 यात्री घायल, मची चीख-पुकार, ढलान पर ब्रेक फेल होने से हुआ हादसा

#### पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर घायलों को बस से बाहर निकाला

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

मिर्जापुर में शुक्रवार सुबह बड़ा सड़क हादसा हो गया। यहां एक निजी बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई। वहीं करीब 22 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। यह देख राहगीर और गांव वाले मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस और ग्रामीणों ने मिलकर घायलों को बस से बाहर निकाला। दर्द से कराह रहे लोगों को जमीन पर लिटाया गया। वहीं जिन यात्रियों को हल्की चोटें आई थीं, वे सड़क किनारे बैठककर रो रहे थे। सभी बदहवास नजर आ रहे थे। आस-पास मौजूद लोगों ने उन्हें पानी दिया। उन्हें शांत कराया। पुलिस ने एंबुलेंस से सभी घायलों को मंडलीय अस्पताल भिजवाया। हादसा जिले के संतनगर थाना क्षेत्र के हलिया ददरी मार्ग पर हुआ। बताया जा रहा है कि एक निजी बस मिर्जापुर से मतवार की ओर जा रही थी। इसमें करीब 35 यात्री सवार थे। ददरी बांध के पास ढलान उतरते समय बस का ब्रेक फेल हो गया। चालक ने बस को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन वह नाकाम रहा। अनियंत्रित होकर बस पलट गई। हादसा होते ही कोहराम मच गया। चीख पुकार सुनकर लोग मौके पर पहुंचे। बस में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया। घायलों की हालत और लोगों की चीत्कार से इलाका गूंज उठा।

#### रोड से गुजर रही गाड़ियों को रोका, घायलों को पहुंचाया अस्पताल

हादसे की खबर लगते ही संत नगर थाना प्रभारी निरीक्षक समर बहादुर सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। राह से गुजर रहे वाहनों के माध्यम से घायलों को अस्पताल भेजा गया। उनकी हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार किया गया। गंभीर रूप से घायलों को मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया। कुछ देर में मौके पर दलबल के साथ जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन एसपी अभिनंदन पहुंच गए। हादसा स्थल का निरीक्षण किया। इसके लालगंज स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। अधिकारियों ने घायलों से हाल जाना। जिलाधिकारी ने बताया कि हादसे में पांच लोगों की मौत हुई है। 10 लोगों को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य घायलों का स्थानीय स्तर पर उपचार किया जा रहा है। बस का संचालन रोड पर किया जा रहा था। परमिट था या नहीं इसकी जांच की जाएगी।

## ज्योति-आलोक विवाद: पीसीएस ज्योति मौर्या पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की पुष्टि नहीं, मंडलायुक्त ने भेजी रिपोर्ट

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



पति के आरोपों के बाद चर्चा में आईं पीसीएस अधिकारी ज्योति मौर्या को राहत मिली है। उनके खिलाफ जारी जांच में भ्रष्टाचार के आरोपों की पुष्टि नहीं हुई है। इस संबंध में प्रयागराज के मंडलायुक्त ने रिपोर्ट शासन को भेज दी है। रिपोर्ट के परीक्षण के बाद जांच प्रक्रिया बंद हो जाएगी। ज्योति के पति आलोक ने उनके ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने इसकी शिकायत नियुक्ति विभाग से भी की थी। पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए शासन ने प्रयागराज के मंडलायुक्त जांच सौंकर रिपोर्ट मांगी थी। मंडलायुक्त ने जांच के लिए अपर आयुक्त की अध्यक्षता में कमेटी बनाई थी। कमेटी ने आलोक को साक्ष्यों के साथ बुलाया गया था। इस बीच आलोक ने अपनी शिकायत ही वापस ले ली। सूत्रों के मुताबिक मंडलायुक्त ने शासन को रिपोर्ट भेज दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ज्योति के खिलाफ भ्रष्टाचार के सुबूत नहीं मिले हैं। ये भी कहा गया है कि पति ने भी शिकायत वापस ले ली है। हालांकि उनके आरोपों की जांच की गई जिसकी पुष्टि नहीं हुई।

# डीएम, एडीएम और एसडीएम के तबादलों पर पांच जनवरी तक रोक

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




लोकसभा चुनाव के लिए प्रदेश के सभी 403 विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 27 अक्तूबर से शुरू होगा। मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम से जुड़े सभी बूथ लेवल अधिकारियों से लेकर जिला निर्वाचन अधिकारियों के तबादलों पर 5 जनवरी 2024 तक रोक रहेगी। अति आवश्यक स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग की मंजूरी लेकर ही कार्मिकों और अफसरों के तबादले किए जा सकेंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों का तबादला 5 जनवरी 2023 तक आयोग की अनुमति के बिना नहीं किया जाएगा। शुक्रवार से शुरू हुए मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान में 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी लोग अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकेंगे। 4, 5, 25, 26 नवंबर और 2 व 3 दिसंबर को विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म-6 से आवेदन करना होगा। किसी मतदाता के नाम पर आपत्ति करने या नाम कटवाने के लिए फार्म 7 से आवेदन करना होगा। निवास परिवर्तन, मतदाता सूची में संशोधन, मतदाता फोटो पहचान पत्र में बदलाव और दिव्यांग मतदाताओं को चिह्नित करने के लिए फार्म-8 से आवेदन किया जा सकेगा।

#### 9 दिसंबर तक जोड़े जाएंगे नाम

सीईओ नवदीप रिणवा के अनुसार 27 अक्तूबर से 9 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए आवेदन किया जा सकेगा। 26 दिसंबर तक मतदाता सूची पर दावे और आपत्तियों का निस्तारण किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 5 जनवरी को किया जाएगा।

#### एडवांस में कर सकते हैं आवेदन

एसीइओ ने निधि श्रीवास्तव ने बताया कि 2024 में एक अप्रैल, 1 जुलाई, एक अक्तूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी मतदाता सूची में नाम शामिल कराने के लिए फार्म 6 से एडवांस में आवेदन कर सकते हैं।


कानपुर एक्सप्रेस



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


# श्री अन्न महोत्सव: सीएम योगी बोले, वैश्विक खाद्यान संकट के वक्त श्री अन्न बनेगा सहारा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राज्यस्तरीय श्री अन्न प्रदर्शनी एवं कार्यशाला के शुभारंभ समारोह में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि श्री अन्न का महत्व वैदिक काल से रहा है। भविष्य में भी जब दुनिया खाद्यान संकट का सामना करेगी तो श्री अन्न की उपयोगिता बढ़ेगी। उत्तर प्रदेश श्री अन्न के उत्पादन का केंद्र बन सकता है। सीएम योगी ने इससे पहले तीन दिवसीय श्री अन्न महोत्सव का शुभारंभ करते हुए प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए श्री अन्न उत्पादकों की ओर से लगाये ये प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कोरोना काल ने हमें बड़ा सबक दिया है। हम जितना कृत्रिम जीवन जीने का प्रयास करेंगे, महामारियां हमें उतना ही परेशान करेंगी। हमें प्राकृतिक वास और जीवनशैली को अपनाना होगा और उसमें श्री अन्न बहुत ही सहायक होगा। इसकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए शोध और अनुसंधान की आवश्यकता है। इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख, यूपी कृषि अनुसंधान परिषद् के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, संजय अग्रवाल, डॉ देवेश चतुर्वेदी सहित कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपतिगण, प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए कृषक उत्पादन संगठनों और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रभारीगण के अलावा बड़ी संख्या में प्रगतिशील किसान मौजूद रहे।




#### तीन दिन तक चलेगा श्री अन्न महोत्सव

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कृषि के क्षेत्र में शोध एवं अनुसंधान के लिए कार्य कर रही उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद् के 34वां स्थापना दिवस पर अगले तीन दिन तक श्री अन्न महोत्सव का आयोजन हो रहा है। ये महोत्सव यूपी के किसानों के जीवन में व्यापक परिवर्तन का माध्यम बनेगा। सीएम योगी ने कहा कि पिछली सदी के छठे और सातवें दशक तक बड़ी मात्रा में मोटे अनाज का उत्पादन होता था। ये हमारे दैनिक जीवन का अंग था। मगर बढ़ती आबादी की आवश्यक्ता और इस दिशा में शोध और अनुसंधान की गति थमने के कारण इसका उत्पादन कम होता गया।

#### मुख्यमंत्री योगी ने किया सम्मानित

मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान श्री अन्न के क्षेत्र में कार्य करने वाले 35 कृषक उत्पादक संगठनों को सम्मानित किया। इसके अलावा प्रदेश के पांच कृषि विज्ञान केंद्रों (झांसी, ललितपुर, बांदा, हमीरपुर और गाजीपुर) को मिलेट्स प्रसंस्करण संयंत्र के लिए 95-95 लाख की सहायता प्रदान की गई। साथ ही जिन कृषक उत्पादक संगठनों ने अधिक से अधिक किसानों को मिलेट्स फार्मिंग के लिए प्रशिक्षित और प्रोत्साहित किया उन्हें भी मुख्यमंत्री ने समारोह के दौरान सम्मानित किया।

#### केमिकल फर्टिलाइजर के अत्यधिक उपयोग से बढ़े हैं तमाम रोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारा देश खाद्यान आत्मनिर्भरता में बहुत आगे बढ़ चुका है, लेकिन इसके साइड इफेक्ट भी पड़े हैं। केमिकल फर्टीलाइजर के अत्यधिक उपयोग से तमाम रोग बढ़े हैं। उन्होंने कहा कि श्री अन्न का उत्पादन कम पानी वाले क्षेत्रों में भी होता है। हमें इसका उत्पादन बढ़ाने के लिए इस दिशा में व्यापक पैमाने पर शोध और अनुसंधान की आवश्यकता है। ये खुशी की बात है कि आज हर परिवार में श्री अन्न का किसी ना किसी रूप में प्रयोग होना शुरू हो गया है। अब इस दिशा में व्यापक रूप से प्रयास प्रारंभ हुआ है। आज मिलेट्स से नये-नये उत्पाद बनाना शुरू हो गये हैं। ये पौष्टिक होने के साथ ही खाने में भी स्वादिष्ट होते हैं।

#### कृषि विज्ञान केंद्रों में शुरू हुई है नई प्रतिस्पर्धा

मुख्यमंत्री ने बताया कि 2017 तक कृषि विज्ञान केंद्रों की हालत खराब थी। आज इनमें नई प्रतिस्पर्धा शुरू हुई है। इसमें कृषि विश्वविद्यालयों की अहम भूमिका है। प्रदेश के तीन करोड़ किसानों के लिए बेहतरीन शोध संस्थानों से अच्छी क्वालिटी के बीज उपलब्ध कराने के लिए तेजी से प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने ऑर्गेनिक प्रोडकट के सर्टिफिकेशन के लिए हर कृषि विज्ञान केंद्र और कषि विश्वविद्यालय में लैब की स्थापना करने के लिए भी कहा। सीएम योगी ने बताया कि सरकार प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दे रही है और इसमें गोवंश बहुत बड़ी भूमिका निभा सकता है।

# पीएम मोदी ने सद्गुरू नेत्र चिकित्सालय की नवीन विंग का किया लोकार्पण

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



परम पूज्य रणछोड़ दास द्वारा स्थापित श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट जानकी कुण्ड चित्रकूट में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट के प्रथम अध्यक्ष स्व सेठ अरविंद भाई मफतलाल की जन्म शताब्दी वर्षगांठ समारोह के अवसर पर आज पहुंच कर चित्रकूट के श्री सदगुरू सेवा संघ ट्रस्ट में पहुंच रघुवीर मंदिर में पूजा अर्चन की, उनके साथ मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान और मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगू भाई पटेल भी मौजूद रहे। प्रधानमंत्री ने सदगुरू नेत्र चिकित्सालय के मॉडल का अवलोकन कर नवीन जनरल चिकित्सालय विंग का उद्घाटन किया और अरविंद भाई की समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके बाद सदगुरू पब्लिक स्कूल के प्रांगण में भारतीय एंड मफत लाला स्मारक डाक टिकट का विमोचन किया। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरविंद भाई मफत लाल की मानव सेवा के लिए समर्पण भावना को बताते हुए कहा कि उन्होंने जो चित्रकूट क्षेत्र में 1968 में ट्रस्ट की स्थापना की, उस समय न रोड न बिजली, कोई व्यवस्था भी नही थी, फिर भी अरविंद भाई ने मानव सेवा के लिए जो त्याग और समर्पण किया वह स्मरणीय है। उन्होंने उनके जीवन को एक तपे हुए संत की तरह बताया। उन्होंने कहा कि हम अरविंद भाई की जन्म शताब्दी मना रहे है। उन्होंने अरविंद भाई के बारे में कहा कि देश की अर्थ व्यवस्था में और कृषि के क्षेत्र में अहम भूमिका रही है, उनके काम को आज भी लोग याद करते है। देश के बड़े बैंकों में भी उन्होंने नेतृत्व किया, उनके किए कार्य एक सामान्य प्रयास नहीं है। हमारे कमाए धन का सबसे प्रभावी संरक्षण त्याग है। हम सब उनकी प्रेरणा को आत्मसात करे। साथ ही उन्होंने नाना जी को प्रणाम करते हुए याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां के कामतानाथ महाराज सबकी विपत्तियों, संकट को दूर करने वाले है। इनके दर्शन मात्र से सारे कष्टों का विनाश होता है। नवीन विंग में जनरल, कार्डियो लाजिस्ट, न्यूरो लाजिस्ट, प्लास्टिक सर्जरी, यूरो लाजिस्ट, आर्थो, गैस्ट्रो लाजी, ईएनटी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी। ट्रस्ट और मफत लाल परिवार ने चित्रकूट क्षेत्र के लोगो की असुविधा को देखते हुए इसको बनाने का निर्णय लिया। इसके बनाने में अरविंद भाई मफत लाल परिवार, प्रमोद भाई हरियाणा परिवार जयपुर, बी के गौड़ परिवार दिल्ली, हरीश बलसारा ट्रस्ट, डा प्रकाश शाह अमेरिका, ललित जोबन पुत्रा परिवार मुंबई, प्रवीण वकील एवं विरायुश वकील परिवार, स्नेह लता बेन, गिरीश भाई एवं कल्पना पटेल परिवार, आनंद भाई संगीता पटेल परिवार मारुति ट्रस्ट, ललित भाई रीता जोबन पुत्रा परिवार, अशोक त्रिवेदी परिवार सहित तमाम गुरु भाई बहनों का सहयोग रहा है।

# डीएम ने राजनीतिक दलों के साथ की निर्वाचन सम्बन्धी बैठक



जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में निर्वाचन के सम्बन्ध में राजनीतिक दलों के साथ बैठक जिला कलेक्टरेट सभागार में हुई।

बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि 18 से 19 वर्ष के जो युवा वोटर हैं, उनको ज्यादा से ज्यादा जोड़ने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि महिला वोटर पर विशेष फोकस भी दें। जनपद का वोटर प्रतिशत में रेशियों कम है, अन्य जनपद से कंपेयर कर हमें इसे बढ़ाना है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से कहा कि कोई भी समस्या हो तो अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, एआरओ से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों से कहा कि पारदर्शिता के साथ सहयोग करें व वाटर रेसियो को बढ़ाएं। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि बीएलओ के साथ मीटिंग करें एवं लक्ष्य दीजिए। उन्होंने कहा कि जो मतदाता की मृत्यु हो गई है, उन पर भी विशेष ध्यान दें। इनके नाम से ही अधिक फर्जी वोट पड़ते हैं। कहा कि लिपिकीय त्रुटियां को भी शुद्ध कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि फार्म 8 पर भी विशेष फोकस दें।

इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व वंदिता श्रीवास्तव, उप जिलाधिकारी कर्वी सौरव यादव, राजापुर प्रमोद कुमार झा, मऊ राकेश कुमार पाठक, मानिकपुर राम जन्म यादव, जिला भाजपा उपाध्यक्ष हरि ओम करवरिया, जिलाध्यक्ष कांग्रेस कुलदीप सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष समाजवादी नरेंद्र यादव, जिलाध्यक्ष आम आदमी पार्टी संतोषी लाल शुक्ला, जिलाध्यक्ष अपना दल राम सिया पटेल, जिलाध्यक्ष बहुजन समाज पार्टी शिव बाबू वर्मा आदि मौजूद रहे।

# अब चित्रकूट के छात्र-छात्राएं भी बन सकेंगे चार्टर्ड एकाउंटेंट: मनीषा गर्ग

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया के तत्वावधान में जिला मुख्यालय में कैरियर काउंसिलिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। जिसमें संस्थान की प्रतिनिधि के रूप में सी.ए. मनीषा गर्ग ने छात्र-छात्राओं को चार्टर्ड एकाउंटेंट काउंटेंट के क्षेत्र में किस तरह कैरियर बनाने का अवसर के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि यह बच्चों के लिए बहुत ही लाभकारी और जीवन में एक अच्छा मुकाम हासिल करने वाला सिद्ध होगा। उन्होंने बहुत ही प्रभावी ढंग से बच्चों को चार्टर्ड एकाउंटेंट बनकर देश के आर्थिक विकास में योगदान देने के लिए भी मार्गदर्शन किया। मनीषा गर्ग चार्टर्ड एकाउंटेंट ने कहा कि यदि इच्छा शक्ति है तो बाधाएं किसी का मार्ग रोक नहीं सकती हैं, यदि आप यह ठान लें कि हमें चार्टर्ड एकाउंटेंट बनना है तो न आर्थिक आड़े आएगी और न ही कोई बाधा। उन्होंने कहा कि यदि किसी छात्र के समक्ष पढ़ाई के समय आर्थिक संकट आएगा तो वह किसी न किसी तरह उस छात्र को मदद दिलाने का भी काम करेंगी। उनका कहना है कि चित्रकूट जैसे पिछड़े क्षेत्र से भी छात्र छात्राए चार्टर्ड एकाउंटेंट बनें, उनकी यह हार्दिक अभिलाषा है। इसलिए वह छात्र-छात्राओं को लगातार कैरियर काउंसलिंग प्रोग्राम आयोजित कर आगे बढ़ाने और मार्गदर्शन देने का काम कर रही हैं। उन्होंने मार्गदर्शन और प्रेरणा के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से चार्टर्ड एकाउंटेंट की महत्ता को प्रभावी ढंग से बच्चों तक पहुंचाने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि यह प्रोग्राम यहां के छात्र छात्राओं के लिए वरदान साबित होगा। छात्र छात्राएं चार्टर्ड एकाउंटेंट की ओर भी अपना कैरियर बनाने के लिए आगे बढ़ेंगे।

## जिलाधिकारी ने स्टांप मामलों का किया स्थलीय निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शुक्रवार को तरौहा रूरल, सीतापुर रूरल, कोल गदहियां तहसील कर्वी में स्टांप से सम्बन्धित प्रकरण की बड़ी मालियत के पंजीकृत अभिलेखों का मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने तरौहा के विक्रेता चन्द्रपाल एवं क्रेता मिथलेश कुमारी एवं कोलगदहिया के विक्रेता शकुंतला सिंह, ममता सिंह एवं क्रेता सुधा सिंह, सीतापुर में विक्रेता वंश गोपाल व अरविंद पुत्रगण लालमणि एवं क्रेता दीपा अमरनानी के प्लाटों का निरीक्षण किया। जिसमें तरौहा के सम्बन्ध में उन्होंने उपनिबंधक कर्वी से कहा कि इन गाटाओं में आवासीय रेट लगाया गया है कि नहीं। जिस पर उप निबंधक ने बताया कि इस पर आवासीय रेट ही लगाया गया है। इस मौके पर उप जिलाधिकारी कर्वी सौरभ यादव, अपर उप जिलाधिकारी विवेक सिंह, उप निबंधक कर्वी राजेश सिंह आदि मौजूद रहे।

# मेरी माटी मेरा देश कलश यात्रा को डीएम ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा के लिए लखनऊ, दिल्ली जाने वाले प्रतिभागियों, स्वयंसेवकों को शुक्रवार को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने हरी झण्डी दिखाकर अमृत कलश यात्रा का शुभारम्भ किया। जनपद के एक नगर पालिका परिषद, तीन नगर पंचायतों और पांच विकासखण्डों से आए अमृत कलश जिनको जनपद स्तर पर आयोजित वन्दनोत्सव कार्यक्रम स्थान गणेश बाग में समारोहपूर्वक सांसद आरके सिंह पटेल और मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की उपस्थिति में आयोजित कर अमृत कलश यात्रा के लिए रक्षित किए गए। जनपद स्तरीय कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी राजकुमार त्रिपाठी, उपायुक्त श्रम एवं रोजगार धर्मजीत सिंह, उपायुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ओम प्रकाश मिश्रा, क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी अनुपम श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। प्रतिभागी, स्वयंसेवक जनपद से अमृत कलश यात्रा के लिए एक नगर पालिका परिषद, तीन नगर पंचायतों और पांच विकासखण्डों से युवा कल्याण विभाग द्वारा भेजे गए है, जिनके द्वारा लखनऊ और दिल्ली में आयोजित मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम अन्तर्गत आयोजित विविध कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया जाएगा। जिसमे प्रतिभागी, स्वयंसेवकों मनीष कुमार युवक मंगल दल खुटहा कर्वी, राजीव कुमार युवक मंगल दल जमहिल पहाडी, वेदिका पाण्डेय महिला मंगल दल भौरी मानिकपुर, रितिक मिश्रा युवक मंगल दल कोनिया मऊ, क्षमाशील युवक मंगल दल करौदीकला रामनगर, कौशल किशोर नगर पालिका कर्वी, भोलानाथ गुप्ता नगर पंचायत राजापुर, विजय कुमार नगर पंचायत मऊ, राहुल अग्रहरि नगर पंचायत मानिकपुर रवना आदि हुए। इस मौके पर क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी विजय कुमार, जिला सूचना अधिकारी सुरेन्द्र कुमार, जिला युवा कल्याण अधिकारी शैलेश कुमार उपाध्याय, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी अखण्ड प्रताप मऊ, कनिष्ठ सहायक सिद्धार्थ निगम, कार्यक्रम में नामित नोडल अधिकारी उदयमान आदि मौजूद रहे।

## मत्स्य योजना के तहत डीएम ने वितरित की चाबी

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में चयनित लाभार्थियों को जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने शुक्रवार को कलेक्टरेट परिसर में मोटर साइकिल विद आइस बॉक्स, साइकिल विद आइस बॉक्स को चाबी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मोटरसाइकिल विद आइस बॉक्स, साइकिल विद आइस बॉक्स के माध्यम से लाभार्थियों द्वारा डोर टू डोर ताजी मछली बिक्री का कार्य किया जाएगा। जिससे मत्स्य व्यवसाय से रोजगार कर अपनी आय को दोगुनी कर सकेंगे। इस मौके पर सहायक निदेशक मत्स्य चित्रकूट भानु चन्द्रा, मत्स्य विकास अधिकारी दीपक मिश्रा, शेष नाथ आदि मौजूद रहे।

# वृक्ष संरक्षण करने वाले को किया गया सम्मानित

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

उत्तर प्रदेश सरकार की विरासत वृक्ष अंगीकरण योजना में 100 साल से ज्यादा आयु के 28 प्रजाति के वृक्षों को विरासत वृक्ष घोषित किया है। विरासत वृक्ष के कृष्ण कदम नाम का वृक्ष या तो मथुरा वृंदावन में पाया जाता है या फिर भौंरी गांव सभा में काली देवी पहाड़ में पाया जाता है। जिसके संरक्षण के लिए शंकरलाल कुशवाहा ने जिलाधिकारी को अवगत कराया। विरासत वृक्ष की पूजा-अर्चना भरद्वाज आश्रम के शंकराचार्य एवं उनके अनुयाइयों द्वारा काली देवी पहाड़ में विधि विधान से की गई।

शंकराचार्य महाराज ने कहा कि भौंरी गांव का काली देवी पहाड़ 100 वर्ष आयु से ज्यादा के कृष्ण कदम वृक्षों का बाग संरक्षित करके भारतीय संस्कृति को जीवंत बनाए हैं। इस प्रयास में वृक्ष संरक्षण समिति चित्रकूट के आस्थावान लोगों का प्रयास भारत में एक मील का पत्थर बनेगा। स्वामी शंकराचार्य ने शंकरलाल कुशवाहा को प्रशस्ति देकर सम्मानित किया। विरासत वृक्ष संरक्षण समिति चित्रकूट के संस्थापक सदस्य शंकरलाल कुशवाहा ने बताया कि सरकार की इस योजना से 100 वर्ष आयु से ज्यादा समय के वृक्षों को संरक्षित करने की आवश्यकता है, तभी प्रदूषण मुक्त वातावरण बन सकता है। वृक्षों के संरक्षण में काफी कमी आई है। इसी वजह से आज अकाल, अतिवृष्टि आदि की समस्याओं से किसान जूझ रहे हैं। संरक्षण समिति के संरक्षक अभिमन्यु सिंह ने कहा कि यदि वृक्ष संरक्षित है तो जल संरक्षण होगा और प्रदूषण मुक्त होगा। आज जिले की नदियां प्रदूषित हो रही है। इलाहाबाद विश्वविद्याय के पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष रघुनाथ द्विवेदी ने कहा कि हमें आगे की पीढ़ी को संस्कारवान बनाना है तो जल और वृक्ष संरक्षित करना होगा। इस मौके पर पूर्व प्रधान मनीष मिश्रा आदि मौजूद रहे।

## फलफूल रहा झोलाछाप डॉक्टर व अवैध नर्सिंग होमों का अवैध खेल

**जन एक्सप्रेस/फतेहपुर।** जनपद मे लगातार अवैध नर्सिंग होमो की आड मे अनैतिक कार्यो के साथ आम लोगो के जीवन से खिलवाड की शिकायतो के बाद भी रुकने का नाम नही ले रहा। जहां प्रदेश सरकार के सख्त निर्देशो ने बाद भी जिला स्वास्थ प्रशासन हीलाहवाली नही बाज आ रहा और शहर मुख्यालय सहित तहसील मुख्यालय कस्बो, ग्रामीण क्षेत्रो मे नर्सिंग होमों के साथ छोलाछाप डाक्टरो की दुकाने सजी है। जिनमे जीवन के खिलवाड़ सहित प्रतिबन्धित एबार्सन सहित तमाम अनैतिक कामों को अन्जाम दिया जा रहा है। जनपद में अवैध रूप से चलने वाले नर्सिंग होम व झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध एक अभियान चलाकर बंद करवाने का दावा किया जाता है लेकिन आज भी यथावत अवैध नर्सिंग होमों सहित छोलाछाप डाक्टरो की मौत की दुकाने चल रही है। वही विभाग की कार्यशैली मे प्रश्न चिन्ह लग रहा है। विभाग के कर्मचारियों का रवैया तो इतना खराब हो गया है कि जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गई जानकारी को भी देना वह जरूरी नहीं समझते। तभी तो जनपद में झोलाछाप डॉक्टरों की फौज आए दिन मरीज के तीमारदारों को लूटने का काम कर रहे हैं।

# जिला कारागार में बंदियों को दी गयी विधिक जानकारी

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायाधीश-जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रणंजय कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन में जिला कारागार में निरूद्ध विचाराधीन बंदियों को उनके विधिक जागरुकता शिविर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शिविर में विचाराधीन बन्दियो को उनके विधिक अधिकारों विषय पर जागरूक करते हुए बताया गया कि प्रत्येक बंदी को कानून में विभिन्न प्रकार के विधिक अधिकार प्राप्त हैं। जैसे किसी बंदी के पास अधिवक्ता नहीं होता है तो जेल अधीक्षक के माध्यम से कार्यालय जिला विधिक सेवा को निःशुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने का प्रार्थना पत्र दे सकते हैं। वर्तमान समय में लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के माध्यम से निःशुल्क पैरवी कराई जा रही है। प्रत्येक बंदी को अपने घर वालों से मुलाकात करने का अधिकार, पढ़ने का अधिकार, फोन पर अपने परिजनों से बात करने का अधिकार, इलाज करायें जाने का अधिकार व अन्य कानूनी सहायता प्राप्त करने का अधिकार आदि प्राप्त है।

शिविर में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सचिव नित्या पाण्डेय, जेल अधीक्षक मो0 अकरम खान, जेलर सुरेश चन्द्र, डिप्टी जेलर रवि शंकर तिवारी व जेल पीएलवी आदि उपस्थित रहे।

# जिम्मेदारों की सांठ-गांठ से हो रहा वनों का कटान, पर्यावरण प्रभावित

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

रक्षक ही भक्षक बन जाये तो कौन रक्षा करेगा। जहॉ वनो की रक्षा और वनो को तैयार करने के लिए शासन ने वन विभाग सहित अन्य को रक्षा की जिम्मेदारी दिया है। वही वन विभाग सहित ईलाकाई थाना पुलिस के साठँ-गॉठ से हरे पेडो का कटान कराया जा रहा है। जिससे पर्यावरण का सन्तुलन लगातार बिगडा ही जा रहा है। परिणामतः असन्तुलित वर्षा, जीवन रक्षक जडी-बूटी, फसलो की रक्षा वाले जीवाडुओ की सख्या मे गिरावट होती जा रही है। वही जिम्मेदार विभाग कागजी ऑकडे दर्शाकर चैन की बंसी बजा रहा है।

जहॉ शासन द्वारा बनाये जा रहे राजमार्गो और ग्रामीण क्षेत्रो मे फैलाये जा रहे बिजली सडक मार्गो मे पेड पौधो का कटान तेजी से किया जा रहा है और तमाम सरकारी योजनाओ से जल संचय केन्द्रो आदि के किनारे पेडो का कटान किया जा रहा है। वही वन विभाग तथा ईलाकाई पुलिस की सॉठ-गॉठ से कटान ठेकेदारो द्वारा वनो के कटान का सिलसिला भी तेजी से चल रहा है। विभिन्न थाना क्षेत्र मे दिनदहाडे विभागीय लोगो की सॉठ-गॉठ से हरे पेडो का कटान बडे स्तर पर किया जा रहा है। जिससे पेडो की सख्या लगातार कम होती जा रही है। वही पेड़ों के लगाने की व्यवस्था में लचर नीति अपनायी जा रहा है। सरकारो द्वारा पर्यावरण के सुधारने के नाम पर पेडो के लगाने के लिए करोडो रुपये प्रति वर्ष खर्च किये जा रहे है लेकिन पौधा रोपड का कार्य हकीकत के बजाय फाईलो और सरकारी ऑकडो मे ज्यादा किया जा रहा है। पर्यावरण के रक्षा के लिए सरकार की मनरेगा योजना से तालाबो की खुदाई करायी जा रही है। जिसमे लाखो करोडो का खर्च प्रति वर्ष आ रहा है लेकिन योजना का लाभ प्रधानो और सम्बन्धित विभाग के आलाधिकारियो सहित विभागीय लोगों की जेबें गर्म होकर ग्राम क्षेत्र के बजाय विभागीय लोगो का स्वरुप तेजी से बदल रहा है। इसी प्रकार पुरानी सभ्यता की यादगार एवं पर्यावरण के सन्तुलन को बनाये रखने वही नदियो का नामो निसान खत्म होने के कगार पर पहुँच गयी है। सरकारो सहित आम जनो को पर्यावरण के प्रति अपनी सोच बदलनी होगी और पर्यावरण के रक्षा के लिए अहम् रोल अदा करना होगा। पर्यावरण दिवस मे एक पौध लगा देने मात्र से आपकी जिम्मेदारी समाप्त नही हो रही बल्कि शहरो के बजाय ग्रामीण क्षेत्रो मे सरकारी भूमि मे पौध रोपड आदि की सरकारो को छूट देनी होगी और पर्यावरण के प्रति जागरुकता के ठोस कदम उठाने होगे और पेडो के कटान पर रोक लगानी होगी।


## कार्यालय: ग्राम पंचायत-कैलाहा, मानिकपुर (चित्रकूट)

पत्रांक: मेमो/मनरेगा/निविदा/2023-24 दिनांक: 27-10-2023

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कैलाहा, विकास खण्ड मानिकपुर के अधीन उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष निम्नलिखित कार्यों को कराये जाने हेतु विभिन्न विभागों में पंजीकृत फर्मों/सप्लायरों से दिनांक 03.11.2023 को अपराहन 2:00 बजे तक निम्न विवरण के अनुसार निविदाएं आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 03.11.2023 को अपरान्ह 4:00 बजे ग्राम पंचायत की (टेन्डर समिति) द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक 28.10.2023 से दिनांक 03.11.2023 को अपराहन 1.00 बजे तक कार्यालय कार्य दिवस में ग्राम पंचायत कैलाहा से निविदा प्रपत्र मूल्य की अदायगी कर क्रय किये जा सकते हैं।

| क्र0 | ग्रा0पं0 का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | कार्य की मात्रा | स्वीकृत लागत | 2 प्रति0 जमानत धन0 | टेण्डर फार्म शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | कैलाहा | मनरेगा | ग्राम पंचायत कैलाहा में अमृत सरोवर मोती तालाब में झण्डा रोहण 02 नग चबूतरा 50 नग ट्री गार्ड का निर्माण कार्य। | प्राक्कलन अनुसार | 3.90 लाख | 7080.00 | 500.00 |

**निविदा शर्तें :-** 1- टेन्डर दाताओं को सलाह दी जाती है कि कार्यस्थल का भलीभांति निरीक्षण कर लें। 2- समस्त कार्य उ0प्र0 लो0नि0वि0 की विस्तृत विशिष्टियों के आधार पर ही स्वीकार होंगे। 3- निविदा डालने से पूर्व कार्यस्थल, कार्य की प्रकृति एवं निविदा की शर्तों को भलीभांति अध्ययन कर लें। 4- सशर्त निविदा सील कर दी जायेगी। 5- अपूर्तिकर्ता को दरें शब्दों एवं अंकों में अंकित करनी होगी। 6- दरों में कटिंग/ओवर राइटिंग मान्य नहीं होगी। 7- यदि किसी टेन्डर में दो अपूर्तिकर्त्ता की दरें एक ही आती हैं तो ऐसे केस में ग्रा0पं0 का निर्णय अन्तिम होगा। 8- निविदा में अंकित मात्रा में बढ़ोत्तरी/घटोत्तरी किसी भी सीमा तक की जा सकती है। 9- निविदा दाता को निविदा के साथ रू0100 का एक नॉन ज्युडिशियल स्टाम्प पेपर में एक रु0 के रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर सहित एवं वांछित धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा। 10- वांछित धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र डाकघर पासबुक या बैंक की एफडीआर के रूप में पदनाम बन्धक कराकर संलग्न करना होगा। 11- अपूर्तिकर्ता के देयक से रायल्टी आयकर एवं बिक्रीकर एवं अन्य की संबंधित शासनादेश के अनुसार नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। 12- अपूर्तिकर्ता अपना सही पोस्टल पता अनुबन्ध पर लिखें यदि इस पते पर लिखे पते पर कोई पत्र भेजा जाता है और पत्र आपूर्तिकर्ता को नहीं मिलता तो उसको प्राप्त माना जायेगा। 13- भुगतान माप पुस्तिका के अनुसार किया जायेगा।

**ग्राम प्रधान: कमला देवी**
ग्राम पंचायत: कैलाहा
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट

**ग्राम विकास अधिकारी: जय प्रकाश भारतीय**
ग्राम पंचायत: कैलाहा
वि.खं.: मानिकपुर, जनपद: चित्रकूट


# कुटीर उद्योग की तरह धधक रही शराब भट्ठियां व जम रही जुआ की फड़ें

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

विभिन्न थाना क्षेत्रो मे चिन्हित गॉवो मे कुटीर उद्योग की तरह ही शराब भट्ठियॉ संचालित हो रही है। जिसमे पुरुष ही नही महिलाये भी बडी सख्या मे अबैध व्यापार मे लिप्त है। वही थाना पुलिस अपनी कर्मठता को प्रमाणित करने के लिए कभी-कभार छापेमारी दिखा शराब करोबारियो पर सिकंजा कसने का प्रहसन करती रहती है। जब कि अबैध शराब सहित चिन्हित स्थानो पर जुआ की फडे संचालित होना आम होता जा रहा है। इन अबैध व्यापारो मे खादी और खाखी का पूर्ण वरद्हस्त प्राप्त है।

जानकार सूत्रो के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार शहर मुख्यालय सहित खागा, किशनपुर, खखरेडू, धाता, बिन्दकी, ललौली सहित अनेक थाना क्षेत्रो मे अबैध शराब भट्ठियो के साथ बडी मात्रो मे जुआ की फडे संचालित हो रही है। एक तरफ जहॉ सत्ता की खाखी का बरद्हस्त प्राप्त हो रहा है। वही खाखी की भी मुठ्ठी गर्म करके अनैतिक काम को अंजाम दिया जा रहा है। आलम तो यह है कि जुआ की एक-एक फडो मे लाखो के वारे-न्यारे हो रहे है। सूत्रो की माने तो गैर जनपदो तक के जुआ प्रेमी अपनी किस्मत अजमाने जनपद की फडो तक पहुॅच रहे है। जब कि अबैध शराब निर्माताओ का भी कुछ ऐसा ही हाल है कि ग्रामीण क्षेत्रो मे शराब भठ्ठियॉ संचालित करके अबैध शराब का निर्माण करके गैर जनपदो तक बिक्री कर रहे है। जब कि महिलाये घर और आस-पास के क्षेत्रो मे अबैध शराब की सप्लाई करके लोगो को शराब का आदी बना रही है। आश्चर्य तो तब होता है।


आज़ादी का अमृत महोत्सव

## उत्तर रेलवे

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु **ई-निविदा** प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **दिनांक 20.11.2023** को **15.00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें, यदि कोई मैनुवल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | |
|---|---|
| 1 | **निविदा सूचना संख्या :** 13702023 दिनांक 26.10.2023 |
| 2 | **निविदा संख्या :** 02/ DEN-T/LKO/2023-24 |
| 3 | **कार्य का नाम :** लखनऊ मण्डल में दो वर्षों की अवधि के लिये निविदा की विशेष शर्तों के अनुसार ट्रैक निरीक्षण की प्रभावशाली मानीटरिंग एवं कीमैन/पेट्रोलमैन के गश्त की गतिविधियों की जी.पी.एस. आधारित ट्रैकिंग प्रणाली साथ में सम्पूर्ण हार्डवेयर, साफटवेयर, रिपोर्ट का जेनरेशन, मैनपावर एवं अन्य सम्बद्ध सेवाओं का प्रावधान। |
| 4 | **अनुमानित लागत :** रु. 80,79,690.80 |
| 5 | **धरोहर राशि :** रु. 1,61,600.00 |
| 6 | **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से चौबीस माह। |
| 7 | **निविदा डालने का प्रारंभ :** 06.11.2023 |
| 8 | **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 20.11.2023, 15:00 बजे |
| 9 | **बेबसाईट :** www.ireps.gov.in |

नोट:- 1. निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त बेबसाईट पर उपलब्ध है। **3349/2023**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार, अगले पांच दिनों में हल्के से मध्यम बादल छाए रहने के आसार हैं दिनाँक 16-20 सितम्बर, 2023 के मध्य तेज हवाओं एवं मेघ गर्जना के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम बारिश की कोई संभावना है।

अधिकतम (डिग्री०से०) : 32.2 (+1.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री०से०) : 13.0 (-3.2)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 86 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 32 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.0 कि०मी०/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पूर्व
वर्षा (मि०मी०) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# केडीए: जोन एक में कथित भाजपा नेता की शह पर अवैध निर्माण कर बिल्डर ने सरकार को लगाया करोड़ों का चूना

✱ वर्षों पुराने बने अपार्टमेंट के पूर्व में नक्शा पास कराने के समय छोड़े गए साइड सेट बैक और पार्किंग की जमीन में कराया नक्शा पास फिर डाल लिया अवैध अतिरिक्त तल

**जन एक्सप्रेस । कमलेश फाइटर**

कानपुर नगर। शहर में आज उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक बड़े सम्मेलन को आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले संबोधित करने आ रहे हैं। हमेशा से ही योगी आदित्यनाथ जनता के द्वारा अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को लेकर ही पसंद किए जाते रहे हैं। लेकिन नगर के कानपुर विकास प्राधिकरण में योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति पूर्ण रूप से फेल हो चुकी है। जिसका जीता जागता उदाहरण जोन एक के कई निर्माण बन चुके हैं। इन अवैध निर्माणों में सिर्फ भ्रष्टाचार प्रवर्तन विभाग के द्वारा ही नहीं किया गया है बल्कि नक्शा विभाग के अधिकारी भी बराबर के शरीक हैं। ज्ञातव्य हो कि अभी हाल ही में कानपुर विकास प्राधिकरण (के.डी.ए.) के नक्शा विभाग का भ्रष्टाचार जमकर चर्चा में आया था जहां कॉरपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाने के लिए नियम कानून को ताक पर रखते हुए नक्शे पास किए गए थे जिन्हें निरस्त भी किया जा चुका है। नक्शा विभाग ने तो हद ही कर डाली थी जब शिवाजी गेट स्थित मेट्रो स्टेशन के ठीक बगल में एक बिल्डर को लाभ पहुंचाने के लिए नक्शा पास कर दिया था। जब खबरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो तत्काल उस पर जोन एक प्रवर्तन विभाग ने पट्टा पहनाकर सील की कार्रवाई की थी।

**सरकार और प्राधिकरण को करोड़ों के राजस्व को लगवाया चूना**

कानपुर विकास प्राधिकरण में तैनात कुछ जिम्मेदारों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया है कि इस अवैध निर्माण और अतिरिक्त तल से जहां एक ओर बिल्डर करोड़ों के वारे न्यारे करेगा तो वहीं दूसरी ओर केडीए और सरकार को करोड़ों के राजस्व की क्षति हुई है। मामले में प्रवर्तन अधिकारी जोन एक रवि प्रताप सिंह से मौखिक वार्ता की गई तो उन्होंने कहा कि जॉच करवायेंगे अगर मामला सही पाया गया तो अवैध निर्माण पर कार्यवाही शुरू होगी।





**पार्किंग में नक्शा किया गया पास**

आज जन एक्सप्रेस शासन प्रशासन की नींद एक ऐसे अवैध निर्माण को दिखाकर खोलने जा रहा है जो पार्किंग और पूर्व निर्माण के दौरान सेट बैक दिखाकर जगह छोड़ी गई थी। उसी पार्किंग और सेट बैक की जमीन पर कानपुर विकास प्राधिकरण के जोन एक में नक्शा विभाग द्वारा ग्राउंड प्लस तीन मंजिला निर्माण पास कर दिया गया। और इस निर्माण को करने के बाद बिल्डर ने चौथा अतिरिक्त ताल भी गैर कानूनी तरीके से डाल दिया है जितने भी जिम्मेदार हैं उन्हें जानकारी होने के बाद भी वह कुछ नहीं कर पाए हालांकि यह बात नहीं है कि सिर्फ जोन एक में ही अवैध निर्माण होते हैं और अतिरिक्त तल पड़ते हैं लेकिन इस निर्माण का जिस तरह नक्शा पास कराया गया और फिर उसके बाद जिस तरह गैरकानिनी तरीके से एक अतिरिक्त तल डाला गया है यह बड़े शर्म की बात है सरकार के लिए भी और प्राधिकरण के लिए भी क्योंकि प्राधिकरण की साख पर पूर्ण रूप से बट्टा तो लगा ही लगा है जीरो टॉलरेंस नीति की जो बात सरकार करती है वह भी सवालों के घेरे में है। अगर आप कानपुर विकास प्राधिकरण के इस भ्रष्टाचार को देखना चाहते हैं तो आपको जाना पड़ेगा जोन एक स्थित स्वरुप नगर एरिए में जहां 7/137 भूखंड के पार्ट पर बहुत बड़ा बहुमंजिला निर्माण वर्षों पूर्व से बना हुआ है जिसे आप अपार्टमेंट भी कह सकते हैं। इसी अपार्टमेंट के चारों ओर जो जगह सेट बैक और पार्किंग के लिए छोड़ी गई थी इस पार्किंग और सेटबैक की जगह में नक्शा विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों ने आंखों पर पट्टी बांधकर ग्राउंड प्लस तीन मंजिली इमारत के निर्माण की अनुमति दे डाली। जब अनुमति मिली तो चारों ओर से सेट बैक कवर करते हुए नए नक्शे के विपरीत जाकर बिल्डर ने अवैध निर्माण कर डाला। और एक कथित भाजपा नेता की कर सरपरस्ती में अवैध रूप से अतिरिक्त तल भी डाल लिया।

# 11वीं शरीफ पर कानपुर में शान ओ शौकत से निकाला गया जुलूस-ए-गौसिया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



वाह क्या मर्तबा ऐ गौस है बाला तेरा, ऊंचे ऊंचों के सिरों से है कदम आला तेराऽ ग्यारहवीं शरीफ पर हजरत गौसे आजम शेख अब्दुल कादिर जिलानी की याद में निकाले गए जुलूस ए गौसिया में पूरे शहर में नारे बुलंद हो रहे थे। अल मदद अल मदद या गौस अल आजम अल मदद की आवाज गूंज रही थी। अकीदतमंद हाथों हरे झंडे लिए गौस-ए-आजम की शान बयां करते चल रहे थे।

ग्यारहवीं शरीफ पर गौस-ए-आजम हजरत अब्दुल कादिर जीलानी की याद में जुलूस ए गौसिया कर्नलगंज तिकोनिया पार्क,नीची सड़क, कारी साहब का पार्क, चूड़ी मोहाल बजरिया, छिपयाना नीली पोस्ट रोड, कागज़ी मोहाल, शफी होटल, डॉ बेरी का चौराहा, रूपम चौराह, गुलाब घोसी मस्जिद, मोहम्मद अली पार्क, हलीम कॉलेज चौराहा, फहिमाबाद मस्जिद, तिकुनिया पुरवा चौराहा, इकबाल लाइब्रेरी, बांस मंडी चौराहा, रहबी रोड, नई सड़क,पेचबाग ,दादा मियां चौराहा,तलाक महल,रेडीमेड बाजार बाबा स्वीट, रहमानी मार्केट, कस्ताना रोड,होते हुए मगरिब की नमाज अदा करने के बाद अंजुमन गौसिया के दफ्तर पर सलातो सलाम के बाद मुकम्मल हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में अकीदतमंद शामिल हुए है। ग्यारहवीं शरीफ पर जलसे आयोजित कर हजरत गौस-ए-आजम की शान बयां की गई। घरों, खानकाहों, व मस्जिदों में नजर दिलाकर तबर्रुक बांटा गया। बड़े पीर साहब के नाम से मशहूर गौस-ए-आजम हजरत शेख अब्दुल कादिर जीलानी की याद में अरबी महीने रबी-उस्सानी की ग्यारह तारीख को ग्यारहवीं शरीफ मनाई जाती है। ग्यारहवीं शरीफ के मौके पर शुक्रवार को आल इंडिया सुन्नी जमीयत उलमा व अंजुमन गौसिया ने कर्नलगंज तिकुनिया पार्क से जुलूस-ए-गौसिया निकाला।

## मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल चालक को मारी टक्कर, हालत गंभीर

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर।**

बिल्हौर कोतवाली क्षेत्र के बीबीपुर रेलवे क्रॉसिंग के निकट साइकिल सवार बीबीपुर निवासी 50 वर्षीय अभय कुमार द्विवेदी पुत्र यज्ञ दत्त द्विवेदी अपने गांव बीबीपुर जा रहे थे क्रॉसिंग के निकट पहुंचते ही मोटरसाइकिल सवार ने साइकिल मे जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि साइकिल सवार उछलकर दूर जा गिरा राहगीरों ने मोटरसाइकिल सवार को मोटर साइकिल सहित पकड़ लिया और घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां पर डॉक्टरों ने सर में अधिक चोट होने की वजह से एंबुलेंस से तत्काल कानपुर रेफर कर दिया वहीं पर राहगीरों ने मोटरसाइकिल सवार को पुलिस को सूचित कर गिरफ्तार करा दिया पुलिस ने थाने में मोटरसाइकिल सहित युवक को बैठा लिया है। कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया की प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकद्रमा पंजीकृत किया जा रहा है।

# कंपू में आज दिखाई देगा चंद्र ग्रहण

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



पूरे भारत देश में इस साल का दूसरा चंद्र ग्रहण 28 और 29 अक्टूबर की मध्य रात्रि से लगेगा। खगोलीय घटनाओं में दिलचस्पी रखने वाले लोगों के लिए यह गजब का एक सुनहरा मौका हो सकता है। जनपद कानपुर में यह चन्द्र ग्रहण आधी रात के बाद दिखाई देगा। उक्त जानकारी बीते दिन शुक्रवार को चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ.एस.एन.सुनील पांडेय द्वारा दी गई। उन्होंने यह भी बताया कि बीते सप्ताह अमेरिका में सूर्य ग्रहण लगा था, जिसके 14 दिनों बाद अब भारत में चंद्र ग्रहण लगने जा रहा है। 28 और 29 अक्टूबर की आधी रात को लगने वाला यह आंशिक चंद्र ग्रहण होगा। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के मुताबिक पूर्णिमा के दौरान चंद्र ग्रहण लगता है। चंद्रमा और सूर्य के बीच जब पृथ्वी आ जाती है, तो ग्रहण लगता है। जब पृथ्वी की छाया चांद पर पड़ती है, तो चांद हमें लाल रंग का नजर आता है। पृथ्वी की दो तरह की छाया, पहली पेनुम्ब्रा और दूसरी उम्ब्रा पड़ती है। बाहरी या हल्की छाया पेनुम्ब्रा होती है, जिसे उपच्छाया चरण कहते हैं। 28 अक्टूबर की रात साढ़े 11 बजे के बाद चंद्रमा इसमें प्रवेश करेगा। इसके बाद 29 अक्टूबर को रात को एक बजकर पांच मिनट पर चांद उम्ब्रा में प्रवेश करेगा। पृथ्वी की गहरी परछाई उम्ब्रा होती है। उम्ब्रा में चांद एक घंटा 19 मिनट रहने के बाद 2:24 बजे के बाद इससे बाहर आ जाएगा।

# सचेंडी में नाबालिग से छेड़छाड़ आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

महिला अपराधों पर लगाम लगाने के लिए जहां उत्तर प्रदेश सरकार महिलाओं को जागरूक कर रही है। उन्हे तत्काल पुलिस सहायता प्रदान करने के लिए सहायता हेल्प लाइन नंबर प्रदान किए वहीं पुलिस भी मोहल्ले मोहल्ले जाकर महिलाओं से मीटिंग कर उन्हे उनकी समस्या बताने की बात कर रही है। वहीं सख्ती के बावजूद बेखौफ शोहदे अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं और आए दिन महिलाओं और युवतियों के साथ छेड़छाड़ करते हैं। कुछ युवतियां और महिलाएं लोक लाज के डर से जहर का घूंट पीकर चुप हो जाती हैं या परिजन उन्हें चुप करा देते हैं। लेकिन वहीं अधिकतर महिलाएं अपने साथ होने वाली अपराधिक घटनाओं में खुल कर सामने आ कर पुलिस सहायता ले रही हैं। ऐसे ही छेड़छाड़ के एक मामले में सचेंडी थाना पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकद्दमा दर्ज किया है। थाना सचेंडी निवासी पीड़िता की मां ने बताया कि उसकी पुत्री की उम्र 16 वर्ष है।बीते गुरुवार को देर रात मेला देख कर घर लौट रही थी। गांव के ही दो मनचले युवक कुलदीप और सोनू ने उनकी पुत्री को रास्ते में रोक लिया और जबरदस्ती मोटर साइकिल में बैठाकर खाली प्लाट में ले गए जहां कपड़े फाड़ कर जबरदस्ती करने लगे। किसी तरह अपने आपको बचा कर घर पहुंची तो घटना की जानकारी हुई जिसके बाद पुलिस से लिखित शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ मुकद्दमा दर्ज कराया है।

## कल्याणपुर में बंद घर से लाखों की चोरी

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में देर रात चोरों ने बंद घर से नकदी सहित ज्वैलरी पार कर दी।परिजन वापस घर आए तो घर और बक्से का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए वहीं पाई पाई जोड़ कर बनाई संपत्ति चोरी होने पर महिला दहाड़े मार कर रोती रही। मूलरूप से थाना बिठूर टिकरा निवासी धीरज ने बताया कि वह अपनी पत्नी ज्योति भाई प्रांशु और छोटे बेटे के साथ आवास विकास सेक्टर 1 राम प्रकाश के निर्माणाधीन मकान में रह कर महाराणा प्रताप स्कूल के पास सब्जी की दुकान लगाते हैं। कल पूरा परिवार टिकरा गया था। आज वापस लौटे तो जानकारी हुई। घर में रखे बक्से से तीन सोने की अंगूठी, 1 जोड़ी बुंदे मंगलसूत्र, सोने की चूड़ी सहित पचास हजार की नकदी चोरी हो गई है।

# यू.पी.लेबर डिपार्टमेंट मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन का विशाल प्रदर्शन



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

श्रम विभाग कर्मचारी संघ के आवाहन पर शुक्रवार को यू.पी.लेबर डिपार्टमेंट मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन द्वारा श्रमायुक्त कार्यालय जीटी रोड कानपुर में कर्मचारियों ने धरना देकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन श्रम आयुक्त मारकण्डेय शाही को सौंपा। धरने की अध्यक्षता श्रम विभाग कर्मचारी संघ के प्रांतीय अध्यक्ष प्रभात मिश्रा द्वारा की गई। उन्होंने बताया कि श्रम आयुक्त कानपुर द्वारा कर्मचारियों को उनकी मांगों के सम्बंध में शासन स्तर से शीघ्र कार्रवाई कराए जाने का आश्वासन दिए जाने के साथ ही श्रम प्रवर्तन अधिकारी के पद पर पदोन्नति व नियमावली संशोधन के लिए पत्र लिखा जा रहा है। उन्होंने बताया कि धरने में उपस्थित सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों द्वारा 30 नवंबर तक मांगे पूरी न होने पर हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया है। धरने के दौरान लेबर डिपार्टमेंट मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह बिष्ट, महामंत्री नरेंद्र सिंह, श्रम विभाग कर्मचारी संघ के महामंत्री डी.एस.दीक्षित , रविंद्र कुमार , राहुल सिंह , कपिल सागर, सैयद फैसल आदि मौजूद रहे।

## स्वछता सेनानियों को किया गया सम्मानित

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** शहर में बाल्मीकि जयंती की पूर्व संध्या के अवसर पर श्री राम सेवा मिशन के संरक्षक एवं नेशनल मीडिया क्लब के चेयरमैन कार्यक्रम के आयोजक रमेश अवस्थी जी ने स्वछता सेनानियों का सम्मान किया। आयोजन लाजपत भवन मोती झील लॉन में बाल्मीकि महोत्सव में कला, साहित्य और भक्ति का संगम हुआ और साम्प्रदायिक सौहार्द की बानगी देखने को मिली। अंतरराष्ट्रीय कवयित्री कविता तिवारी अपनी कविताओं से समा बांध दिया। आयोजन में पूर्व सांसद एवं धरावाहिक रामायण की सीता श्रीमति दीपिका चिखलिया जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। महापौर प्रमिला पांडे, कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# बिल्हौर के वैष्णो नगर मोहल्ले में वैगन आर कार का शीशा तोड़ बैग लूट ले गए बदमाश

**जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो**



बिल्हौर कस्बे के वैष्णो नगर में दिनदहाड़े बैंगन आकार का शीशा तोड़कर उसमें रखे बैग व रुपए लूट ले गए दो स्कूटी सवार सीसीटीवी कैमरे में घटना कैद उन्नाव जनपद के माधवगंज ब्लॉक में तैनात ग्राम विकास अधिकारी पंकज त्रिपाठी अपनी बैंगन और कर संख्या यूपी 78 जी ए 3595 से ड्यूटी से वापस आते समय वैष्णो नगर निवासी अशोक ट्रांसपोर्टर के यहां गए थे वहां बैठकर कुछ समय तक बातचीत करने के बाद जब वहां से कर लेकर निकले तो शीशा टूटा देखकर देख पीछे रखा बैक गया था उसे बाग में सरकारी कागज हुआ ?50000 नगद होना बताया सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे खान वाले जिसमें नीले रंग की स्कूटी पर सवार दो युवक आए और घटना को अंजाम देकर झोला लेकर रफू चक्कर हो पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है ताजू की बात यह कि उसे समय बिल्हौर कस्बे में एक यूनिट की क्वालिटी टीम एक ट्रक पीएसी और कई थानों का फोर्स भी बिल्हौर कस्बे में मौजूद था चप्पे छप्पे में फोर्स तैनात होने के साथ ही अशोक कुमार एडीडीसीपी पुलिस लाइन/कानपुर मुख्यालय बिल्हौर कोतवाली पर मौजूद थे । वहीं पर वैष्णो नगर में सट्टे का व्यापार दिनों दिन बढ़ता जा रहा है । पुलिस को उन पर भी शक है उन पर भी नजर बनाए हुए हैं लगता है सट्टे में हारे हुए युवक यह कदम उठा सकते हैं। कोतवाल सुरेंद्र सिंह भाटी ने बताया सीसीटीवी के आधार पर जांच शुरू कर दी जल्द खुलासा होगा।

# एस आर दारापुरी समेत अन्य की रिहाई के लिए देश की महामहिम को भेजा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



शुक्रवार को दलित शोषण मुक्ति मंच कानपुर ने राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि बीती 10 अक्टूबर 2023 को गोरखपुर मे कमीशनरी प्रांगण में मजदूर, दलित नागरिको की भूमि अधिकार के सम्बन्ध मे शांतिपूर्वक सम्पन्न हुई सभा को सम्बोधित करने पर ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईजी एस आर दारापुरी और उनके सहयोगी पत्रकार सिद्धार्थ रामू व राजनीतिक कार्यकर्ता श्रवण कुमार निराला जैसे अन्य सभी लोगों की तत्काल रिहाई की जाए। उ0प्र0 संयोजक गोविन्द नारायण ने बताया कि प्रदेश सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों खासतौर पर वो लोग जो जनमुद्दों, जैसे– रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेत मजदूर और गरीब किसानों के लिए जमीन के अधिकार के सवाल को उठाते हैं उन लोगो का हर तरह से प्रशासनिक उत्पीड़न कर रही है। इसी सोच के तहत ऑल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व आईजी एस आर दारापुरी और उनके सहयोगी पत्रकार सिद्धार्थ रामू व राजनीतिक कार्यकर्ता श्रवण कुमार निराला जैसे अन्य लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इस दौरान चमन खन्ना, हरभजन बाल्मीकि, प्रदीप बाल्मीकि, शिवकुमार, उमाकान्त, एड0 आनन्द गौतम, एड0 पंकज सिंह, एड0 मलखान सिंह, एड0 राकेश सत्यार्थी, एड0 सुनील तिवारी, दीपक बाल्मीकि बहादुर, अनूप कटियार, महबूब आदि लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन चुनौतियां व समाधान विषय पर संगोष्ठी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय व शिक्षा संस्कृति उद्यान न्यास नई दिल्ली के संयुक्त तत्वधान में विश्वविद्यालय के सीनियर हाल में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का क्रियान्वयन- चुनौतियां व समाधान विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें विश्वविद्यालय से सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्य, एनईपी सारथी, सभी निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली के महासचिव अतुल कोठारी ने कहा कि समाधान वहां होता है जहां समस्या होती है नई शिक्षा नीति क्रियान्वयन वास्तविकता में एक बहुत बड़ी चुनौती है जिसे हम सभी को समझना होगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से छात्र-छात्राओं को स्वावलंबी बनाने वाली पढ़ाई कराई जा रही है। जिसे पढ़कर आने वाले समय में युवा स्वावलंबी बनकर दूसरों को रोजगार देने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि अब लोगों को प्रथम वर्ष से ही शोध का कार्य कराया जाने लगा है। शोध में थ्योरी के साथ-साथ प्रेक्टिकल पर भी जोर दिए जाने से शोधार्थी जमीनी स्तर पर कार्यों का अनुभव कर सकते हैं।कुलपति प्रो.विनय कुमार पाठक ने कहा कि हम डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ-साथ भारतीय ज्ञान परंपरा को भी साथ लेकर चल रहे हैं। आज विश्वविद्यालय की प्रगति को देखते हुए इसे एक मॉडल विश्वविद्यालय के? रूप में भी देखा जा रहा है। उन्होंने अतुल कोठारी के द्वारा दिए गए सुझावों को लागू करने के लिए प्रति कुलपति प्रो.सुधीर कुमार अवस्थी एवं निदेशक महाविद्यालय विकास परिषद प्रो.राजेश कुमार द्विवेदी को निर्देशित किया।

**शिक्षा के सभी पाठ्यक्रमों में होना चाहिए भारतीय भाषा का प्रयोग**

अतुल कोठारी ने कहा कि सीएसजेएमयू एनईपी लागू करने वाला पहला विश्वविद्यालय है जिस प्रकार एनईपी का टास्क फोर्स बनाया गया है इसी तरह से एनईपी? को समझने और समझाने के लिए छात्रों का भी एक टास्क फोर्स गठित करना चाहिए। हमें शिक्षा में अपनी भारतीय परंपरा को भी लाना चाहिए इसके लिए सभी पाठ्यक्रमों में भारतीय भाषा का प्रयोग होना चाहिए।

## सीएसएयू के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर रायबरेली को मिला सम्मान

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के 34 वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान लखनऊ में सीएसएयू के अधीन संचालित कृषि विज्ञान केंद्र दरियापुर रायबरेली को उत्कृष्ट कृषि विज्ञान केंद्र सम्मान से सम्मानित किया गया है।यह सम्मान प्रदेश के कृषि, कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा केंद्र के प्रभारी डॉ. आर. पी.एन.सिंह को दिया गया। विश्वविद्यालय के निदेशक प्रसार डॉ.आर.के.यादव ने अन्य कृषि विज्ञान केंद्रो को भी इससे प्रेरणा लेने की बात कही। जिससे उन्हें भी विभिन्न स्तरों पर सम्मानित किया जाए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह ने केंद्र के प्रभारी डॉ.आर.पी.एन.सिंह सहित उनके केंद्र की टीम को शुभकामनाएं दी। सम्मान समारोह में कृषि,कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख एवं अपर सचिव कृषि डॉ.देवेश चतुर्वेदी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# जूडो एवम कराटे के कुल दस प्रतिभागी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में होंगे शामिल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर दीनदयाल नगर कानपुर से जूडो एवम कराटे के कुल दस प्रतिभागी विद्या भारती की 34 वी राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु वृन्दावन ( पश्चिम ) उत्तर प्रदेश के लिए रवाना होगें । इस प्रतियोगिता में सम्पूर्ण भारत के विद्या मंदिर अपने अपने क्षेत्रीय प्रतियोगिता जैसे उत्तर क्षेत्र में सम्पूर्ण पंजाब वा दिल्ली के सभी विद्या मंदिर प्रतिभाग करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त प्रतिभागी ही राष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते हैं जुगल देवी सरस्वती विद्या मंदिर से प्रतिभाग करने वाले चयनित छात्र ओम मिश्र ,ऋतुराज सिंह , जॉब वी चाको, रुद्र सिंह, आयुष वर्मा दिव्यांशु तिवारी , अभिषेक , सोनम, संतोषी एवम् साक्षी रावत पूर्वी उत्तर प्रदेश के लिए प्रतिभाग करेंगे टीम मैनेजर पूजा एवम् प्रशिक्षक सुधीर दीक्षित होगें। विद्यालय प्रधानाचार्य राष्ट्रपति पुरस्कृत हरी प्रसाद शर्मा ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को अच्छे प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# प्रशासन का एक्शन, बुलडोजर से ढहाया गया अवैध निर्माण

जन एक्सप्रेस | अमेठी



जनपद के जायस कस्बे में बेशकीमती जमीन पर सालों से तालाब व नवीन परती की सरकारी जमीन पर हुए अवैध कब्जे पर प्रशासन की टीम ने शुक्रवार को बुलडोजर चला दिया। अतिक्रमण कर्ता ने विरोध भी किया। लेकिन मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद था। प्रशासन ने फिर से अवैध कब्जा करने पर कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी।

तिलोई तहसील क्षेत्र के कस्बा जायस में बेशकीमती तालाब व नवीन परती की भूमि पर कस्बे के ही रहने वाले मो. कय्यूम पुत्र मो. हुसैन ने सालों पहले कब्जा कर लिया था। राजस्व अभिलेखों में दर्ज गाटा संख्या 6077 रकबा 0.177 तालाब व गाटा संख्या 6078 नवीन परती की जमीन पर पक्के और कच्चे निर्माण करने के साथ ही टीनशेड डाल दिया था। इसकी शिकायत कस्बे के ही रहने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व.मकसूदूल हसन के बेटे महफूज ने इसी माह बीते सात अक्टूबर को डीएम राकेश कुमार मिश्र से सम्पूर्ण समाधान दिवस में की थी। प्रशासन की तरफ से पैमाइश के बाद अतिक्रमण करने वाले जमीन के दस्तावेज नहीं पेश कर पाए। उन्हें अवैध कब्जा हटाने के लिए लगातार नोटिस जारी किया गया।लेकिन अवैध कब्जों को नहीं हटाया गया। शुक्रवार को नायब तहसीलदार एके कुशवाहा, राजस्व कर्मी मनोज गौतम, शिव ओम थारू की मौजूदगी में एसआई सकील अहमद सहित भारी पुलिस बल और महिला पुलिस के साथ दोपहर बाद बुलडोजर से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई की गई। कुछ लोगों ने अतिक्रमण हटाने का हल्का विरोध किया।लेकिन पुलिस के सामने उनकी एक नहीं चली। वहीं अतिक्रमण कर्ता मो. कय्यूम ने नायब तहसीलदार पर विपक्षियों से मिल पैसा लेकर पेशबंदी में निर्माण ढहाए जाने का आरोप लगाया है।

# श्री अन्न की खेती के बढ़ावा हेतु रोड शो को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

जन एक्सप्रेस | अमेठी




जनपद में संचालित उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को मिलेट्स श्री अन्न जैसे ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो सांवा चना, कुटकी, रामदाना आदि की खेती को बढ़ावा देने एवम उनसे होने वाले लाभ से संबंधित जनपद स्तरीय रोड शो का आयोजन किया गया। जिसे जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रोड शो में लगभग पांच सौ दो पहिया वाहन एवं तीन प्रचार वाहन के माध्यम से कलेक्ट्रेट गौरीगंज से कृषि भवन ताला खजुरी तक किया गया। इस अवसर पर उप कृषि निदेशक एलबी यादव ने मिलेट्स के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मिलेट्स को सुपर फूड कहा जाता है। क्योंकि इसमें पोषक तत्व अधिक मात्रा में होते हैं।यह ज्यादातर ग्लूटेन फ्री होने के साथ-साथ विटामिन, एंजाइम और इन सॉल्युबल फाइबर जैसे पोषक तत्व से भरपूर होते हैं। इसके साथ ही इसमें बीटा, कैरोटीन नियासिन, विटामिन बी 6,फोलिक एसिड पोटैशियम, मैग्नीशियम,जस्ता जैसे खनिज लवण भी काफी मात्रा में पाए जाते हैं।

उन्होंने इसकी उपयोगिता के संबंध में बताया कि श्री अन्न मानव स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए वरदान है। इनके उपयोग से ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है। शरीर के सभी अंग में ऑक्सीजन आपूर्ति बढ़ती है। मेटाबॉलिज्म ठीक रहता है। फाइबर की मात्रा अधिक होने से पाचन में सहायता मिलती है। डायबिटीज के मरीजों में ग्लूकोस लेवल बैलेंस बना रहता है।ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है। मिनरल कि उनमें पर्याप्त मात्रा होने के कारण हार्ट अटैक, सर्दी जुकाम से बचाव रहता है। श्री अन्न शरीर से टॉक्सिन को बाहर निकलने में मदद करता है। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रवीणा शुक्ला, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, एसडीएम गौरीगंज अभिनव कनौजिया, भूमि संरक्षण अधिकारी संदीप कुमार,उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी हरिओम मिश्रा सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वन्दन कानून विकसित भारत में मील का पत्थर : निर्मला पासवान

जन एक्सप्रेस | अमेठी




जनपद की गौरीगंज विधान सभा का नारी शक्ति वंदन सम्मेलन गौरीगंज स्थित पूर्व विधायक चंद्रप्रकाश मिश्रा मटियारी के कार्यालय में शुक्रवार को महिला मोर्चा द्वारा संपन्न हुआ।जिसमें मुख्य अतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष एवं सदस्य विधान परिषद निर्मला पासवान रही रहीं। कार्यक्रम संयोजिका एवं जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा आशा वाजपेई ने आए हुए सभी अतिथियों एवं नारी शक्ति का स्वागत भाषण किया। संचालन जिला महामंत्री महिला मोर्चा गीता सिंह ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राम प्रसाद मिश्र ने कहा मोदी जी ने नारी शक्ति वंदन कानून पारित करके नारी शक्ति का सम्मान बढ़ाया एवं विकसित भारत के लिए यह क्रांतिकारी कदम है। जिससे नारी शक्ति आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनने में सहायक होगा।

मुख्य अतिथि निर्मला पासवान ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि देश के शशि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नारी शक्ति बंधन अधिनियम पारित करके हम नारी शक्ति का बहुत बड़ा उपकार किया है। आज देश में नारी शक्ति को आत्मनिर्भर स्वावलंबी बनाने के लिए मोदी जी दर्शन संकल्पित हैं।

नारी शक्ति बंदन कानून एक क्रांतिकारी कदम है। जो कि विकसित भारत में मील का पत्थर साबित होगा। इससे महिलाओं को अवसर मिलेगा। आने वाले समय में देश-विदेश और पूरे विश्व का नेतृत्व नारी शक्ति के हाथों में होगी। इससे महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। सम्मेलन में आए हुए सभी अतिथियों एवं नारी शक्ति का आभार जिला महामंत्री निमिषा त्रिपाठी ने व्यक्त किया। इस अवसर पर भाजपा जिला प्रवक्ता चन्द्रमौलि सिंह, डॉ सुनीता त्रिपाठी, नीलम श्रीवास्तव नीलम भारती, रेनू वर्मा, पूनम पांडे, केशव सिंह, विजय किशोर तिवारी, अंशु तिवारी, सहित भारी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# अमृत कलश यात्रा को जिलाधिकारी ने हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना




जन एक्सप्रेस | अमेठी

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का जिले में भव्य आयोजन हुआ। शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर से जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने हरी झण्डी दिखाकर अमृत कलश यात्रा को लखनऊ के लिये रवाना किया।अमृत कलश यात्रा में नेहरू युवा केन्द्र, युवक मंगल दल के 27 युवा स्वयं सेवकों ने अमृत कलश लेकर जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ के नेतृत्व में बस द्वारा प्रस्थान किया। अमृत कलश यात्रा के सम्बन्ध में जानकारी देते हुये उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र आराधना राज ने बताया कि डीएम तथा सीडीओ के निर्देशन में जिले में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का ग्राम पंचायतों, विकास खण्डों नगर पंचायतों,नगर पालिका परिषद तथा जिला मुख्यालय में प्रशासन एवं विकास विभाग के सहयोग से सफल आयोजन सम्पन्न हुआ। जिले के जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों का कार्यक्रम को सफल बनाने में पूर्ण सहयोग मिला। इस अवसर पर प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी प्रवीणा शुक्ला, जिला पर्यटन एवं सूचना अधिकारी महेंद्र कुमार मिश्र सहित अन्य संबंधित उपस्थित रहे।

# मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' को हरी झंडी दिखाकर किया गया रवाना

जन एक्सप्रेस | सुलतानपुर




आजादी का अमृत महोत्सव योजना के अन्तर्गत 'मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा' को अध्यक्ष जिला पंचायत ऊषा सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ आरए वर्मा, जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, ब्लाक प्रमुख दूबेपुर शिल्पा सिंह, ब्लाक प्रमुख बल्दीराय शिवकुमार सिंह सहित अन्य भाजपा पदाधिकारी गणों द्वारा जिला प्रशिक्षण केन्द्र दूबेपुर परिसर से हरी झंडी दिखाकर अमृत कलश यात्रा' को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम अमृत वाटिका (निकट झूलेलाल पार्क गोमती तट लखनऊ) के लिये रवाना किया गया। उक्त कार्यक्रम में पल्लवी नाट्य सामाजिक संस्था के कलाकारों द्वारा भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। अमृत कलश यात्रा में जनपद सुलतानपुर से कुल-19 अमृत कलशों को नेहरू युवा केन्द्र व जिला युवा कल्याण विभाग के वालेन्टियर्स द्वारा भव्य रूप से सजाये गये वाहन के साथ अमृत कलश यात्रा प्रारम्भ हुई। राजधानी लखनऊ में 28 अक्टूबर को मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा तथा इसी प्रकार 30 अक्टूबर को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में प्रदेश के समस्त ब्लाकों व नगर निकायों के अमृत कलश यात्री-स्वयं सेवक व जनप्रतिनिधि, स्थानीय पारंपरिक परिधानों में प्रदेश का गरिमामय प्रतिनिधित्व करेंगे।यहाँ भी एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन व पंचप्रण की शपथ दिलाई जायेगी।इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, परियोजना निदेशक (डीआरडीए) केके पाण्डेय, जिला पंचायत राज अधिकारी अभिषेक शुक्ला, जिला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ संतोष कुमार गुप्ता, जिला सूचना अधिकारी डॉ धीरेन्द्र कुमार सहित अन्य अधिकारी व कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

# सामूहिक चटपटा महारानी दुखदुरिया कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस | बल्दीराय/सुल्तानपुर



तहसील क्षेत्र के कस्बा इसौली गांव दुर्गा पूजा महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शुक्रवार को पूजा समिति द्वारा मां दुर्गा के पंडाल के प्रांगण में दुखः दुरिया कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुखः दुरिया कार्यक्रम में मां दुर्गा के पंडाल प्रांगण में 51 महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहुंची बड़ी संख्या में महिलाए व भक्तों ने अपनी मनोकामना पूर्ण होने की मां दुर्गा से मन्नत मांगी। वहीं रूपेश अग्रहरि द्वारा छोले चावल का प्रसाद वितरण किया गया इस अवसर पर आशीष कुमार, राजेश वर्मा, प्रहलाद मिश्रा, अमन अग्रहरि, दिलीप अग्रहरि एवं नवदुर्गा पूजा समिति इसौली के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लोकसभा चुनाव में झंडा बुलंद करेगी सुभासपा : अलका पाण्डेय

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर




भारतीय सुहेलदेव पार्टी के स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों नें केक काटकर मिठाई बांटी। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सचिव अलका पाण्डेय व राष्ट्रीय प्रवक्ता सुभाष चंद्र यादव नें सभा कर कार्यकर्ताओ में जोश भरा। कहा कि जितनी तेजी से संगठन का विस्तार हो रहा है, वह काबिले तारीफ है। सुभासपा की नीतियों और रीतियों से प्रभावित लोग संगठन में जुड़ रहे हैं। यह अच्छे संकेत हैं। इन्हीं लोगों के बल पर लोस चुनाव में झंडा बुलंद किया जायेगा। इससे पहले नेताओं का कार्यकर्ताओं नें जगह -जगह स्वागत किया। शुक्रवार को भारतीय सुहेलदेव पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। जिले की सीमा से सटे अमेठी के परतोष चैराहे पर जिलाध्यक्ष सतीश मिश्रा के संयोजन में सभा का आयोजन हुआ। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि पार्टी की राष्ट्रीय सचिव अलका पाण्डेय और राष्ट्रीय प्रवक्ता सुभाष चंद्र यादव नें कार्यकर्ताओं में जोश भरा।

कहा कि बीते इक्कीस वर्षों में राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर जी की ईमानदारी और मेहनत का नतीजा है कि उत्तर प्रदेश ही नहीं बिहार समेत कई राज्यों में पार्टी सरकार बनाने और बिगाड़ने की भूमिका निभा रही है। गांव, गरीब, मजलूम की सेवा और उनके हक की लड़ाई ही हमारा उद्देश्य है। नेताओं नें संगठन विस्तार पर विशेष बल दिया। सभा में परशुराम युवा सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष तिवारी, सेना के अमेठी जिलाध्यक्ष सतीश पाण्डेय, राहुल अग्रहरि, कल्लू पाठक, हैप्पी दूबे, नारायण राय, शिवम पाठक अमर बहादुर शर्मा समेत सैकड़ो नें सुभासपा का दामन थामा। सभा के उपरांत अमहट, पयागीपुर और विवेक नगर में कार्यकर्ताओं नें अपने नेताओं का जोरदार स्वागत किया। विवेक नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर प्रदेश सचिव संजय दूबे के संयोजकत्व में स्थापना दिवस कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। यहां केक काटकर लोगों नें एक दूसरे को मिठाई खिलाई साथ ही लोस चुनाव में मजबूती के साथ संगठन विस्तार की शपथ दिलाई। इस मौके पर पूर्व प्रधान इमरान, इरफ़ान, आमिर खान, सौरभ मिश्रा, प्रधान अंकित गुप्ता, सत्य प्रकाश पाण्डेय, गोलू पाण्डेय, शिवम मिश्र, अंकुर मिश्रा, रामराज वर्मा समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# निजी हॉस्पिटल में स्टाफ नर्स ने लगाई फांसी

जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर

एक निजी हॉस्पिटल पर कार्यरत नर्स ने हॉस्पिटल के पीछे के कमरे में फंदे से लटकर जान दे दिया। हॉस्पिटल में जैसी ही ये खबर सामने आई तो हड़कंप मच गया। आनन-फानन में नर्स के परिजन हॉस्पिटल पहुंचे और रोना-पिटना मच गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच करते हुए शव को पोस्टमार्टम में भेजा है। कोतवाली नगर स्थित गभड़िया मोहल्ले में सरदार नर्सिंग होम है। जहां शुक्रवार दोपहर उस समय सनसनी फैल गई जब यहां की एक स्टॉफ नर्स ने हॉस्पिटल के अंदर ही कमरा बंदकर फांसी लगा लिया। इसकी सूचना जब डॉक्टर मकसूद सरदार को हुई तो उन्होंने दरवाजा तोड़वाया। तो फंदे से झूलती हुई नर्स को देखकर सभी हतप्रभ रह गए। डॉक्टर मकसूद सरदार ने बताया गभड़िया मोहल्ले की आंचल बानो मेरे हॉस्पिटल में पिछले चार-पांच साल से ड्यूटी कर रही थी। लड़की काम अच्छा कर रही थी, आज सुबह आई और कुछ टाइम बाद पीछे रूम में गड़बड़ कर ली। हमने जाकर देखा दरवाजा दोनों लॉक था। हमने उसके घर वालों को बुलाया और पुलिस को इन्फ़ॉर्म किया। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़ा गया तो वो हैंग की हुई थी। वही आंचल की मां ने कहा की कोई बात नहीं हुई। घर से सुबह खा-पीकर आई है अच्छे से। यहां हॉस्पिटल में भी चार साल से आ रही है। डॉक्टर साहब ने हमें जानकारी दी आज। इस मामले में नगर कोतवाल श्रीराम पाण्डेय ने कहा कि मामला संदिग्ध है जांच की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम में भेजा गया है रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। अभी परिवार से कोई तहरीर भी नहीं मिली है।

# रायबरेली एम्स ने स्तन कैंसर से बचाव के लिए राइजिंग चाइल्ड स्कूल में लगाई कार्यशाला

जन एक्सप्रेस | रायबरेली



भारत विकास परिषद के तत्वाधान में स्तन कैंसर को लेकर महिलाओं और आम नागरिकों को जागरूक करने के लिए कार्यशाला सम्पन्न हुई। रायबरेली शहर के प्रभुटाऊन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल परिसर में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, रायबरेली के वरिष्ठ चिकित्सकों के द्वारा स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रायबरेली एम्स से आये हुए वरिष्ठ चिकित्सकों का भारत विकास परिषद और राइजिंग चाइल्ड स्कूल की ओर से पुष्पगुच्छ और पौधे प्रदान कर अभिनंदन किया गया। परिषद के नेशनल वाईस चेयरमैन डॉ. आर. बी. श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए सभी को शुभकामनाएँ दिया। महिला शाखा की अध्यक्ष नीलिमा श्रीवास्तव ने सभी का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एम्स, रायबरेली सर्जरी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही, इस अवसर पर उन्होंने कहा प्रारंभिक स्तर पर स्तन के आसपास गाँठ प्रतीत होने पर तत्काल मरीज को अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान या किसी भी योग्य चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित सर्जरी विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ. नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि एम्स रायबरेली में स्तन कैंसर से बचाव के लिए ओपीडी से लेकर हर प्रकार के आप्रेशन की व्यवस्था अब उपलब्ध है। डॉ. अमित गुप्ता और डॉ. अमृतांशु ने कहा संकोच और भय का त्याग कर कैंसर के मरीज को इलाज प्रारंभ करना चाहिये क्योंकि तीसरे चरण पर पहुँचते ही स्तन कैंसर के परिणाम घातक हो सकते हैं। भारत विकास परिषद द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी सचिव राजा राम मौर्य द्वारा प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम संयोजिका सीमा श्रीवास्तव ने आये हुए अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। इस मौके पर स्तन कैंसर से संबंधित अनेकों भ्रांतियों का समाधान भी चिकित्सकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में भारत विकास परिषद के पूर्व अध्यक्ष राकेश कक्कड़, उमेश अग्रवाल, निशा सिंह, मनोज माहेश्वरी, पवन श्रीवास्तव, अंजू बाला मौर्य, अर्चना माहेश्वरी, गंगा देवी, विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी रवीन्द्र नाथ हरि सहित विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# बाल संरक्षण गृह का जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने किया निरीक्षण



जन एक्सप्रेस | रायबरेली

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के साथ स्वैच्छिक संस्थान गांधी सेवा निकेतन द्वारा संचालित बाल गृह (बालक-बालिका) गड़ेरिया का पुरवा, मिल एरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ-सफाई, पानी, शौचालय, बच्चों को दिए जा रहे भोजन आदि की व्यवस्था देखी। जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिया कि इन निराश्रित बच्चों के परिवार जनो का जल्द से जल्द पता लगाकर उन्हें उनके माता-पिता के पास भिजवाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा कि जब तक इन बच्चों के परिजनों का पता नहीं चलता है तब तक उन्हें संरक्षण गृह में सारी सुविधाएं मुहैया कराई जाए। इन्हें समय पर चिकित्सकिय सुविधा दी जाए। साथ ही उनके पढ़ाई-लिखाई की भी व्यवस्था की जाए।

# एक दिवसीय रोजगार मेले में 189 अभ्यर्थी चयनित

जन एक्सप्रेस | रायबरेली




प्रदेश में युवाओं को रोजगार स्वरोजगार से जोड़कर ÷आत्मनिर्भर भारत अभियान÷ तथा ÷हर हाथ को काम÷ के तहत कौशल विकास संस्थान, परिसर टेलीफोन फैक्ट्री कैम्पस, दूरभाष नगर, रायबरेली में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, द्वारा किया गया। उन्होंने अभ्यर्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि यहां मिल रहा छोटा सा अवसर आपके जीवन को नया आयाम दे सकता है। नियोजकों से संवाद करें, सेवा शर्तों के बारे में पता करें। उसी नियोजक के यहां सेवा का चयन करें, जिससे आपके सपने साकार हो सकें। कंपनी प्रतिनिधियों द्वारा अपनी कंपनी की सेवा शर्तों के बारे में जानकारी दी गयी। मेले में 10 कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार की प्रक्रिया पूर्ण की गयी। जिसमें 374 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। विभिन्न पदों हेतु कुल 189 अभ्यर्थियों को चयनित किया गया।

इस कार्यक्रम में की संक्षिप्त रूपरेखा सुश्री तनुजा यादव, जिला समन्वयक, कौशल विकास मिशन ने रखी तथा कौशल विकास से संबंधित सरकार की योजनाओं को विस्तार पूर्वक अभ्यर्थियों को बताया एवं सर्वेश राय करियर काउंसलिंग प्रभारी जिला सेवायोजन कार्यालय ने सभी कंपनियों एवं रोजगार के बारे में विस्तृत रूप से बताया। कार्यक्रम में विशेष अतिथि अजेशमणि त्रिपाठी, उप महाप्रबंधक, प्रशिक्षण गेल इण्डिया लिमिटेड, संजय कुमार वर्मा, मुख्य प्रबंधक, प्रशिक्षण गेल इण्डिया लिमिटेड तथा शम्भू यादव, प्रधानाचार्य, एसडीआई, रायबरेली द्वारा रोजगार मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को सम्बोधित किया गया तथा कौशल विकास संस्थान के राजीव कुमार सिंह, एम0आई0एस0, मैनेजर कौशल विकास मिशन, दिनेश पाल, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर कौशल विकास मिशन, प्रशान्त मिश्रा, मंजू यादव, शशि नंदन तिवारी, अमर कुमार, मिनाश्री, जालान्धरन, शालनी ने प्रमुख रूप से तथा जिला सेवायोजन कार्यालय, रायबरेली के धीरेन्द्र सिंह एवं रामेन्द्र कुमार द्वारा मेले के आयोजन में विशेष सहयोग प्रदान किया गया है।

# लखनऊ एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper | हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | लखनऊ | शनिवार | 28 अक्टूबर 2023 | 05


**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 39°C | 28°C |
| कानपुर | 40°C | 30°C |
| देहरादून | 28°C | 23°C |
| नई दिल्ली | 40°C | 30°C |

# आत्मघाती हमले से निपटेंगे एटीएस कमांडो

## अमेरिका जैसी आतंकी घटना रोकने के लिए यूपी पुलिस तैयार, प्रशांत कुमार बोले, गोरखपुर में आतंकी मुर्तजा को पकड़ना इसका उदाहरण

जन एक्सप्रेस | लखनऊ




अमेरिका के लेविस्टन में गुरुवार को फायर आर्म्स प्रशिक्षक रॉबर्ट कार्ड ने अंधाधुंध फायरिंग करके 22 लोगों की जान ले ली। इस घटना के बाद से समूचे विश्व में दहशत है। कई देशों ने अपनी सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। बताया जा रहा है कि अमेरिका में हमला करने वाला मेंटल हेल्थ फैसिलिटी में भर्ती था। जहां से उसे कुछ दिन पहले ही छुट्टी मिली थी। इस तरह की घटना को आत्मघाती हमला या लोन वुल्फ अटैक कहा जाता है। अमेरिका में इस तरह की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अगर यूपी की बात करें, तो यहां पर भी पिछले कुछ समय में टेरर अटैक से लेकर आत्मघाती हमलों के अलर्ट जारी हुए हैं। अमेरिकी पैटर्न पर लोन वुल्फ अटैक की घटनाएं न हों, इसके लिए यूपी पुलिस पुलिस कितनी तैयार है, आतंकी संगठन भी अब अमेरिका में हुए मास मर्डर की तरह अपने एजेंट को ट्रेनिंग दे रहे हैं। जिसे लोन वुल्फ अटैक कहा जाता है। इस तरह के हमलों में कोई एक सार्वजनिक स्थान पर अपनी जान की परवाह किए बगैर लोगों के समूह पर आत्मघाती हमला करता है। यूपी में पिछले दिनों इसी तरह की ट्रेनिंग लेने वाले आतंकी मुर्तजा को गोरखपुर से और नदीम को सहारनपुर से गिरफ्तार किया गया है। एटीएस की जांच में सामने आया था कि यह लोग लोन वुल्फ अटैक की ट्रेनिंग ले चुके थे।

### 'पुलिस लोन वुल्फ अटैक से निपटना बखूबी जानती है'


स्पेशल डीजी लॉ एंड ऑर्डर प्रशांत कुमार के मुताबिक, 'यूपी में जिला स्तर पर पुलिस की स्वॉट टीम और स्टेट लेवल पर एटीएस कमांडो ट्रैप करने के लिए प्रशिक्षित हैं। यूपी फायरिंग की घटनाओं को गंभीरता से लेती है। कोई भी आत्मघाती हमला (लोन वुल्फ अटैक) के लिए पुलिस निपटने के लिए तैयार है। इसका उदाहरण गोरखपुर में 4 अप्रैल, 2022 को मिलता है। जब गोरखनाथ मंदिर में पुलिसकर्मियों पर हमला करने वाले आतंकी मुर्तजा को पुलिस ने सूझ-बूझ के साथ जिंदा पकड़ लिया था। कोर्ट ने मुर्तजा को जनवरी 2023 में फांसी की सजा सुनाई। उन्होंने बताया कि अमेरिका और यूपी में हथियारों की लाइसेंसिंग प्रक्रिया से लेकर उनके इस्तेमाल करने के अधिकार तक में काफी अंतर है। यहां पर हथियार लेने की एक कानूनी प्रक्रिया है। यदि कोई लोन-वुल्फ अटैक जैसी घटना करने की कोशिश करेगा तो उससे निपटने के लिए पुलिस के पास लीगल राइट हैं। हमारी स्पेशल टीम और कमांडो इसके लिए पूरी तरह से प्रशिक्षित हैं।

### बम बनाने से लोन वुल्फ अटैक तक ट्रेनिंग

सुरक्षा एजेंसी की जांच में सामने आया है कि यूपी में अब आतंकी संगठन लगभग एक पैटर्न पर काम कर रहे हैं। उसके लिए सभी अपने स्लीपिंग माड्यूल्स को ऑनलाइन आतंकी ट्रेनिंग में बम बनाने से लेकर वुल्फ अटैक की ट्रेनिंग तक दे रहे हैं। अगस्त 2022 में पकड़ा गया सहारनपुर में जैश-ए-मोहम्मद का नदीम, फतेहपुर का हबीबुल और आजमगढ़ द्धस्द्ध से जुड़ा सबाउद्दीन कुछ इसी राह पर चल रहे थे।

# आम के हरे पेड़ों पर चला आरा आये दिन होता है कटान

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



लखनऊ जिले के मलिहाबाद तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत भौसा खेड़ा गांव में वन विभाग के रहमों करम पर हरे आम के पेड़ों पर आरा चला दिया गया। बता दें कि मलिहाबाद वन रेंज के भौसा गांव में 7 आम के हरे-भरे पेड़ पर आरा चला दिया गया। प्रदेश में सरकार हरे भरे पेड़ों की कटान पर लगातार प्रशासन द्वारा कड़ी कार्रवाई की जा रही है वहीं पर मलिहाबाद वन रेंज में वन विभाग की लापरवाही साफ तौर पर देखने को मिली है। इस क्षेत्र में लगातार प्रतिबंधित पेड़ों का कटान किया जा रहा है और वन अधिकारी अनजान बने हुए बैठे हैं।

# सपा की राज्य कार्यकारिणी की बैठक 1 नवंबर को, अखिलेश बोले, चुनाव सिर पर आए तो भाजपा को जनता की सुध आई



जन एक्सप्रेस | लखनऊ

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है। अखिलेश यादव ने 1 नवंबर को पार्टी की राज्य कार्यकारिणी की बैठक बुलाई है। बैठक में चुनाव को लेकर मंथन होगा। पार्टी प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बैठक की पुष्टि की है। लोकसभा चुनाव को लेकर विपक्षी एकता के मद्देनजर बने 'इंडिया% (गठबंधन) में यूपी की अहम भूमिका होगी। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव इसे भली-भांति जान रहे हैं। शायद यही वजह रही है कि बीते दिनों उन्होंने कहाg यूपी में सपा सीटें मांग नहीं रही है बल्कि सीट दे रही है।

### इन मुद्दों पर होगी बैठक

इससे इतर सपा अध्यक्ष ने गठबंधन बनने से पहले ही राज्य में लोकसभा सीटों को लेकर अपनी तैयारी शुरू कर दी है। लोक जागरण कार्यक्रम के तहत हो रहे कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर इसी रणनीति का हिस्सा हैं। पार्टी अभी तक करीब दर्जन से ज्यादा लोकसभा क्षेत्रों को केंद्रित करके अपने प्रशिक्षण कार्यक्रम कर चुकी है। ये कार्यक्रम उन्हीं सीटों पर फोकस करके हो रहे हैं जहां सपा नेतृत्व अपने उम्मीदवार उतारने का मन बना चुकी है। 'लौह पुरुष सरदार बल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन के मौके पर सपा नेतृत्व राज्य कार्यकारिणी बैठक करके लोकसभा चुनाव के मद्देनजर पिछड़े वर्ग को संदेश देने का प्रयास भी माना जा रहा है।

### चुनाव सिर पर आए तो भाजपा को जनता की सुध आई

सपा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने यूपी में बिजली दरों में कमी करने के प्रस्ताव को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने कहाg लोकसभा चुनाव सिर पर आये तो भाजपा को अब जनता की याद आने लगी है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा चुनाव देखकर एक बार फिर से अपने दो पुराने अस्त्र-शस्त्र झूठा प्रोपेगेंड़ा और लोकलुभावन घोषणाओं को आजमाने में लग गयी है। भाजपा सरकार ने कभी उज्वला योजना में दो त्योहारों पर मुफ्त सिलेंडर देने की बात की थी पर किया कुछ नहीं। अब जनता को बहकाने के लिए तीन माह बिजली बिल में छूट देने का नया ऐलान कर गुमराह करने की कोशिश की है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में बिजली व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त है। भाजपा राज में एक यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं बढ़ा है। भाजपा सरकार में गलत नीतियों के कारण बिजली महंगी होती गयी है। जो चीनी मीटर लगे वे सही रीडिंग नहीं देतेg इसलिए उपभोक्ता को हर तरफ सिर्फ भ्रष्टाचार का शिकार होना पड़ता है। यही नहीं बिजली महकमे में अवैध वसूली का नया रैकेट भी चलने की खबरें आती हैं। महंगी बिजली के कारण किसान और बुनकर प्रभावित हैं।

# 500 ग्राम गांजे के साथ एक युवक को किया गिरफ्तार

- जन एक्सप्रेस में गांजे की खबर प्रकाशित करने के बाद आलमबाग पुलिस ने सनी नामक युवक को किया गिरफ्तार
- आलमबाग थाना प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने साफ तौर से कहा किसी भी गांजा बेचने वाले को बक्शा नहीं जाएगा



**गांजा के धुआं में 'उड़ता मवैया आलमबाग, हर गली नुक्कड़ में 100 से 500 रुपये में बिक रही गांजे की पुड़िया**

नशे के सौदागरों पर आलमबाग पुलिस अभी तक नहीं कर पाई कोई कार्रवाई

आखिर कब तक हो पाएगी मवैया के नशे के सौदागरों पर कार्यवाही

जन एक्सप्रेस | आशीष कुमार सिंह

पुलिस की सरपरस्ती में चल रहा कारोबार

कई जगह होती है बिक्री

पुड़िया एक, रेट अनेक

बढ़ती जा रही लत

बड़ी मछली गिरफ्त से दूर

जन एक्सप्रेस
खबर का असर
आशीष कुमार सिंह



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के थाना आलमबाग ने गुरुवार को एक व्यक्ति सनी कुमार को चेकिंग के दौरान 500 ग्राम गांजे के साथ किया गिरफ्तार आपको बता दें पिछले कई दिनों से मवैया में बिक रहे गांजे को लगातार जन एक्सप्रेस समाचार पत्र प्रमुखता से छाप रहा था, खबर प्रकाशित होने पर आलमबाग थाना प्रभारी शिव शंकर महादेवन ने एक टीम गठित किया और लगातार छापेमारी का काम कर रहे थे। आपको बताते चलें उपनिरीक्षक इसरार अहमद खान मवैया चौकी इंचार्ज कांस्टेबल अखिल कुमार ने एक व्यक्ति को मवैया झोपड़पट्टी के पास स्थित नाले पर बने पुल पर सनी नामक युवक को 500 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। जन एक्सप्रेस समाचार पत्र के पत्रकार ने आलमबाग थाना प्रभारी से मवैया में गांजा बेच रहे बाकी लोगों की गिरफ्तारी के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया किसी भी व्यापारी को मादक पदार्थ बेचते हुए अगर पकड़ा जाता है तो किसी भी हालत में उसे बक्शा नहीं जाएगा सीधे जेल ही भेजा जाएगा

## फास्ट फॉरवर्ड

### भाजपा मुख्यालय पर मनाई गई वाल्मीकि जयंती

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश मुख्यालय पर आदिकवि महर्षि वाल्मीकि जयंती भक्ति भाव के साथ मनाई गई। पार्टी के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह के साथ पार्टी पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं ने महर्षि वाल्मीकि की पूजा तथा हवन करने के पश्चात प्रसाद वितरण किया। प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर कहा कि सृष्टि के प्रथम कवि महर्षि वाल्मीकि ने प्रभु श्री राम की कथा को लिपिबद्ध करके जन जन तक पहुंचाया है। प्रभु श्री राम का चरित्र विश्व में मर्यादा व नैतिकता का आधार है। प्रभु श्री राम के चरित्र को लोकव्यापी बनाने के लिए सम्पूर्ण मानवता युगों-युगों तक महर्षि वाल्मीकि की ऋणी रहेगी।भाजपा मुख्यालय में प्रदेश उपाध्यक्ष विजय बहादुर पाठक, संतोष सिंह, त्र्यंबक त्रिपाठी तथा प्रदेश मंत्री अमित वाल्मीकि सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओ ने महर्षि वाल्मीकि की पूजा व आरती में सम्मिलित हुए।

### स्पीकर ने किया श्री अन्न महोत्सव का उदघाटन

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश श्री अन्न मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम अंतर्गत आयोजित श्री अन्न महोत्सव राज्य स्तरीय प्रदर्शनी एवं कार्यशाला तकनीकी सत्र के उद्घाटन विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने किया। कार्यक्रम में अध्यक्ष विधानसभा सतीश महाना ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया।अध्यक्ष सतीश महाना ने आज राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन हाल में तेज विचार नामक मासिक पत्रिका का विमोचन किया।

### उन्नाव के छात्रों ने देखी विधानसभा, स्पीकर से की भेंट

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तरप्रदेश विधानसभा भवन में उन्नाव के ऐसेट कॉलेज से छात्र छात्राओं सहित एक दल ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से शिष्टाचार भेट की । वहीं दल ने विधानभवन का भ्रमण किया। विधानभवन परिसर एवं गलियारे में लगे स्मृतिचित्र,विधायी डिजिटल वीथिका,नवीनीकृत कॉरिडोर एवं सत्ता पक्ष लॉबी के बारे में उत्सुकतावश जानकारी ली।

### केशव मौर्य ने दी शरद पूर्णिमा की बधाई और शुभकामनाएं

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने शरद पूर्णिमा की समस्त देश एवं प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### अब तक 45599.84 मीट्रिक टन हुई धान की खरीद

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से खरीफ क्रय 2023-24 में सीधे खरीद करते हुए, धान क्रय केन्द्रों के माध्यम से अब तक 45599.84 मीट्रिक टन धान किसानों से क्रय किया गया है। इस योजना से अब तक लगभग 7336 किसानों को लाभान्वित किया गया है। खाद्य एवं रसद विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार आज 7531.53 मीट्रिक टन खरीद हुई है। किसानों की सुविधा के दृष्टिगत स्थायी धान क्रय केन्द्र स्थल बनाये जाने पर विशेष ध्यान दिया गया है। खरीद से सम्बन्धित शिकायतें और सुझाव का पंजीकरण टोल फ्री नं0-1800-1800-150 पर दर्ज करायी जा सकती है।

### बलिया, बलरामपुर, गोरखपुर, गोण्डा, हरदोई एवं कासगंज में निर्माण कार्यों हेतु 998.05 लाख मंजूर

**जन एक्सप्रेस/लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने चालू वित्तीय वर्ष 2023-24 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अन्तर्गत जनपद बलिया, बलरामपुर, गोरखपुर, गोण्डा, हरदोई एवं कासगंज में विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु 998.05 लाख रुपये मंजूर किये हैं। मंजूर की गयी धनराशि जनपदों के जिलाधिकारी के निवर्तन पर रखी गयी है।नियोजन विभाग ने इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी कर दिये हैं। आदेशानुसार बलिया की विधानसभा क्षेत्र-सिकन्दरपुर में सीसी रोड के निर्माण कार्य हेतु 104.57 लाख रुपये, जनपद बलरामपुर में सम्पर्क मार्ग के नव निर्माण कार्य हेतु 148.44 लाख रुपये, जनपद गोरखपुर में आरसीसी नाला निर्माण कार्य हेतु 286.94 लाख रुपये, जनपद गोण्डा में चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 321.75 लाख रुपये, जनपद हरदोई में इण्टरलॉकिंग निर्माण कार्य हेतु 55.80 लाख रुपये तथा कासगंज में सीसी रोड निर्माण कार्य हेतु 81 लाख रुपये मंजूर किये गये हैं।

# 9 दिसंबर तक मतदाता सूची में नाम जोड़ने के लिए करें आवेदन



जन एक्सप्रेस | पीयूष द्विवेदी

**बीकेटी, लखनऊ।** लखनऊ जिले में शुक्रवार से मतदाता सूची पुर्ननिरीक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है जोंकि 9 दिसंबर तक चलेगा। आपको बताते चलें कि इस मतदाता पुर्ननिरीक्षण में प्रत्येक मतदान केंद्र पर बीएलओ से संपर्क करके प्रत्येक नागरिक अपना नाम मतदाता सूची में आवेदन पत्र देकर जुड़वा सकते हैं और नाम पता भी दुरुस्त करवा सकते हैं। यह कार्यक्रम 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक प्रतिदिन चलता रहेगा। जिसमें क्षेत्र के नागरिक मतदाता सूची में अपना नाम सर्च करा सकते हैं। आपको बताते चलें कि 1 जनवरी 2023 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी लोग अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करा सकेंगे। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए फार्म 6 से आवेदन करना होगा और किसी मतदाता के नाम पर आपत्ति करने या नाम कटवाने के लिए फार्म 7 से आवेदन करना होगा। इस अभियान की शुरुआत बखूशी का तालाब इंटर कॉलेज में एसडीएम बीकेटी सतीश चन्द्र त्रिपाठी व तहसीलदार बीकेटी विजय कुमार सिंह कर दी है। यह अभियान 9 दिसंबर तक प्रतिदिन चलता रहेगा।

# चिरंजीव भारती स्कूल के बढ़ते कदम स्कूल की छात्रा तनप्रीत कौर बनी गोल्डन गर्ल

- स्कूल के प्रबंधक सेनि.कर्नल राजाराम ने गोल्डन गर्ल को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

लखनऊ सरोजनी नगर के चिरंजीव भारती स्कूल की छात्रा तनप्रीत कौर जोहर ने दौड़ में स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और अभिभावक का नाम रोशन किया है। 25 से 27 अक्टूबर तक एसबी पब्लिक स्कूल जनपद एटा मे आयोजित सीबीएसई कलस्टर एथलीट्स चैंपियनशिप में 200 मीटर और 400 मीटर की दोनों दौड़ में सरोजनीनगर क्षेत्र के आशियना स्थित चिरंजीव भारती स्कूल में शिक्षारत 12वीं की छात्रा तनप्रीत कौर जौहर ने स्वर्ण पदक जीतकर स्कूल और अभिभावकों का नाम रोशन किया। स्कूल के प्रबंधक सेनि.कर्नल राजाराम ने गोल्डन गर्ल को बधाई देते हुए शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि स्कूल के छात्रा तनप्रीत ने स्वर्ण पदक जीतकर सीबीएसई नेशनल एथलीट्स मीट में क्वालिफाइड कर लिया है। उन्होंने बताया कि तांत्रिक स्कूल की एक हॉनर छात्र है पढ़ाई के साथ-साथ वह खेल में भी अव्वल रहती है। छात्र की इस सफलता पर स्कूल गौरवान्वित हुआ है।

# ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए करियर गाइडेंस फेस्ट अवध कॉलेजिएट दरोगा खेड़ा में आयोजित




जन एक्सप्रेस | लखनऊ

अवध कॉलेजियेट की दरोगा खेड़ा शाखा में ग्यारहवीं एवं बारहवीं के छात्र छात्राओं के लिए भविष्य में कैरियर के चुनाव को आसान बनाने के उद्देश से कैरियर गाइडेंस फेस्ट का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय की सभी शाखाओं के 1200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया फेस्ट का प्रारंभ मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अक्षय नंदा एसआरएम विश्वविद्यालय, कुमारी फाल्गुनी संचान सोनीपत विश्वविद्यालय, यासिर खान आईसीएफएआई विश्वविद्यालय देहरादून और कुमारी विजय लक्ष्मी आर वी विश्वविद्यालय बेंगलुरु एवं अन्य नामी ग्रामीण हस्तियों ने विद्यालय का सम्मान बढ़ाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक सर्वजीत सिंह ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए बताया कि आज ग्लोबलाइजेशन के दौर में पूरी दुनिया की टेक्नोलॉजी एक दूसरे से जुड़ी है जिससे कैरियर के अनेक अवसर उपलब्ध है, जो पिछले समय के हजारों गुना है जिससे आप सभी भविष्य में अच्छी सैलरी के साथ जॉब या अपना खुद का व्यवसाय शुरू कर सकते हैं कैरियर गाइडेंस फेस्ट में देश के अनेक सम्मानित विश्वविद्यालय जैसे एस आर एम, एमिटी, महिंद्रा ,मानव रचना एवम दून बिजनेस स्कूल ग्रुप में हिस्सा लिया और अपने अपने हेल्प डेस्क काउंटर लगाकर बच्चों को उनके सुदृढ भविष्य में कैरियर बनाने को लेकर जानकारी दी ।बच्चों ने भी नई-नई जानकारियां हासिल की और वह बहुत उत्सुकता दिखाई। बच्चों ने अपनी शंकाओं का समाधान भी किया। कैरियर से संबंधित नए कोर्सेज, नई जॉब ऑप्शंस जानकर बच्चों के चेहरे खिल उठे । फेस्ट के आयोजन की पूरी जिम्मेदारी विद्यालय की संयुक्त निर्देशिका डॉक्टर ब्रह्मजोत कौर ने निभाई और एक काउंसलर के रूप में बच्चों को विदेशों में भी कैरियर बनाने की जानकारी दी।

फेस्ट का समापन विद्यालय की निर्देशिका जतिंदर वालिया ने किया उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से बच्चों को जानकारी मिलती है बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और बच्चे अपने कैरियर को लेकर सजग होते हैं अंत में विद्यालय की प्रधानाचार्य इंदु चंदेल ने सभी अतिथियों एवं अनेक विश्वविद्यालय से आए हुए सभी गणमान्य व्यक्तियों का आभार प्रकट करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

# कांग्रेस की 'करवट' से भाजपा और सपा में हलचल

## पिछड़ी जातियों को साधने के लिए कांग्रेस एक बड़ा सम्मेलन 31 अक्टूबर को लखनऊ में करने जा रही है

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

- इस सम्मेलन के लिए कांग्रेस ने जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी नारा दिया है
- कांग्रेस पिछड़ा वर्ग सम्मेलन करके पिछड़ों को अपने पाले में करना चाहती है
- जाति आधारित गणना के मामले को उठाते हुए कांग्रेस पार्टी पिछड़ी जातियों का सम्मेलन करेगी

**लखनऊ।** जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी... यह यूपी कांग्रेस का ब्रह्मास्त्र है। 2024 लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस उत्तर प्रदेश में बंजर हो चुकी अपनी राजनीतिक जमीन को एक बार फिर से उर्वर करने के लिए समाज के सभी वर्गों में खाद-पानी लगाकर अपनी जगह जमाना चाहती है। कांग्रेस की इस कवायद ने भाजपा और सपा दोनों की चिंता बढ़ा दी है। दरअसल, पिछड़ी जातियों को साधने के लिए कांग्रेस पार्टी एक बड़ा सम्मेलन 31 अक्टूबर को लखनऊ में करने जा रही है। जाति आधारित गणना के मामले को उठाते हुए कांग्रेस पार्टी पिछड़ी जातियों का सम्मेलन करेगी। इस सम्मेलन के लिए कांग्रेस ने ÷जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी÷ नारा दिया है। इस सम्मेलन में कांग्रेस जाति आधारित गणना और आरक्षण बचाओ का नारा देते हुए आगे बढ़ेगी। कांग्रेस पार्टी पिछड़ा वर्ग सम्मेलन करके पिछड़ों को अपने पाले में करना चाहती है। कुछ समय पहले दिल्ली में संसद सत्र के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी पिछड़ों के आरक्षण का मुद्दा संसद में उठाया था और अपने अलग-अलग भाषणों में लगातार पिछड़ों के मुद्दे को उठा रहे हैं।

### दलित संवाद यात्रा कांग्रेस की दलितों को रिझाने की रणनीति

कांग्रेस पार्टी पिछड़ों के साथ-साथ अन्य वर्गों को भी साधने में लगी हुई है। दलित संवाद यात्रा कांग्रेस पार्टी की ऐसी ही एक पहल है जो दलितों के बीच में अपनी पैठ बढ़ाने के लिए काम कर रही है। वहीं तमाम बड़े मुस्लिम नेताओं को अपनी पार्टी में जोड़ कर मुसलमानों में भी जगह बनाने की कोशिश कर रही है।

### जाति आधारित गणना का मुद्दा उठा कर भाजपा को सीधी चुनौती

कांग्रेस पिछड़ों का सम्मेलन करके भारतीय जनता पार्टी को बड़ी टक्कर देना चाहती है। मौजूदा स्थिति में भारतीय जनता पार्टी के पास पिछड़ों का एक बड़ा वोट बैंक है पर वहीं जाति आधारित गणना का अपना यह मुद्दा उठा करके कांग्रेस भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ों के वोट बैंक में सेंध लगाना चाहती है। कांग्रेस पार्टी का यह सम्मेलन 31अक्टूबर से शुरू होकर के पूरे नवंबर चलता रहेगा।

## जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

### इजराइल-हमास लड़ाई पर भी तुष्टिकरण की राजनीति से बाज नहीं आ रहे कुछ राजनीतिक दल

**अपने प्रस्ताव में कांग्रेस ने कहा कि सीडब्ल्यूसी मध्य पूर्व में छिड़े युद्ध पर अपनी निराशा और पीड़ा व्यक्त करती है, जहां पिछले दो दिनों में एक हजार से अधिक लोग मारे गए हैं। भाजपा ने हमलावर रुख अख्तियार करते हुए कांग्रेस के शासन के दौरान हुई आतंकी वारदातों को गिना दिया। इसका एक वीडियो जारी करते हुए भाजपा ने कहा कि यूपीए के समय जून 2004 से मई 2014 तक भारत में 10, 262 आतंकी हमले हुए। जिसमें 7012 नागरिकों की जान गई। 2014 में देश में नरेंद्र मोदी सरकार सत्ता में आई। जिसके बाद 2016 में पीओके में सर्जिकल स्ट्राइक हुई।**

*इज़रायल-फिलिस्तीन युद्ध में हमास के क्रूर आतंकी घटना की आलोचना करने की बजाए इजरायल की निंदा करने से साबित हो गया है कि कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दल अल्पसंख्यकों के वोट के लिए किस तरह तुष्टिकरण की नीति पर चलते हैं। यही वजह है कि भाजपा विपक्षी दलों पर आक्रामक रुख अख्तियार करती रही है। दरअसल विपक्षी दल आतंकी हमास की निंदा करके देश के अल्पसंख्यक वोट बैंक को नाराज नहीं करना चाहते। इस नए युद्ध की शुरुआत आतंकी संगठन हमास ने की। इसमें सैंकड़ों निर्दोष लोग मारे गए और बड़ी संख्या में लोगों का अपहरण कर लिया। इसके विपरीत इस मुद्दे पर कांग्रेस ने तुष्टिकरण की नीति अपना कर भाजपा को फिर से एक नया मुद्दा थमा दिया। केंद्र की भाजपा सरकार ने पहले दिन से ही रुख साफ कर दिया कि किसी भी तरह की आतंकी कार्रवाई का भारत समर्थन नहीं करेगा। केन्द्र सरकार की यह नीति जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान द्वारा की जाने वाली आतंकी कार्रवाईयों से प्रभावित है। आश्चर्य की बात यह है कि इस मामले में नये बने विपक्षी गठबंधन इंडिया में कांग्रेस को छोड़ कर ज्यादातर दलों ने कोई स्पष्ट प्रतिक्रिया जाहिर नहीं की। ऐसे मुद्दों पर विपक्षी दल ज्यादातर बचाव या विरोध की नीति ही अपनाते रहे हैं। दरअसल कांग्रेस सहित गैर भाजपा दलों का निशाना भी अल्पसंख्यक वोट बैंक होता है। ऐसे में कोई भी दल सार्वजनिक तौर पर प्रतिक्रिया जाहिर करने से बचता है। इसमें हमास ने पहले हमला कर युद्ध को आमंत्रित किया, इसलिए विपक्षी दल स्पष्ट प्रतिक्रिया देने से कतरा रहे हैं। इसके विपरीत जम्मू-कश्मीर में धारा 370, तीन तलाक और अयोध्या में राम मंदिर जैसे मुद्दों पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने भाजपा के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया जाहिर करने में देर नहीं लगाई। धारा 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर की शांति और तरक्की की हालत सर्वविदित हैं। पत्थरबाजी की घटनाएं लगभग शून्य हो गई हैं। इस साल पर्यटकों की रिकार्ड आमद दर्ज की गई है। जम्मू-कश्मीर से एक अग्निवीर का दस्ता तक सेना में शामिल हुआ है। जम्मू-कश्मीर में जी20 की बैठक हो चुकी है। इसी से स्पष्ट होता है कि गैरभाजपा दलों को किस तरह से अल्पसंख्यक वोट बैंक के तौर पर नजर आते हैं। इज़रायल-फिलिस्तीन युद्ध पर कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने इजरायल और हमास के बीच चल रहे युद्ध को लेकर फिलिस्तीन के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया। इसमें निराशा और पीड़ा व्यक्त की और फिलिस्तीनी लोगों के भूमि (और) स्वशासन, गरिमा और सम्मान के साथ जीने के अधिकार के प्रति अपने समर्थन को तवज्जों दी। हमास ने जिस तरह बच्चों और महिलाओं के कत्ल करके इंसानियत को शर्मसार किया, उस पर कांग्रेस ने एक शब्द भी नहीं कहा और ना ही अपहृत लोगों को रिहा किए जाने की अपील की। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि उनकी पार्टी का हमेशा मानना रहा है कि इजरायलियों की राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं को सुनिश्चित करते हुए फिलिस्तीन के लोगों की वैध आकांक्षाओं को बातचीत के माध्यम से पूरा किया जाना चाहिए। कांग्रेस के इस बयान पर भाजपा ने जोरदार हमला बोला। भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने एक पोस्ट में कांग्रेस के बयान को अत्यंत निंदनीय बताया। विजयवर्गीय ने कहा कि कांग्रेस ने एक बार फिर राष्ट्रनीति और राष्ट्रहित के खिलाफ फैसला लेते हुए प्रस्ताव पारित किया है। एक धर्म विशेष के लोगों को खुश करने के लिए कांग्रेस किस हद तक गिर सकती है? उन्होंने कहा, अब कांग्रेस आतंकवाद से भी समझौता करने को तैयार है। हम और हमारी पार्टी भी विपक्ष में रही हैं लेकिन कभी भी राष्ट्रहित के खिलाफ कोई कदम नहीं उठाया। कांग्रेस का हाथ आतंकवाद के साथ है।*

---

**एक्सप्रेस आलेख**

**पौराणिक आख्यानों में यह उल्लेख भी मिलता है कि जब भगवान श्रीराम ने माता सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही वनदेवी के नाम से निवास किया था और वहीं लव-कुश को जन्म दिया, जिन्हें महर्षि वाल्मिकी द्वारा ज्ञान दिया गया। पहली बार सम्पूर्ण रामकथा लव-कुश ने ही भगवान श्रीराम को सुनाई थी। यही कारण है कि वाल्मीकिकृत रामायण में लव-कुश के जन्म के बाद का वृत्तांत भी मिलता है। बहरहाल, महर्षि वाल्मिकि का जीवन समस्त मानव जाति को यही शिक्षा देता है कि मनुष्य के जीवन में भले ही कितनी भी कठिनाईयां क्यों न हों, यदि वह चाहे तो अपनी हिम्मत, हौंसले और मानसिक शक्ति के बल पर तमाम बाधाओं को पार कर सकता है।**


# महर्षि वाल्मीकि ने की थी दुनिया में पहले श्लोक की रचना



योगेश कुमार गोयल

**माना जाता है कि महर्षि वाल्मीकि ने ही इस दुनिया में पहले श्लोक की रचना की थी। यही श्लोक संस्कृत भाषा का जन्मदाता है। विभिन्न पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि महर्षि वाल्मीकि का नाम रत्नाकर था। वह अपने परिवार का पेट पालने के लिए लोगों को लूटा करते थे। निर्जन वन में एक बार उनकी भेंट नारद मुनि से हुई।**

रामायण के रचयिता महर्षि वाल्मीकि के अनुपम संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हर साल अश्विन मास की पूर्णिमा के दिन वाल्मीकि जयंती मनाई जाती है, जो इस वर्ष 28 अक्तूबर को मनाई जा रही है। मान्यता है कि महर्षि वाल्मीकि के सम्मान में उनकी जयंती रामायण काल से ही मनाई जा रही है। सनातन धर्म के प्रमुख ऋषियों में से एक महर्षि वाल्मीकि की संस्कृत में लिखी गई रामायण को सबसे प्राचीन ग्रंथ माना जाता है। संस्कृत के प्रथम महाकाव्य 'रामायण' की रचना करने के कारण ही उन्हें 'आदिकवि' कहा जाता है। वाल्मीकिकृत रामायण समूचे विश्व में वेद तुल्य विख्यात है, जो 21 भाषाओं में उपलब्ध है और सनातन धर्म मानने वालों के लिए पूज्यनीय है। राष्ट्र की अमूल्य निधि रामायण का एक-एक अक्षर अमरता का सूचक और महापाप का नाशक है। वाल्मीकिकृत रामायण को ज्ञान-विज्ञान, भाषा ज्ञान, ललित कला, ज्योतिष शास्त्र, आयुर्वेद, इतिहास और राजनीति का केंद्र बिंदु माना जाता है। यह महाकाव्य जीवन के सत्य और कर्तव्य से परिचित कराता है। महर्षि वाल्मीकि ने इसमें कई स्थानों पर सूर्य, चंद्रमा और नक्षत्रों की सटीक गणना की है। इस रामायण को वैदिक जगत का सर्वप्रथम काव्य माना जाता है, जिसमें कुल चौबीस हजार श्लोक हैं। माना जाता है कि महर्षि वाल्मीकि ने ही इस दुनिया में पहले श्लोक की रचना की थी। यही श्लोक संस्कृत भाषा का जन्मदाता है। विभिन्न पौराणिक कथाओं में वर्णित है कि महर्षि वाल्मीकि का नाम रत्नाकर था। वह अपने परिवार का पेट पालने के लिए लोगों को लूटा करते थे। निर्जन वन में एक बार उनकी भेंट नारद मुनि से हुई। उन्होंने नारद को बंदी बनाकर लूटने का प्रयास किया। तब नारद ने पूछा कि तुम ऐसा निंदनीय कार्य आखिर करते क्यों हो? रत्नाकर ने उत्तर दिया- अपने परिवार का पेट भरने के लिए। तब नारद मुनि ने उनसे पूछा कि जिस परिवार के लिए तुम इतने पाप कर्म करते हो, क्या वह तुम्हारे इस पाप कार्य में भागीदार बनने के लिए तैयार होंगे? इसका उत्तर जानने के लिए रत्नाकर नारद मुनि को पेड़ से बांधकर घर पहुंचे और एक-एक कर परिवार के सभी सदस्यों से पूछा कि मैं डाकू बनकर लोगों को लूटने का जो पाप करता हूं, क्या तुम उस पाप में मेरे साथ हो? परिवार के सभी सदस्यों ने कहा कि आप इस परिवार के पालक हैं, इसलिए परिवार का पेट भरना तो



**मैंने जीवन में इतने पाप किए हैं कि मेरे मुख से राम नाम का जाप हो ही नहीं पा रहा है। नारद मुनि ने उन्हें 'मरा-मरा' का जाप करने को कहा और इस प्रकार 'मरा-मरा' का जाप करते-करते रत्नाकर के मुख से अपने आप 'राम' नाम का जाप होने लगा।**

आपका कर्तव्य है, इस पाप में हमारा कोई हिस्सा नही है। सभी से एक सा उत्तर सुनकर रत्नाकर उदास हुए और नारद मुनि के पास पहुंचकर उनके पैरों में गिर पड़े। तत्पश्चात् नारद ने रत्नाकर को सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने का ज्ञान दिया। रत्नाकर ने उनसे अपने पापों का प्रायश्चित करने का उपाय पूछा तो नारद मुनि ने उन्हें 'राम' नाम जपने की सलाह दी लेकिन रत्नाकर ने कहा कि मुनिवर! मैंने जीवन में इतने पाप किए हैं कि मेरे मुख से राम नाम का जाप हो ही नहीं पा रहा है। नारद मुनि ने उन्हें 'मरा-मरा' का जाप करने को कहा और इस प्रकार 'मरा-मरा' का जाप करते-करते रत्नाकर के मुख से अपने आप 'राम' नाम का जाप होने लगा। राम नाम में वह इस कदर लीन हो गए कि एक तपस्वी के रूप में ध्यानमग्न होकर वर्षों तक घोर तपस्या करने के कारण उनके शरीर पर चीटियों की बांबी लग गई। ऐसी कठोर तपस्या के बाद उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और वे रत्नाकर से महर्षि वाल्मीकि बन गए। हमारे कुछ पौराणिक आख्यानों में यह उल्लेख भी मिलता है कि जब भगवान श्रीराम ने माता सीता का त्याग कर दिया था, तब माता सीता ने महर्षि वाल्मीकि के आश्रम में ही वनदेवी के नाम से निवास किया था और वहीं लव-कुश को जन्म दिया, जिन्हें महर्षि वाल्मिकी द्वारा ज्ञान दिया गया।

---

**एक्सप्रेस कविता**

*परछाइयों में तेरी रंग मिलाता हूं,*
*तेरे एहसासों के संग बह जाता हूं।*
*तेरा एहसास बडा इंद्रधनुषी जानम,,*
*तेरे ख्यालो में ही गुम रह जाता हूँ।।*
*तेरे सांसों की खुशबू से इतर*
*कोई खुशबू नहीं सह पाता हूं ।.*

*न जाने कितने गुलशनों में भटका,*
*हसीन तुझसा फूल नहीं चुन पाता हूं।*
*महकती आ जाओ कभी गरीब खाने,*
*सारी रतिया आंखों में ही गुजार जाता हूं।*
*तेरी तसव्वुर से तरबतर हूँ अभी,*
*तेरे एहसासों से ही फ़ीग जाता हूं।।*
*बंदीशें तो तुझ पर भी है बहुत, संजीव,*
*हवाओं में तेरे नाम पैगाम लिख जाता हूं।*

संजीव ठाकुर

**एक्सप्रेस ज्ञान**

*दूसरों की परेशानी में आनंद ना लें, कहीं भगवान आपको वह गिफ्ट ना कर दें, क्योंकि भगवान आपको वही देता है, जिसमे आपको आनंद मिलता है।*

---

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | त्रयोदशी 06:57 तक |
| नक्षत्र: | उत्तरभाद्रपदा 09:16 |
| पक्ष: | शुक्ल |
| वार: | शुक्रवार |
| योग: | हरषाना, 25:57 |
| सूर्योदय: | 06:32 |
| सूर्यास्त: | 17:36 |
| चंद्रमा: | मीन राशि में |
| राहुकाल: | 10:41-12:04 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वत: | 1944 |
| मास: | आश्विन |
| शुभ मुहूर्त: | 11:42-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### है हमको फंसाया !

*है और रहेगा ।*
*अपना ये संघर्ष ।।*
*भले लगे आरोप। ।*
*है फिर भी उत्कर्ष ।।*
*है हमको फंसाया ।*
*और हुआ उपयोग ।।*
*फिर भी अपने लोगों का ।*
*है पूरा सहयोग ।।*
*हैं हम पाक साफ़ ।*
*कागज़ है दिखाया ।।*
*रह गए यदि अंदर ।*
*उनका भी सफ़ाया ।।*
*ना किया कुछ गड़बड़ ।*
*फिर भी लगी लगाम ।।*
*चला जो लंबा खेल ।*
*लूंगा और नाम ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

---

**एक्सप्रेस स्वास्थ्य**

# कमजोरी लगने पर तुरंत ताकत के लिए खाएं ये 5 फूड्स

**आजकल** की बिजी लाइफस्टाइल में कई लोग सेहत पर नहीं दें पाते। जिस कारण शरीर में कई तरह की बीमारियां लगने का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। कई बार ज्यादा थकान की वजह से एनर्जी काफी कम हो जाती है। जिस कारण किसी काम में मन नहीं लगता। इस समय ऐसे फूड्स की जरूरत होती है, जो शरीर को तुरंत ताकत दें और एनर्जी लेवल को भी बढ़ाएं। कई लोग एनर्जी लेवल को बढ़ाने के लिए कई तरह की ड्रिंक्स आदि का भी सेवन करते हैं। इन ड्रिंक्स का ज्यादा सेवन शरीर के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे में आज हम आपको कुछ फूड्स के बारे में बताएंगे। जिन्हे खाने से शरीर को तुरंत ताकत मिलेगी और एनर्जी भी मिलेगी। ये फूड्स खाने से शरीर की थकान भी दूर होगी।



**केला:** केला शरीर के लिए बहुत हेल्दी होता है। इसको पीने से शरीर को तुरंत ताकत मिलने के साथ एनर्जी भी मिलती है। केले में भरपूर मात्रा में सोडियम, पोटेशियम, आयरन और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। इसको खाने से शरीर की ऐंठन दूर होने के साथ थकान भी आसानी से दूर होती है।

**शकरकंद:** शकरकंद शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होती है। इसके सेवन से शरीर को तुरंत ताकत मिलती है और एनर्जी भी बूस्ट होती है। इसमें प्रचुर मात्रा में फाइबर, सोडियम, पोटेशियम, आयरन और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। इसमें कैलोरी की मात्रा काफी होती है, जो मोटापा नहीं बढ़ने देती और शरीर को फिट भी रखती है।

**चना:** चना शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसके सेवन से कई बीमारियां आसानी से दूर होती हैं और शरीर भी फिट रहता है। चना को अंकुरित करके ये उबाल कर आसानी से खाया जा सकता है। इसको खाने से शरीर की कमजोरी दूर होने के साथ ताकत मिलती है। ये शरीर के थकान को भी दूर करता है।

**नट्स:** नट्स शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होते है। अगर आप कमजोरी फील कर रहे है, तो नट्स का आसानी से सेवन किया जा सकता है। नट्स में बादाम, काजू और अखरोट को खाया जा सकता है। इसको खाने से शरीर की कमजोरी दूर होती है और शरीर को इनर्जी भी मिलती है। नट्स में प्रचुर मात्रा में फाइबर, विटामिन सी, विटामिन बी6 और आयरन आदि पाया जाता है।

**ओट्स:** ओट्स शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। ये हल्का होने के साथ इसमें कैलोरी की मात्रा काफी कम होती है। ओट्स के सेवन शरीर को तुरंत ताकत मिलने के साथ एनर्जी भी मिलती है। इसके सेवन से पाचन तंत्र मजबूत होने के साथ वजन भी नहीं बढ़ता है। इसको खाने से कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन, फाइबर और पोटेशियम आदि पाया जाता हैं। शरीर को तुरंत ताकत देने के लिए इन फूड्स का सेवन किया जा सकता हैं। लेकिन ध्यान रखें अगर आपको कोई बीमारी या एलर्जी की समस्या है, तो डॉक्टर से पूछ कर ही इसका सेवन करें।

---

**एक्सप्रेस विशेष**

# प्रदूषण से मुक्ति के लिए गंभीरता की दरकार



डॉ. अनिल कुमार निगम

**न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने प्रदूषण के मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण की समस्या और फसल अवशेष जलाने के बारे में दी गई दलीलों का संज्ञान लिया।**

**दिल्ली** और एनसीआर की हवा में एक बार फिर जहर घुल गया है। दीपोत्सव का त्योहार अभी दूर है लेकिन देश की राजधानी की हवा की गुणवत्ता का इंडेक्स (एक्यूआई) 300 के पार चला गया है। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। हर वर्ष प्रदूषण का कारण दिवाली में आतिशबाजी से होने वाले प्रदूषण, पंजाब, हरियाणा एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में जलाई जाने वाली पराली को मानकर कुछ चंद उपाय कर लोगों को प्रदूषण के दंश को झेलने के लिए छोड़ दिया जाता है। पिछले लगभग एक दशक में अक्टूबर से जनवरी के बीच हर साल यह समस्या गहरा जाती है। दिल्ली सरकार भी 'जब आग लगे तो खोदो कुआं' वाली कहावत चरितार्थ करते हुए प्रदूषण कम करने के चंद उपाय करती है जिससे कुछ तात्कालिक राहत भी मिल जाती है, लेकिन इस समस्या का स्थायी समाधान निकाले जाने के बारे में गंभीर प्रयास देखने को नहीं मिलते। प्रदूषण की गंभीरता को यहां से समझना चाहिए कि अक्टूबर आते ही सांस और दमा के मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। इसीलिए उच्चतम न्यायालय ने वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से दिल्ली और उसके आसपास वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर रिपोर्ट मांगी है। दिल्ली-एनसीआर में हर साल अक्टूबर

**सवाल यह भी है कि क्या सभी प्रयास सरकारों को ही करने होंगे? वास्तविकता यह है कि सुरसा की मुंह की तरह बड़ी होती इस समस्या के स्थायी निवारण के लिए दिल्ली-एनसीआर बोर्ड को स्वायत्त बना कर उसे निर्णय लेने की शक्तियों से संपन्न बनाना होगा। बोर्ड को दीर्घकालीन योजना बनाकर लोगों को इस संकट से मुक्ति दिलानी होगी। लेकिन यह कार्य अकेले एनसीआर बोर्ड नहीं कर सकता।**

से नवंबर में प्रदूषण स्तर बेहद खतरनाक स्तर तक पहुंच जाता है। प्रदूषण बढ़ने का प्रमुख कारण सर्दियों में हवा का घनत्व बढ़ना और तापमान का गिरना है। इसके चलते प्रदूषण नीचे ही रह जाता है और स्मॉग के तौर पर दिखता है। यही स्मॉग कोहरे के साथ मिलकर प्रदूषण और तरह-तरह की गैस एक घातक मिश्रण को जन्म देती है। सर्दियों में हवा भी काफी कम चलती है, ऐसे में प्रदूषण लगातार बढ़ता रहता है। गर्मियों में तापमान अधिक होने से हवा में घनत्व काफी कम हो जाता है और प्रदूषण आसानी से छंट जाता है। दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण बढ़ने के अन्य कारण भी हैं। दिल्ली की आबादी पिछले एक दशक में बहुत तेजी से बढ़ी है। यहां की आबादी 3 करोड़ से अधिक हो चुकी है। इसी तरह एनसीआर की आबादी लगभग साढ़े 4 करोड़ से अधिक है। आबादी का ग्रोथ रेट काफी अधिक है। आबादी बढ़ने के साथ ही दिल्ली एवं एनसीआर में वाहनों का दबाव भी तेजी से बढ़ा रहा है। दिल्ली का विश्व में सबसे अधिक वाहनों वाला शहर माना जाता है। यहां के निवासी सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का इस्तेमाल करने की जगह निजी वाहनों का प्रयोग अधिक करते हैं। विकास के नाम पर दिल्ली एवं एनसीआर में निर्माण कार्य भी बेतरतीब तरीके से होता रहता है। इससे धूल के कण हवा में जहर घोलने का काम करते हैं। इसके अलावा खेतों में पराली जलना भी प्रदूषण का बड़ा कारण है। हरियाणा और पंजाब समेत कई राज्यों में किसान इन महीनों में पराली जलाते हैं, जिससे स्मॉग की समस्या बढ़ जाती है। प्रदेश सरकारें आज तक इस समस्या का स्थायी समाधान नहीं निकाल सकी हैं। सरकारें किसानों को यह चेतावनी देकर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर लेती हैं कि अगर किसानों ने पराली जलाई तो उनको जुर्माना देना होगा, लेकिन सरकारें भी यह बात अच्छी तरीके से जानती हैं कि किसान के पास पराली को डिस्पोज करने का कोई विकल्प नहीं है। पराली का डिस्पोजल इतना महंगा है कि किसान सरकार के सहयोग के बिना उसे कर ही नहीं सकते है। दिल्ली में हवा अत्यधिक खराब होने के कारण वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) ने अधिकारियों को ग्रेडेड रिस्पांस के चरण दो को लागू करने का निर्देश दिया है। ग्रेप-2 के नियमों के तहत केंद्र सरकार दिल्ली और एनसीआर में पार्किंग शुल्क बढ़ा देगी, जिससे पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को ज्यादा से ज्यादा इस्तेमाल किया जाए। सरकार मेट्रो और इलेक्ट्रिक बसों के फेरे भी बढ़ाएगी। इसके अलावा सड़कों पर रेस्ट्रोरेंट में कोयले के इस्तेमाल पर प्रतिबंध, धूल के कणों को कम करने के लिए पानी के छिड़काव करने के भी निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा उच्चतम न्यायालय ने भी वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से दिल्ली और उसके आसपास वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों पर रिपोर्ट मांगी है। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने प्रदूषण के मामले में न्याय मित्र की भूमिका निभा रहीं वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह की सर्दियों के दौरान वायु प्रदूषण की समस्या और फसल अवशेष जलाने के बारे में दी गई दलीलों का संज्ञान लिया। अगली सुनवाई 31 अक्टूबर को होनी है। लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि यह सभी प्रयास अक्टूबर और नवंबर महीने में ही क्यों किए जाते हैं?

# 'मेरी माटी-मेरा देश' : जनपद से अमृत कलश यात्रा भव्यता के साथ लखनऊ के लिए रवाना

* पंच प्रण के साथ जनप्रतिनिधि, अफसरों ने युवा स्वयंसेवकों को सौंपे अमृत कलश
* खीरी से 35 युवा कलश लेकर लखनऊ रवाना

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी




शुक्रवार को मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जिला प्रशासन द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास दफ्तर से जनपद के विभिन्न नगर निकाय एवं विकास खण्डों से एकत्रित अमृत कलश को लखनऊ के लिए रवाना किया गया।कलेक्ट्रेट से विधायक सदर योगेश वर्मा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह,डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर अमृत कलश यात्रा को लखनऊ के लिए रवाना किया। बाजे गाजे एवं देशभक्ति के गीतों से सराबोर माहौल में कलश यात्रा में शामिल कलश रथ (बस) में 35 युवा कलश लेकर सवार हुए। पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन अभियान के नोडल अधिकारी डीपीआरओ सौम्यशील सिंह ने किया।इस मौके पर विधायक सदर योगेश वर्मा ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित यह एक पुनीत माटी-वन्दनोत्सव है, जिसमें हम सभी के लिए अपनी विराट सांस्कृतिक विरासत से प्रगाढ़ रूप से रूबरू होने, उसकी भव्यता पर गर्व करने और ऐसे गर्वजनित रस में डूबकर उत्सवमय आनन्द लेने का स्वर्णिम अवसर प्रदान किया, जो हम सबके लिए सौभाग्य का क्षण है। उन्होंने कार्यक्रम को दिव्यता एवं भव्यता के साथ सम्पन्न कराने के लिए प्रशासनिक टीम को बधाई दी।भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने कहा कि मेरी माटी मेरा देश की कल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की है। इस कार्यक्रम का मूल उद्देश्य उन भूले हुए शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं पूर्वजों को याद करना है जिन्होंने मां भारती को स्वतंत्र कराने में अपने प्राणों की आहुति दी थी।उन्होंने अमृत कलश यात्रा में शामिल बच्चों की यात्रा मंगलमय होने के साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि मेरी माटी-मेरा देश% कार्यक्रम अपने देश, अपनी मातृभूमि के लिए श्रद्धा, आदर एवं सराबोर हो जाने जैसे अपनेपन के भाव से प्रेरित है। आजादी के नायकों की वीरगाथा और अपनी मातृभूमि की मिट्टी अनमोल है। सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत इस पुनीत कार्यक्रम में हर जनपदवासी को सहभागी बनाया गया। यह मुहिम जन-जन में राष्ट्रभक्ति की भावना को एक बार फिर से जागृत करने का काम कर रही।इस मौके पर सीडीओ अनिल कुमार सिंह,एसएसबी, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह, पीडी एसएन चौरसिया, डीसी मनरेगा विपिन चौधरी सहित जिला स्तरीय अधिकारी सहित अन्य बीजेपी पदाधिकारी, नगर निकायों व क्षेत्र पंचायतों के प्रमुखगण, अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य व संभ्रान्तजन, अधिकारी व कर्मचारी, समाजसेवी, मीडिया प्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आमजन मौजूद रहे।बता दे कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश यात्रा, शिलाफलकम की स्थापना और अमृत वाटिका बनाई गई। इसके बाद ब्लाक स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। आज जिला स्तर पर आयोजित मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम में जिले के ब्लाकों, नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं से लाए अमृत कलशों को युवाओं को सौंपा गया। जो लखनऊ में प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम और नई दिल्ली में राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## जंगली जानवर ने घर में बंधी ममैसीयो के पड्डे का किया शिकार

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

मितौली खम्हरिया गांव निवासी श्री कृष्ण वर्मा के मकान में बंधे ममैसी के पड्डे पर जंगली जानवर ने हमला कर अपना निवाला बना डाला।मौत के दिया। मौके पर पहुंचे वन विभाग मैगलगंज ने पशु अस्पताल मितौली के डाक्टर द्वारा पोस्टमार्टम कर जांच को भेज दिया।मितौली क्षेत्र के गांव खम्हरिया में जंगली जानवरों का एक सप्ताह से आतंक चल रहा है बृहस्पतिवार रात गांव के बीच श्री कृष्ण वर्मा के घर बंधे ममैसी के पड्डे को अपना निवाला बना लिया। परिजन सुबह ममैसीयो को देखने गए तौ पड्डे के अवशेष मिले। परिजनों ने बाघ द्वारा शिकार का अंदेशा है वहीं वन विभाग मैगलगंज रेंजर के के सागर डिप्टी रेंजर रवि चंद्र सचान ने मौका मुआयना किया और ग्रामीणों को सतर्क रहने की अपील की है वन विभाग ने लकड़बग्घे की पुष्टि की है वन विभाग ने पशु अस्पताल मितौली के डाक्टर व टीम ने पड्डे का पोस्टमार्टम कर जांच को भेज दिया गया है।


## बस की टक्कर से बुआ-भतीजी की मौत, दो घायल, एक ही बाइक पर सवार थे चारों



जन एक्सप्रेस । सुनहरा

लखीमपुर खीरी। एक परिवार के चार सदस्य एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। लखीमपुर-मोहम्मदी रोड पर अमीरनगर के पास उनकी बाइक को बस की टक्कर लग गई, जिससे बुआ-भतीजी की मौत हो गई। दोनों की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। तहसील मोहम्मदी क्षेत्र में शुक्रवार सुबह सड़क हादसा हो गया। लखीमपुर-मोहम्मदी रोड पर अमीरनगर के पास निजी बस की टक्कर से बाइक पर सवार बुआ-भतीजी की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ये सभी एक ही बाइक पर सवार थे। अमीरनगर के रामपुर रामदास गांव से वापस घर जा रहे थे। मोहम्मदी कोतवाल अम्बर सिंह ने बताया कि शाहजहांपुर के पुवायां थाने के गांव सुजानपुर निवासी 30 वर्षीय सुधा पुत्री लालाराम अपने भाई रवि,भतीजी अनुष्का व चचेरी बहन के साथ बृहस्पतिवार को अमीरनगर के रामपुर रामदास गांव में रिश्तेदारी में आई थी। शुक्रवार की सुबह करीब आठ बजे ये लोग एक ही बाइक से वापस गांव जा रहे थे। अमीरनगर के पास बाइक प्राइवेट बस से टकरा गई। हादसे में सुधा और उसकी भतीजी अनुष्का की मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल भाई रवि और चचेरी बहन को इलाज के लिए सीएचसी लाया गया। सूचना मिलते ही मृतकों के परिजन अस्पताल पहुंच गए। उधर, हादसे के बाद बस चालक भाग गया।पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# डीएम के आग्रह पर अनिश्चितकालीन धरना खत्म




जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी

* धरने में जमीन पर किसानों संग बैठे डीएम-सीडीओ, किया संवाद, घर लौटे किसान

तराई संघर्ष महासंघ के तत्वावधान में जनपद खीरी में गत 15 अक्टूबर से सिंधिया फॉर्म गुरुद्वारे के पास संचालित अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के अनुरोध एवम् वार्ता के क्रम में सर्वसम्मति से समाप्त हुआ। शुक्रवार की दोपहर 12 बजे डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय सिंह, एसडीएम श्रद्धा सिंह रत्नाकर मिश्रा संग सिंधिया फॉर्म स्थित धरना स्थल पहुंचे,जहां डीएम किसानों के साथ जमीन पर ही बैठ गए। यह देख किसानों ने उनके सम्मान में तालियां बजाईं।किसानों से संवाद करते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि आपकी पीड़ा में शासन-प्रशासन आपके साथ है। आपके ज्ञापन में उल्लेखित सभी बातों से शासन में सर्वोच्च स्तर तक पहुंचा दी है। इसी क्रम में गत 25 अक्टूबर को अपर मुख्य सचिव (राजस्व) की अध्यक्षता में सर्वोच्च स्तर पर बैठक हुई, जिसमें उन्होंने स्वयं प्रमुखता से उनकी मांगों को शासन के समक्ष रखा। इस बैठक में हुए विचार विमर्श के क्रम में जो मुख्य सचिव उप्र शासन से जो निर्णय होगा। उस निर्णय से प्रशासन अवगत कराएगा। इस उच्च स्तरीय बैठक में राजस्व, सिंचाई, राहत, बाढ़ सहित सभी संबंधित विभागों के उच्च स्तरीय अफसर शामिल हुए। इस दौरान किसानों ने फ्लड प्लेन जोन के बाहर बेला सिकटिहा के पास नदी से धारा निकलती है, जिससे नुकसान होने की बात कहते हुए इसे बंद करने की मांग की। जिस पर प्रशासन ने जल्द ही इस समस्या के निदान करने की बात कही।इस दौरान तराई संघर्ष महासंघ पदाधिकारी ने वहां मौजूद किसानों एवं ग्राम वासियों की सहमति से धरने को स्थगित करने की घोषणा की। अंत में डीएम ने मौजूद लोगों का आभार प्रकट किया। इस दौरान सीडीओ अनिल कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी श्रद्धा सिंह, प्रभारी निरीक्षक फूलबेहड़ सहित प्रशासनिक अधिकारी गण मौजूद रहे।

# हाई कोर्ट से दिलाएंगे गन्ना डिफर भुगतान : रामपाल सिंह

जन एक्सप्रेस । आशीष कुमार तिवारी



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** राष्ट्रीय किसान शक्ति संगठन की महापंचायत में राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह ने कहा कि वह पेराई सत्र 2009-10 के लगभग 40 रुपये कुंतल डिफर भुगतान के लिए हाई कोर्ट जाएंगे और किसानों का डिफर भुगतान जरूर कराएंगे। उन्होंने कहा कि गन्ने की सूखी पत्ती जलाने के लिए गन्ना विभाग द्वारा ही परामर्श दिया गया था किंतु अब किसानों पर जुर्माना किया जा रहा है यह बर्दाश्त नहीं होगा इसके लिए संघर्ष किया जाएगा।प्रदेश अध्यक्ष पटेल श्री कृष्ण वर्मा ने कहा की चीनी मिल चलने के लिए तैयार है अभी तक सट्टो की कैलेंडरिंग नहीं हुई है उन्होंने जेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक और सचिव को 3 दिन में कैलेंडर सही कर किसानों की जमीन दर्ज करने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकार तत्काल निराश्रित पशुओं का प्रबंध करे यदि ऐसा नहीं किया गया तो घाटे में किसान खेती करना बंद कर देगा तो देशवासियों के भूखे मरने की नौबत आ जाएगी।सभा में चीनी मिल के अधिकारियों को आने का आह्वान किया गया जिस पर बजाज चीनी मिल के गन्ना महाप्रबंधक चतुर्वेदी पंचायत में आये उन्होंने बताया कि बजाज कंपनी एनसीएलटी का केस जीत गई है इसलिए नए भुगतान का रास्ता साफ हो गया है ।पुराने भुगतान के लिए परसों 25 अक्टूबर को बैठक हुई है जिसमें बजाज एनर्जी का बकाया 1361. 20 करोड़ रूपया किसानों के एस्क्रो अकाउंट में सीधे सरकार भेजेगी इससे पुराना भुगतान साफ हो जाएगा इस पर किसानों ने दीपावली से पूर्व एक-एक पर्ची का भुगतान मांगा जिस पर उन्होंने कंपनी के अधिकारियों से बातचीत करने की बात कही।नगर में पहली बार आये राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल सिंह का कार्यकर्ताओं ने ममरी पहुंचकर स्वागत किया और उन्हें मंच तक लाये मंच पर 10 किलो की माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत किया गया।सभा को डॉक्टर रविंद्र नाथ वर्मा, जिलाध्यक्ष मनोज कुमार वर्मा संतोष सिंह आदि ने संबोधित किया।

इस मौके पर राधेश्याम वर्मा, परमेश्वर दीन वर्मा, गुरु प्रसाद वर्मा, नत्थूलाल, सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार वर्मा, बाबा राजेंद्र प्रसाद, राजेश कुमार वर्मा, प्रदीप राठौर, अब्दुल बारी, मोहम्मद कमर खां, शहगीर खा सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पुलिस लाइन में साप्ताहिक परेड हुईं सम्पन्न

जन एक्सप्रेस/शाजिफ हुसैन/लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाईन्स ग्राउंड पर शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। परेड में क्षेत्राधिकारी लाइन्स, पुलिस लाइन का



पुलिस बल तथा विभिन्न कार्यालयों में नियुक्त पुलिसकर्मी सम्मिलित हुए। निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा एमटी शाखा व क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया गया। गार्द कमांडरों के रजिस्टरों की चेकिंग कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा द्वारा पुलिस लाइन में स्थित समस्त कार्यालयों के रजिस्टरों का अवलोकन किया गया। तथा अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समस्त रजिस्टर्स,अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया।

### राज्य मंत्री ने मंडी समिति में लगे धान क्रय केदो का किया औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/सिदाकत मंसूरी/ मोहम्मदी खीरी। मंत्री/क्षेत्रीय विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने कृषि उत्पादन मंडी समिति परिसर के सरकारी धान क्रय केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। जहां कुछ खामियां मिलने पर उन्होंने मंडी कर्मियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश देने के साथ ही कहा कि किसानो को कोई भी समस्या नही आनी



चाहिए। मंत्री/विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह ने मंडी समिति में लगे सरकारी क्रय केंद्रों का निरीक्षण किया। नमी मानक के अनुरूप धान की नमी के बारे में भी जानकारी ली। विधायक ने बताया कि प्रदेश सरकार की मंशा है कि प्रत्येक अन्नदाता को फसल का पूरा दाम मिले, जिसके लिए सरकार प्रयत्नशील है। किसानों का शोषण किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष सौरव गुप्ता, सुशील त्रिवेदी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### 142 अदद अवैध नशीला पदार्थ अल्प्राजोलम बरामद कर 01 नफर अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। पुलिस अधीक्षक खीरी, गणेश प्रसाद साहा के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक खीरी के निकट पर्यवेक्षण में संपूर्ण जनपद में अपराध की रोकथाम व अवैध मादक पदार्थों के निर्माण, बिक्री व परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल मार्गदर्शन में शुक्रवार को कोतवाली सदर पुलिस द्वारा रुखिया झाल पुल के पास बायी नहर पटरी बहद ग्राम रवही से 01



नफर अभियुक्त पुष्प कुमार उर्फ फुस्सु पुत्र त्रिभुवनलाल वर्मा निवासी रुखिया थाना व जिला खीरी को 142 अदद अवैध नशीला पदार्थ अल्प्राजोलम सहित गिरफ्तार किया गया जिसके संबंध में अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 1043/2023 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत करके अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष भेजा गया है। गिरफ्तार अभियुक्त का पुष्प कुमार उर्फ फुस्सु पुत्र त्रिभुवनलाल वर्मा निवासी रुखिया थाना व जिला खीरी। जिनके पास से पुलिस ने 142 अदद अवैध नशीला पदार्थ अल्प्राजोलम बरामद किया अभीयुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक संदीप कुमार यादव कोतवाली सदर हेड कांस्टेबल अविनाश सिंह कोतवाली सदर कांस्टेबल विद्याप्रकाश सिंह कोतवाली सदर कांस्टेबल शशिकान्त कोतवाली सदर।

# थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन हुआ सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी



बेहजम थाना प्रभारी नीमगांव अजीत कुमार का स्थानांतरण आदेश होने के बाद थाना परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें थाना परिसर में पहुंचे क्षेत्रीय सम्मानित लोग एवं पुलिस स्टाफ द्वारा थाना अध्यक्ष को फूलमाला एवं पुष्प गुच्छ साल उपहार देकर उनको सम्मानित कर भाव भिनी विदाई दी गई। विदाई के बाद उनके कार्यों को सहारते हुए दिलों में उनकी याद बनाए रखने जैसे भाव प्रस्तुत किए साथ में स्थानीय लोगों एवं समस्त थाना स्टाफ ने थाना प्रभारी अजीत कुमार के कार्यकाल की सराहना की है उनके साथ में रहकर किए गए कार्यों के अनुभव को बेहतर बताया है।थाना प्रभारी अजीत कुमार नीमगांव रहे हैं जिनका कार्य बेहतर रहा है थाने पर अगर किसी की कोई समस्या पहुंचते हीं तत्काल प्रभाव से उसे पर एक्शन लेकर कार्य करते थे ऐसे थे थाना अध्यक्ष नीमगांव और इतना ही नहीं थाना अध्यक्ष नीमगांव अजीत कुमार सदैव महिलाओं को सम्मान देकर उनकी समस्या सुनते थे उपनिरीक्षक अजीत कुमार चौकी प्रभारी से सीधे नीमगांव थाना अध्यक्ष के पद पर प्रमोशन हुआ था जो ईमानदारी पूर्वक अपने पद का कार्यकाल संभाला था जिनको हैदराबाद थाने का थाना प्रभारी बनाया गया इस अवसर पर बेहजम चौकी प्रभारी सिकंदराबाद चौकी प्रभारी पत्रकार अश्वनी बाजपेई पत्रकार धीरज तिवारी पत्रकार बृजेश सिंह प्रधान संदीप कुमार गौतम सहित थाना स्टॉफ व सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# निशुल्क ऑनलाइन भी अपने मतदाता पहचान के लिए आवेदन करें : डीएम




* लोकतंत्र में मतदान करने का सभी को अधिकार है : एम0पी0 सिंह

जन एक्सप्रेस । हरदोई

विशेष संक्षिप्त पुनरक्षण एवं मतदाता पंजीकरण अभियान के सम्बन्ध में सीएसएन पीजी कालेज के सभागार में छात्र-छात्राओं की आहूत बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मंगला प्रसार सिंह ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं ने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है वह 27 नवम्बर से 09 दिसम्बर के बीच 04, 05 व 25, 26 नम्बर तथा 02, 03 दिसम्बर 2023 को आयोजित होने वाले विशेष अभियान के तहत अपने मतदान केन्द्रों पर जाकर बीएलओ के माध्यम से फार्म भरकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के साथ मतदाता पहचान पत्र बनवायें, इसके अलावा निर्वाचन काल सेन्टर ऐप के माध्यम से निःशुल्क ऑनलाइन भी अपने मतदाता पहचान के लिए आवेदन कर सकते है। जिलाधिकारी को लोकतंत्र में मतदान करने का सभी को अधिकार है इसलिए सभी छात्र-छात्राएं अपने घरवालों के साथ मोहल्ले एवं आस-पास के छूटे नवयुवक-युवतियों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराने के साथ मतदाता पहचान पत्र बनवायें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रियंका सिंह सीएसएन प्राचार्य सहित शिक्षक एवं भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

## फसल अवशेष प्रबंधन पर ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

जन एक्सप्रेस । हरदोई

ग्राम गांधी विकासखंड सैंडी में फसल अवशेष प्रबंधन पर ग्राम स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम संपन्न कराया गया जिसका उद्देश्य कृषकों के बीच पराली ना जलाने का संदेश देना था तथा अन्य फसल अवशेषों को काटकर भूमि में मिलाकर मृदा स्वास्थ्य तथा पर्यावरण सुरक्षित करना था। इस अवसर पर कृषि विज्ञान केंद्र हरदोई प्रथम के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर डी बी सिंह ने कहा कि आज जहां भूमियों में मृदा कार्बन 0.18प्रतिशत ही रह गया है जबकि उचित फसल उत्पादन हेतु यहां 0.80 प्रतिशत से अधिक होना चाहिए फसल अवशेषों को बुवाई से पूर्व खेतों में काटकर अवश्य मिले जिससे मृदा स्वास्थ्य में सुधार हो सके वह पर्यावरण सुरक्षित रह सके केंद्र के वैज्ञानिक मुकेश सिंह ने कहा की कृषक किसी भी दशा में परली या अन्य फसल अवशेष ना जलाएं वरना अर्थ दंड के साथ-साथ सजा भी हो सकती है उन्होंने कहा कि दो एकड़ से कम फसल अवशेष जलने पर रुपया 1500 का जुर्माना 2 एकड़ से 5 एकड़ के बीच ढाई हजार रुपए जुर्माना तथा 5 एकड़ से अधिक फसल अभिषेक जलने पर रू 5000 जुर्माना होगा पुनरावृत्ति होने पर अर्थ दंड एवं सजा दोनों का प्रावधान है कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम गांधी के ग्राम प्रधान सतीश चंद्र तिवारी ने की।

# आर्य समाज मन्दिर का 87 वां वार्षिकोत्सव सम्पन्न

जन एक्सप्रेस । हरदोई



परम पिता परमात्मा की उपासना करने का सबसे सरल संसाधन यज्ञ हैं।जो ईश्वर का मुख है।उन्हें जो भी पदार्थ खिलायेगे उससे कहीं ज्यादा आपको प्रदान करेगे।व्यक्ति अपने जीवन में जो भी अच्छे बुरे सत्कर्म करेगा उसी के अनरूप हासिल करेगा।

उक्त विचार आर्य समाज मंदिर के 87 वें बार्षिकोत्सव के तीसरे दिवस 27 अक्टूबर को सम्पन्न कराये यज्ञ में आर्य प्रतिनिधि सभा के विद्वान आचार्य विमल कुमार ने व्याक्ति किया।यजमान अंशुल गुप्ता बने।यज्ञ की वेदी पर बैठे लोगो को यज्ञोपवीत कराया। यज्ञ के आचार्य विमल आर्य ने यज्ञोपवीत का महात्व बताते हुए यजोपवीत अंकुल गुप्त,रामनाथ को कराया।यज्ञ की पूर्ण आहूति तीसरे दिवस दी।हरिद्वार के विद्वान शैलेश मुनि सत्यार्थी ने ईश्वर की उपासना व जड़ व चेतन देवता की पूजा करना भी महात्व समझाया।जड़ देवता सूर्य,वायु,आग्नि का अलग अलग महात्व बताया यदि एक की भी पूजा नही होगी तो स्थिरता नही होगी।ईश्वर सभी का चालक हैं।वही चेतन देवता माता पिता हैं। इनकी कर्पा न होता तो जीवन न होता। वही बिजनौर से आये भजनोउपदेशक नरेद्र दत्त आर्य ने श्रवण व राजा दशरथ की मार्मिक कथा सुनाते हुए कहा जेसा कर्म करेगे प्रति फल मिलता हें। आर्य विदुषी प्रज्ञा व ऋतम्भरा ने ईश्वर भक्ति व महर्षि दयानन्द सरस्वती के संदेश वेदों की ओर लौटो की अलख जलाने के लिए गीतो के माध्यम से जागृति की।वही 26 अक्टूबर की रात्रि कार्यक्रम में जनपद के पकरी गांव के अनिल धर्नुधर ने अपनी कला के 10 भैदन लक्ष्य साधकर लोगों मन्त्र मुग्ध कर दिया। भेदन में शब्द भेदी,स्पर्श भेदन,हिलते धागा,लटकते धागा,एक लक्ष्य से चार दुश्मनो को एक ही बाण से लक्ष्य बनाना।आर्य समाज़ मदिर में तमाम भक्त प्रदर्शन देख मन्त्र मुग्ध हो गये।



## भाजपा नेता पर जमीन कब्जाने का आरोप

जन एक्सप्रेस । हरदोई

सांडी थाना क्षेत्र के तिराहा बाजार में एक विवादित प्लाट पर रातों-रात दीवाल खड़ी कर एक पक्ष द्वारा कब्जा करने का आरोप है। पीड़ित ने उच्च अधिकारियों से मामले की शिकायत की है। जानकारी के अनुसार सांडी थाने के तिराहा बाजार मे एक प्लाट लालाराम से चंद्रजीत यादव के पिता सूबेदार सिंह ने खरीदा था जिसका दाखिल खारिज नहीं हो सका। वेश कीमती जमीन पर सत्ता के कार्यकर्ताओं की नजर गई। बताया जा रहा है कि भाजपा के मंडल अध्यक्ष ग्रामीण विजय शंकर ने घोधी गांव निवासी बृजकांत के नाम प्लाट के सामने सडक मे चली गई जमीन का जाहिदा वानो से वैनामा करा लिया।और उसी वैनामें का सहारा लेकर सुवेदार के प्लाट पर रातो रात दीवार खडी कर कब्जा कर लिया। पीडित ने मामले की शिकायत एसपी और मुख्यमंत्री पोर्टल पर की। पीडित चन्द्रजीत यादव ने बताया कि मामले की शिकायत के वाद भी कोई कार्यवाई नही हो रही जव कि भूमि का मुकदमा तहसील विलग्राम व दीवानी न्यायालय मे विचाराधीन है।

## 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर तक चलाया जायेगा मतदाता पंजीकरण अभियान : एसडीएम

जन एक्सप्रेस । हरदोई

उपजिलाधिकारी सदर स्वाती शुक्ला ने बताया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा आज 27 अक्टूबर 2023 से विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम का प्रारम्भ हो रहा है, जिसके अन्तर्गत 27 अक्टूबर 2023 से 09 दिसम्बर 2023 तक मतदाता (वोटर) पंजीकरण अभियान चलाया जायेगा। इस कार्यक्रम के माध्यम से 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके अथवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले नये मतदाताओं को जोड़ा जायेगा। पंजीकरण हेतु विशेष अभियान दिवस क्रमशः 04, 05, 25, 26 नवम्बर एवं 02 03 दिसम्बर को मतदान केन्द्रों पर आयोजित होगें। उन्होंने बताया कि 27 अक्टूबर से 09 दिसम्बर 2023 के मध्य वोटर लिस्ट के सम्बन्ध में आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई उद्योग विभाग की रोजगार योजनाओं की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस/हरदोई। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी की प्रगति के संबंध में समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि रोजगार योजनाओं में प्राप्त आवेदनों का ससमय निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। आवेदन लंबित रहने पर जवाबदेही तय की जाएगी। बिना किसी उपयुक्त कारण के आवेदनों को खारिज न किया जाए। प्रक्रिया में लालफीताशाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नही की जाएगी। इस अवसर पर उपायुक्त उद्योग दुर्गेश कुमार, एलडीएम, बैंकों के प्रतिनिधि व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की भर्तियां ब्लाक स्तर पर, तिथियां हुई निर्धारित

**जन एक्सप्रेस । देवरिया**

कंपनी के डिप्टी कमांडेंट बताया कि जनपद के सभी विकास खण्ड मुख्यालयो में एसआईएस इंडिया लि0 जौनपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा।एसआईएस इंडिया लि0 भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। जो सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशो में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी।

विकास खण्ड मुख्यालयो पर तिथिवार आयोजित शिविर के पूर्ण विवरण अनुसार तिथियां ब्लाक स्तर पर निर्धारित की गई है। 01 व 02 नवम्बर को लार एव बैतालपुर ब्लॉक में , 03 व 04 नवम्बर को बरहज एव गौरी बाजार ब्लॉक , 05 व 06 नवंबर को भलुअनी एवं बनकटा ब्लॉक, 07 व 08 नवंबर को सलेमपुर एवं देसही देवरिया ब्लाक, 09 और 10 नवंबर को भागलपुर एवं रामपुर कारखाना ब्लाक,14 व 15 नवंबर को भटनी एवं पथरदेवा ब्लाक, 16 व 17 नवंबर को रुद्रपुर एवं तरकुलवा ब्लॉक, 18 व 19 नवंबर को भाटपार रानी एवं देवरिया सदर ब्लॉक में निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया है कि किसी ब्लॉक के अभ्यर्थी किसी भी ब्लॉक में भर्ती देख सकते हैं।

जिले के वरिष्ठ अधिकारियों ने इन शिविरो के सफल आयोजन के लिए सभी खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देशित किया गया है कि वे आपेक्षित सहयोग प्रदान करेंगे तथा डिप्टी कमांडेंट रजनीश राय द्वारा आयोजन को लेकर अपेक्षाओ के अनुरूप अपना सहयोगात्मक योगदान देंगे।

डिप्टी कमांडेंट श्री राय ने बताया कि सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 168 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 21 से 37 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम, योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। उन्होंने इच्छुक बेरोजगार युवको को उक्त निर्धारित तिथिया अपनी सुविधानुसार संबंधित ब्लाको में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है जिसमें चयनित अभ्यर्थियो का पंजीकरण करने के लिए 500 रू0 ऑनलाइन जमा करना होगा।

पंजीकृत चयनियत अभ्यर्थियो को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए जौनपुर भेजा जायेगा, जहाँ प्रत्येक चयनित एवं इच्छुक उम्मीदवारों को प्रशिक्षण के दौरान एक माह प्रशिक्षण के उपरान्त उन्हें तैनाती स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती दिया जायेगा।

जहाँ नौकरी के दौरान पीएफ ईएसआई, ग्रेच्युटी, इन्स्युरेन्स, पेंसन एवं अन्य सुविधाएं प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा 65 वर्ष तक स्थाई नौकरी, सलाना वेतनवृद्धि, समय समय पदोन्नति एवं राज्य सरकार के न्यूनतम वेतन अधिनियम के तहत वेतन का भुगतान किया जाता है। विशेष जानकारी के लिए संस्था के अधिकृत वेबसाइट www. ssciin-dia.in को देखा जा सकता है।

# चरखारी विधायक ने अधिवक्ता भवन का फीता काटकर किया उद्घाटन

**जन एक्सप्रेस । महोबा**



तहसील अधिवक्ता संघ के द्वारा दशहरा मिलन कार्यक्रम का आयोजन तहसील परिसर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर क्षेत्रीय विधायक बृजभूषण राजपूत उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने निधि से निर्मित अधिवक्ता भवन का उद्घाटन किया।

तहसील अधिवक्ता संघ के बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा के नेतृत्व में दशहरा मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया।

जिसमें उन्होंने अधिवक्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के लिए प्रतिवर्ष एक भवन देते रहेंगे और उन्होंने कहा कि तहसील परिसर में सीसी सड़क का निर्माण कार्य भी कराया जाएगा। इस दौरान उन्होंने निधि से निर्मित अधिवक्ताओं के बैठने के लिए अधिवक्ता चेम्बर का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उपजिलाधिकारी अनुराग प्रसाद, तहसीलदार दिवाकर मिश्रा, बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रमोद कुमार मिश्रा, महामंत्री विवेक राजपूत, कौशलेंद्र राठौर, बृजेन्द्र द्विवेदी सहित तमाम अधिवक्तागण मौजूद रहे।

# गौरव मिश्र ने बढ़ाया मान

**जन एक्सप्रेस । बरहज, देवरिया**

नगरपालिका परिषद गौरा बरहज के गौरा पश्चिमी निवासी 22 वर्षीय गौरव मिश्र पुत्र ज्ञानेंद्र मिश्र ने अपने प्रतिभा के बल पर शानदार उपलब्धि अर्जित किया है। कम उम्र में ही रिलायंस इंडस्ट्रीज़ में अच्छे पैकेज पर न केवल इंजीनियर के पद पर चयनित हुए हैं बल्कि इंजीनियरिंग अंतिम वर्ष के छात्र के रूप में पिल्लई कॉलेज ऑफ़ इंजीनियर टेक्नालजी मुंबई विश्वविद्यालय के पाँच छात्रों के ग्रुप को लीड करते हुए गौरव ने 2 महत्वपूर्ण पेटेंट प्रकाशित कराया है। इसमें एक पेटेंट महिन्द्रा एंड महिन्द्रा आटोमैटिक के सहयोग से विकसित किया गया है। गौरव के साथ टीम में प्रकाश देव सिंह, सलोनी रंगनेकर पंकज महाले और श्वेतांग मेश्राम सम्मलित रहे ।प्रारंभ से ही मेधावी छात्र रहे गौरव की शिक्षा दीक्षा मुंबई से हुई। अपनी इस नई पेटेंट के बारे में बताते हुए गौरव ने बताया कि अपशिष्ट पदार्थों -जैसे प्लास्टिक, राख और प्रयोग में लायी गई फाउंड्री रेत का प्रयोग कर पेवर ब्लॉक विकसित करने की खोज की गई है जो बहुत ही हल्का तथा संपीड़क क्षमता से युक्त होगा। इतना ही नहीं यह साधारण पेवर ब्लॉक की तुलना में एक तिहाई कार्बन डाइऑक्साइड का उत्सर्जन करेगा जो बढ़ते पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में काफ़ी सहायक होगा। जहाँ साधारण पेवर ब्लॉक को 28 दिन क्यूरंग करना पड़ता है वही इस नए तकनीक से बने पेवर ब्लॉक उत्पादन को 24 घंटे के बाद ही प्रयोग में लाया जा सकता है। गौरव मिश्रा स्थानीय बी आर डी बी डी पी जी कॉलेज आश्रम बरहज के पूर्व प्राचार्य प्रोफ़ेसर अजय कुमार मिश्र के भतीजे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर पूर्व आई ए एस सी पी मिश्रा प्रोफेसर अजय कुमार मिश्रा, पूर्व निदेशक डॉक्टर प्रदीप मिश्र, पूर्व नपा अध्यक्ष अजीत जायसवाल, डॉक्टर वी पी पांडे डॉक्टर दर्शना श्रीवास्तव, प्रोफेसर आरती पांडे, प्रोफेसर विनय कुमार रावत, प्रधानाचार्य प्रेम शंकर पाठक, मुरारी अग्रवाल, प्रदीप जायसवाल, कृष्ण मोहन पाठक पूर्व प्रवक्ता विद्याधर तिवारी, श्रवण कुमार सिंह एडवोकेट, पूर्व सभासद में बिमलेन्द्र तारकेश्वर वर्मा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष जे पी श्रीवास्तव, जितेन्द्र भारत, ब्लॉक प्रमुख सुभास प्रसाद, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजा सिंह डॉक्टर अमित राय, पत्रकार श्रवण कुमार गुप्ता, शशिभूषण पाठक, गणेश त्रिवेदी, मदनलाल गुप्त, शिवसाहय बरनवाल, मनोज गुप्ता, आशीष कुमार सिंह सचिन, पंकज सिंह, धरमवीर सिंह, महेश सिंह तथा आशीष सिंह पोल्टे आदि बधाई दी है।

## दशहरा मिलन समारोह की बनाई रणनीति

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** दूढ़ोमर वैश्य महिला इकाई की अध्यक्षा मोहिनी गुप्ता के आवास पर दूढ़ोमर वैश्य समाज की बैठक हुई। जिसमें दशहरा मिलन समारोह के लिए रणनीति बनाई गई। बैठक में 29 अक्टूबर दिन रविवार को नगर के श्याम पैलेस में दूढ़ोमर वैश्य महिलाओं का दशहरा मिलन का कार्यक्रम सुनिश्चित हुआ। कार्यक्रम में दूढ़ोमर वैश्य समाज के बच्चों की डांस प्रतियोगिता, फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता और महिलाओं की डांडिया प्रतियोगिता होगी। बैठक में महिला अध्यक्षा श्रीमती मोहिनी गुप्ता, गगन गुप्ता, विनीत गुप्ता, नीतू गुप्ता, नेताजी, अतुल गुप्ता, रीतू गुप्ता, मनीष गुप्ता, अंकित गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का समापन


**जन एक्सप्रेस । महोबा**



जिला स्टेडियम में शुक्रवार को परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का समापन किया गया। अंतिम दिवस सभी प्रतिभागियो ने बढ़चढ़कर प्रतिभाग किया। एथेलेटिक्स, योग, जिम्नास्टिक तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम से संबंधित प्रतियोगिताएँ सम्पन्न की गईं।प्राथमिक स्तर पर 50 मी दौड़ में प्रिंस जैतपुर से, 100 मी दौड़ में नगर क्षेत्र से विजय, 200 मी में सत्यम चरखारी, 400 मी में नगर क्षेत्र के विजय विजेता हुए। बालिका वर्ग में चरखारी से नताशा, 100 मी में सुहानी जैतपुर से, 200 मी कबरई से काजल व 400 मी नगर क्षेत्र से काजल विजयी हुई। जूनियर वर्ग क्रिकेट प्रतियोगिता में ब्लॉक कबरई की टीम ने जीत दर्ज की। इसके साथ-साथ लंबी कूद, ऊँची कूद, जिम्नास्टिक, कुश्ती, समूह गायन, एकल गायन, एकांकी, अन्त्याक्षरी आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं सम्पन्न की गई। जिसमें कबरई ब्लॉक विजेता तथा जैतपुर उपविजेता रहा। विजेता छात्र-छात्राओं को मैडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अरूण शुक्ला एडी बेसिक ने बच्चों के शानदार प्रदर्शन की सराहना करते हुए उन्हें आगे बेहतरीन प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। वहीं जिला शिक्षाधिकारी डॉ. अजय कुमार मिश्र ने छात्र जीवन मे खेलकूद के महत्व के बारे में बताते हुए प्रोत्साहन किया। इस मौके पर समस्त ब्लॉकों के खंड शिक्षाधिकारी गौरव शुक्ला, अवनीश यादव, शैलेश त्रिपाठी, प्रीती राजपूत, प्रवेश वाजपेयी ने भी सभी बच्चों के बेहतर प्रदर्शन की सराहना की। जिला व्यायाम शिक्षक भूपेंद्र राजपूत ने सभी का आभार प्रकट किया। समापन अवसर पर समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं समस्त अनुदेशक मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने धान की फसल कटवाकर फसलोत्पादन के औसत का कराया आंकलन

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने तहसील उरई के ग्राम जयपुरा में पहुंचकर अपने सामने धान की फसल कटवाकर फसलोत्पादन का औसत आकलन कराया। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा क्रॉप कटिंग के आधार पर ही उत्पादकता के सटीक आंकड़े प्राप्त किये जाते हैं। क्रॉप कटिंग से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर ही ओलावृष्टि, अतिवृष्टि एवं अन्य प्रकार से फसल नुकसान और फसल बीमा का मुआवजा राशि का निर्धारण किया जाता हैं। उन्होने कहा कि किसान नजदीकी धान क्रय केन्द्र पर अपनी फसलों को विक्रय करने हेतु सलाह दी। उन्होने प्रधानमंत्री फसल बीमा के फायदों को बताते हुये कहा कि किसी भी प्रकार का बीमा आपदा के समय में काम आता है हालांकि फसल बीमा योजना स्वेच्छिक कर दी गयी है, परन्तु किसी भी प्रकार की आपदा से बचने के लिये बीमा अवश्य ही लाभकारी होता हैं। उन्होने कहा कि धान खरीद क्रय केन्द्र पर धान बेंचने से उनकी फसल का उचित मूल्य प्राप्त होगा, बेहतर होगा कि वह किसी प्रकार की अफवाह या बहकावे में न आये। उन्होने किसानों को पराली का अचित प्रबंधन किये जाने की सलाह देते हुये पर्यावरण संरक्षण के लिये पराली न जलाने की अपील की। इस अवसर पर तहसीलदार उरई भूपेन्द्र कुमार, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल आदि कृषक मौजूद रहे।

# भेड़ चौकी में तैनात दो सिपाहियों पर युवक के साथ मारपीट का आरोप

**सीओ ने जांच कर उच्चाधिकारियों को सौंपी रिपोर्ट, दोनों सिपाही हुए लाइन हाजिर**

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कोंच कोतवाली क्षेत्र के भेड़ निवासी युवक ने चौकी में तैनात दो सिपाहियों पर मारपीट करने का आरोप लगाया। मामले को संज्ञान में लेते हुए उच्च अधिकारियों ने दोनों दोषी सिपाहियों पर लाइन हाजिर की कार्रवाई की है। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भेंड़ निवासी धीरेन्द्र वर्मा पुत्र कमलेश वर्मा ने सीओ कोंच को शिकायती पत्र दिया। जिसमें आरोप लगाते हुए बताया कि वह 26 अक्टूबर को शाम 4 बजे अपने घर से बाहर जा रहा था। तभी गांव का ही निवासी लक्ष्मी पाल पुत्र रामदयाल अपने साथ भेड़ चौकी में तैनात दो सिपाही शिवा व नीरज को लेकर आ गया। जो पीड़ित को पकड़कर भेंड़ चौकी ले गए।



बताया कि इस दौरान लक्ष्मी पाल अपनी मोटर साईकिल की चोरी का आरोप लगाने लगा। जिसको लेकर भेंड़ चौकी पुलिस ने करीब 4 बजे शाम से लेकर शाम 7 बजे तक पीड़ित के साथ मारपीट की और साथ ही रूपये की मांग भी की गई। बताया कि कुछ ही समय बाद उसकी बाइक मिल गई। जिसे वह बैंक में ही छोड़ आया था। बाइक मिलने के बाद मुझे छोड़ दिया, और गांव से अन्य बाइक चोरी होने पर उसमें फंसाने की धमकी दी गई। पीड़ित ने सीओ से मांग की है कि सिपाहियों द्वारा की गई मारपीट के दौरान उसे गम्भीर चोटे आई है। जिससे पीड़ित की डाक्टरी कारवाई जाय और दोषी दोनों सिपाहियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। फिलहाल सीओ ने बताया कि मामले को संज्ञान में लेकर जांच की गई और जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी गई। मामले में उच्च अधिकारियों ने दोषी दोनों सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।

## 18 करोड़ की लागत से खनुआ नदी पर बन रहा है नया सेतु : सभा कुंवर

**जन एक्सप्रेस/भाटपार रानी, देवरिया।** भाटपार रानी क्षेत्रीय विधायक सभा कुंवर कुशवाहा ने कहा कि खनुआ नदी पर 17.64 करोड़ की लागत से नए सेतु निर्माण की स्वीकृति मिल गई है ।उत्तर प्रदेश की पूर्वी क्षेत्र छोर पर स्थित भाटापारारानी विधानसभा केंद्र की मोदी और सूबे की योगी सरकार के नेतृत्व में स्मार्ट विधानसभा का पथिक बन चुका है है। विकास से दूर खड़ा इस विधानसभा को डबल इंजन की सरकार में विकास का पंख लग रहा है। उक्त बातें श्री कुशवाहा शुक्रवार को कस्बे की रतसिया मोड स्थित अपने आवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कहीं, उन्होंने कहा कि इस सेतु का निर्माण 1977 में सिंचाई विभाग द्वारा करवाया गया था। जिसका भूमि पूजन तत्कालीन सिंचाई मंत्री शारदा प्रसाद रावत ने किया था ।सेतु पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका था। दुर्घटना को दावत दे रहा था। कभी भी किसी बड़े अनहोनी की आशंका को लेकर क्षेत्रीय जनता द्वारा नए सेतु की मांग की जाती रही है।

# सरोजिनी नायडू अंतराष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित हुईं सीमा पटनाहा सिंह

**जन एक्सप्रेस । महोबा**




सुप्रीम कोर्ट में भारत सरकार की अधिवक्ता सीमा पटनाहा सिंह को 26 अक्तूबर 2023 को मारवाह स्टूडियो नोएडा में आयोजित 7वे सरोजनी नायडू अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार (वर्किंग वोमेन) से सम्मानित किया गया। यह अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार विश्व में 30 महिलाओं को उनके पिछले साल में देश और समाज के लिए किए गए योगदान के लिए दिया जाता है। बतादें कि सीमा पटनाहा सिंह ने पिछले कुछ सालों से चाहे किसानों के लिए खाद की समस्या रही हो, पर्यावरण संरक्षण का कार्य हो, ज़िला चिकित्सालय में महिला डॉक्टरों की नियुक्ति हो सभी में उन्होंने अपना योगदान दिया। यह पुरस्कार इंटरनेशनल चेंबर ऑफ़ मीडिया द्वारा एशियन एकेडमी ऑफ़ आर्ट तथा इंटरनेशनल वोमेन फ़िल्म फोरम एवं मारवाह स्टूडियो(फिल्म सिटी) के साथ मिलकर विश्व में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं को उनके योगदान के अनुसार चयन करके दिया जाता है। डॉ. दिवाकर गोयल भारत देश की तरफ़ से इस पुरस्कार के सलाहकार सदस्य है। उन्होंने विशेष रूप से सीमा पटनाहा सिंह द्वारा बुंदेलखंड में किए कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इतने काम तो बड़े- बड़े जनप्रतिनिधि एक साल में अपने क्षेत्र में नहीं करा पाते जो सीमा पटनाहा सिंह ने करा दीए। भारत देश सहित दक्षिण कोरिया, बहरीन, सिसिल्स, फ़िलीपींस, ज़ाम्बिया, दक्षिण अफ़्रीका, स्पेन तथा इटली आदि देशों से उनके राजदूतों तथा प्रतिभागी इस समारोह में सम्मिलित हुए थे।

## अपहरण दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को हुआ 10 वर्ष का कारावास

**जन एक्सप्रेस/उरई।** न्यायालय में करीब 5 वर्ष ट्रायल पर चले मुकदमे के दौरान अपहरण, दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट मामले में आरोपी को 10 वर्ष के कारावास की सजा सुनाई गई। न्यायाधीश ने गवाहों व साक्ष्यों के आधार पर आरोप सिद्ध हो जाने के बाद फैसला सुनाने के साथ 45 हजार रुपए के अर्थदन्ड से भी दंडित किया। कोंच कोतवाली के कांशीराम आवासीय कालौनी निवासी आनंद चौहान पुत्र बलवीर ने 12 फरवरी 2018 को नगर के ही एक मुहल्ले की रहने वाली 15 वर्षीय किशोरी को बहला फुसला कर भगा ले गया था। इसके बाद आरोपी ने किशोरी के साथ दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया था। इधर पीड़िता के चाचा ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। पुलिस ने आरोपी के पास से किशोरी को बरामद करते हुए उसका मेडिकल परीक्षण कराया था। जिसमे दुष्कर्म की पुष्टि होने पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपहरण, दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया था।

# नवागंतुक एसडीम ने पदभार ग्रहण कर गिनाई प्राथमिकताएं



**जन एक्सप्रेस । कालपी**

जनपद स्तर में हुए फेरबदल के तहत कालपी एसडीएम केके सिंह का स्थानांतरण जालौन तहसील के न्यायिक उपजिलाधिकारी के पद पर हो गया है। उनके स्थान पर नवागंतुक एसडीएम हेमंत पटेल ने पदभार ग्रहण कर प्रशासनिक कार्य को शुरू कर दिया है। शुक्रवार की सुबह नवागंतुक एसडीएम ने कर्मचारियों से मुलाकात की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसडीएम ने बताया कि शासन की योजनाओं को गतिशीलता से क्रियान्वित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि जन समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण किया जाएगा। वर्ष 2020 बैच के पीसीएस ऑफीसर हेमंत पटेल ने अपनी ट्रेनिंग को पूरा करके वर्ष 2021 से प्रशासनिक कार्य शुरू किया था। जनपद बांदा के मूल निवासी पीसीएस हेमंत पटेल जनपद जालौन में पहली पोस्टिंग हुई है। इससे पहले उपजिलाधिकारी न्यायिक के पद पर 4 महीने का कार्यकाल हेमंत पटेल कुशलतापूर्वक निर्वाह कर चुके हैं। स्थानांतरित एसडीएम केके सिंह दो बार कालपी में एसडीएम के पद पर अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह कर चुके हैं। उपजिलाधिकारी केके सिंह ने कालपी से कार्य मुक्त होकर उपजिलाधिकारी न्यायिक जालौन का पद संभाल लिया है।

## भीषण सड़क हादसे में दो की मौत, एक झांसी रेफर

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** अनियंत्रित कार बाइक सवारों को रौंदते हुए बंद गुमटी में जा घुसी। जिससे बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया गया है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेजा है। घटना के बाद से मृतकों के परिजनों में कोहराम मचा है। हमीरपुर जनपद के मझगवां थाना क्षेत्र के जराखर गांव निवासी राहुल अहिरवार , अरेंद्र राठौर व सोनू पाल गुरुवार की रात एक बाइक पर सवार होकर मध्यप्रदेश के मिड़का गांव जा रहे थे तभी शाहपहाड़ी के पास अनियंत्रित कार ने बाइक सवारों को रौंद दिया और बंद गुमटी में जा घुसी। भीषण सड़क हादसे में एक की मौके पर मौत हो गई जबकि दो को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने एक को और मृत घोषित कर दिया जबकि एक की हालत नाजुक होने पर उसे मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर किया है। बतादें कि भीषण सड़क हादसे में राहुल अहिरवार व अरेन्द्र राठौर की मौत हो गई।

# चोरों ने एक रात में दो मंदिर व एक मकान से लाखों का माल किया साफ

**जन एक्सप्रेस । उरई**



एट थाना क्षेत्र के कस्बा व क्षेत्र में अलग-अलग तीन स्थानों पर लाखों की चोरियां हुई। कस्बा में रात्रि को ओंकालेश्वर मंदिर पर दान पात्र तोड़कर चोर पूरा माल उड़ा ले गये। प्रतिदिन की भांति पुजारी व भक्तगण आरती वंदन करके मंदिर का पट बंद करके घर चले गए। सुबह जब पड़ोस की प्रभा देवी मंदिर की साफ सफाई करने गई तब दान पात्र पेटिका टूटी पड़ी थी। घटना देखकर उन्होंने आनन-फानन में मोहल्ले के सभी लोगों को खबर दी। जिस पर मोहल्ले के मनीराम पांचाल , रामकुमार, सुधीर दीक्षित, गजेंद्र सिंह सहित कई लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना की खबर पुलिस को सूचना दी। इसके पश्चात पास में ही दूसरे मंदिर सिद्धेश्वर शिवालय सोलना मंदिर पर भी दान पात्र को तोड़कर चोर चोरी कर ले गए। जिसमें राम जी पुजारी ने बताया कि सुबह जब पूजा करने के लिए गए तो देखा दान पत्र टूटी हुई पड़ी थी। फिलहाल घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। इसी क्रम में एट क्षेत्र के ककन खेरा मे चोरों ने रात्रि मे कृष्णकांत पाल पुत्र रामगोपाल के घर धावा बोल दिया, और घर में घुसकर लाखों का माल पार कर दिया। ग्रहस्वामी के पुत्र ने बताया कि हमारा परिवार उरई रहता है। जबकि दूसरे घर मैं पिताजी लेटने चले गए। इस घर पर केवल बूढी माता जी बैठक में सो रही थी। चोर बगल के रास्ते दीवाल फादकर घर में दाखिल हो गए। जिस घर में सामान रखा था उसी घर में सोने के मंगलसूत्र दो, सोने की ओम की लॉकेट दो, सोने की झुमकी टॉक्स दो, चूड़ी सोने की चार, चांदी की कमरबंद एक, पायल जोड़ी तीन चांदी की, चांदी गुच्छा 12 पीस व 50 हजार रुपए रुपए नगदी सहित सामान लेकर फरार हो गए। कुछ लोगों ने दवी जुबान से बताया की कुछ दिनों से जुआ क्षेत्र में चरम सीमा पर है। इसी कारण से यह कर चोरियों का सिलसिला जारी है। पिछले हफ्ते हरदोई गुर्जर में दो भाइयों की घरों से लाखों का माल चोर उड़ा ले गए थे।

## यमुना में डूबे पल्लेदार का तीसरे दिन शव बरामद

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** पुराने पुल से बुधवार को यमुना नदी में छलांग लगाने वाले पल्लेदार का काफी खोजबीन के बाद जलधारा के किनारे पुलिस ने शव को बरामद कर लिया है। कालपी नगर के मोहल्ला हरीगंज निवासी 25 वर्षीय विमलेश सोनकर पुत्र माता प्रसाद सोनकर ने बुधवार को यमुना नदी में छलांग लगा ली थी। सूचना पाकर पुलिस तथा गोताखोर खोजबीन करने में जुटे रहे। गुरुवार को आपदा प्रबंधन एसडीआरएफ की टीम के द्वारा भी यमुना नदी में पल्लेदार की खोज कराई गई। लेकिन तीसरे दिन शुक्रवार को पुलिस ने शव बाईघाट के पास से बरामद कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक शिवकुमार सिंह राठौर ने शव का पंचनामा भर, पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही विमलेश का शव बरामद होने से मुहल्ले में शोक का माहौल छा गया। शव को देखते ही पारिवारिकजनो का रो-रोकर बुरा हाल है। यमुना नदी के पुलों से लगातार कूदकर यमुना नदी में जान देने वाली घटनाओं को दृष्टिकोण रखते हुए भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष अशोक वाजपेई, राठौर समाज के जिलाध्यक्ष

# फैंसी लाइट से जगमग होगी अयोध्या की गलियां

**फैंसी लाइट के लिए अयोध्या में लगने वाले डेकोरेटिव पोल योजना का हुआ शुभारंभ**

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

योगी सरकार ने दीपोत्सव से पहले अयोध्या वासियों को बड़ा तोहफा दिया। अयोध्या की गलियों व चौराहों को फैंसी लाइट से जगमगाने के लिए डेकोरेटिव पोल लगाने की योजना का शुक्रवार को सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त विशाल सिंह ने फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम तुलसी उद्यान नया घाट पर आयोजित किया गया।

नगर आयुक्त विशाल सिंह ने डेकोरेटिव पोल व फैंसी लाइट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में सभी बिजली के पोलों को हटाकर अंडरग्राउंड केबल की व्यवस्था कर दी गई है। अब ऐसे में यहां बिजली की व्यवस्था करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत फैंसी लाइट लगायी जा रही है। अयोध्या के 12 वार्डों में 73 करोड़ की लागत से 3652 डेकोरेटिव पोल स्थापित किए जाएंगे। इसको लगाने के पीछे सरकार की मंशा यह है कि अयोध्या की पौराणिकता एक बार फिर निखर कर सामने आए। इस लाइट की विशेषता यह है कि इसमें वाई-फाई की भी सुविधा मौजूद रहेगी।



दूसरी बात यह की इसे बिजली की खपत कम होगी। इसे कंट्रोल रूम से समय पर आन और ऑफ करने की भी सुविधा रहेगी। इन लाइटों को ऐसे स्थान पर लगाया जाएगा जहां पर नगर निगम की मशीन जाकर लाइट में यदि कोई तकनीकी खराबी आती है तो उसको ठीक कर सके। यह चौड़ी गलियों और चौराहों में लगाया जाएगा। लाइट की खास बात यह है कि धनुष-बाण, डमरू, गंदा आकर का होगा।

कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा की अयोध्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक सुंदर नगर के रूप में विकसित करना चाहते हैं। जहां अयोध्या की पौराणिकता झलकती रहे। इसके लिए यहां की गलियों और चौराहों को डेकोरेटिव पोल लगाकर फैंसी लाइटों से सजाया जाएगा। कहा की अयोध्या किस प्रकार से सुंदरतम सिटी बने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरा कर रहे हैं। इसमें अयोध्या के सभी जनप्रतिनिधि निरंतर प्रयास में लगे हैं। अयोध्या नगर के सभी गली चौराहों को स्मार्ट बिजली से चमकाने के लिए लगाए जाने वाले सभी पोल और विद्युतीकरण का पूरा कार्य प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से पूर्व ही पूरा कर लिया जाएगा। इसके लिए कंपनी के कर्मचारी एवं अधिकारी की जान से जुटे हैं।

# कलेक्ट्रेट में आधार पंजीकरण केन्द्र का लाभ उठाएं : डीएम

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपदवासियों की सुविधा हेतु कलेक्ट्रेट स्थित शिकायत प्रकोष्ठ में 21 सितम्बर 2023 से आधार पजीकरण केन्द्र संचालित किया जा रहा है। यह जानकारी जिलाधिकारी मोनिका रानी ने दी। उन्होंने बताया कि पंजीकरण केन्द्र के माध्यम से पात्रता रखने वाले व्यक्ति आधार कार्ड के माध्यम से गोल्डेन कार्ड बनवाकर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ भी प्राप्त कर सकते हैं। डीएम ने आमजन से अपील की है कि अपने सम्पर्क में आने वाले सगे सम्बन्धी व ईष्टमित्रों को पंजीकरण केन्द्र के बारे में जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक लोगों का आधार कार्ड बनवाये जाने में सहयोग प्रदान करें। आधार पंजीकरण केन्द्र में शून्य से 05 वर्ष तक के बच्चों का जन्म प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार कार्ड बनवाया जा सकता है। इसी प्रकार 05 से 17 वर्ष आयु वर्ग के किशोरों का जन्म प्रमाण-पत्र अथवा आनलाइन निवास प्रमाण-पत्र के आधार पर आधार प्रमाण-पत्र बनवाया जा सकता हे। इसके अलावा जिन लोगों का आधार कार्ड 10 वर्ष से अधिक समय का है।

# राज्याभिषेक के साथ रामलीला का समापन

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



रामलीला समिति के पदाधिकारी गण एवं संत महंत अध्यक्ष विन्दुगद्याचार्य स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महाराज महामंत्री पूज्य संजय दास महाराज उत्तराधिकारी-धर्म सम्राट महंत ज्ञानदास महाराज उपाध्यक्ष बावन मंदिर पीठाधीश्वर महंत वैदेही बल्लभ शरण महाराज, कोषाध्यक्ष बड़ा भक्त माल पीठाधीश्वर अवधेश कुमार दास महाराज मंत्री श्रीमहंत जनार्दन दास महाराज, जगद्गुरु स्वामी बल्लभाचार्य, जगद्गुरु स्वामी राघवाचार्य महाराज, जगद्गुरु स्वामी रामदिनेशाचार्य जी महाराज, महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी, सांसद लल्लू सिंह, आचार्य सत्यदेव दास महाराज, सरयू आरती समिति के आयोजक महंत शशिकांत दास महाराज, एम.बी.दास, मनीष दास एवं आदि साधु संत सद्गृहस्थ जन।

# अब संसद में दिखेगा नारी शक्ति का दबदबा : अनुपमा

जन एक्सप्रेस । बहराइच

विधानसभा पयागपुर अंतर्गत भाजपा कार्यालय विशेश्वरगंज परिसर में भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा ÷नारी शक्ति वंदन अधिनियम÷ पारित किए जाने पर सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमे केंद्र सरकार एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया गया।

साथ ही साथ सरकार के द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई।सम्मेलन में मुख्य अतिथि सदर विधायक अनुपमा जयसवाल रहीं। जिन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर सर्व प्रथम दीन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र सम्मुख दीप प्रज्वलित एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की, मुख्य अतिथि के तौर पर सदर विधायक अनुपमा जयसवाल व





विशिष्ट अतिथि विधायक सुभाष त्रिपाठी मौजूद ने भारी संख्या में उपस्थित महिलाओं को आभार प्रकट केते हुए कहा कि आज मोदी जी द्वारा प्रदान किए आरक्षण के लिए धन्यवाद व्यक्त करने आयी है साथ में क्षेत्र में हो रहे वाले कास की चर्चा की। मुख्य अतिथि ने नारी शक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि यह सदन महिला को सशक्त बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रयासों के लिए उनका ह्रदय की गहराई से धन्यवाद देता है।

वहीं एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी ने कार्यक्रम में आई महिलाओं से कहा कि महिलाओं के लिए **नारी शक्ति वंदन अधिनियम** लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निरंतर प्रयासों के लिए उनका ह्रदय की गहराई से धन्यवाद देती हूं तथा प्रधानमंत्री को महिलाओं के आरक्षण हेतु कानून लाने पर आभार एवम धन्यवाद व्यक्त करती हूं। हमारी भारतीय जनता पार्टी की सरकार महिलाओ को लगातार सशक्त करने हेतु दिन प्रतिदिन नई नई योजनाओं पर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यक्रम में मुख्यरूप विधायक सुभाष त्रिपाठी एमएलसी प्रज्ञा त्रिपाठी, जिला पंचायत अध्यक्ष मंजू सिंह विधायक सुभाष त्रिपाठी ब्लाक प्रमुख वंदना पांडेय ब्लाक प्रमुख अजीत सिंह राघवेंद्र प्रताप सिंह जिला महामंत्री, विधायक प्रतिनिधि निशंक त्रिपाठी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राकेश पांडेय भाजपा, जिला पंचायत सदस्य ललिता चक्रवर्ती उर्मिला शुक्ला प्रियंका रावत ममता जायसवाल, नीतू सिंह, रीता शर्मा, निशा आर्य सभासद सुनीता देवी, सुमन यादव अनिल सिंह हरेन्द्र विक्रम सिंह आनन्द पाण्डेय, नगीना, राजकुमार शुक्ल सहित भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्र के सम्मानित व्यक्ति व हजारों की संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जिला स्तरीय हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए टीम रवाना

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर





जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के अंग्रेजी माध्यम विद्यालय पॉयनियर पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज की टीम को शुक्रवार को जिला स्तरीय अंडर 19 हैंडबॉल प्रतियोगिता के लिए रवाना किया गया।

जानकारी के अनुसार 27 अक्टूबर को ''पं0 दीन दयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी'' वर्ष के अवसर पर पॉयनियर पब्लिक स्कूल एण्ड कॉलेज, बलरामपुर के अन्डर-19 के जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता हेतु बालक वर्ग टीम को विद्यालय के प्रबन्ध निदेशक डॉ0 एम0पी0 तिवारी ने छात्रों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विद्यालय के टीम कोच अमित राना की संरक्षता में जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता मे खेलने के लिए जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट स्टेडियम, बलरामपुर के लिए रवाना किया । मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक गोविन्द राम के दिशा निर्देशन में जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता की शुरूआत हुयी । ''जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता'' के अन्डर 19 बालक वर्ग से महेश शुक्ला, हर्ष सिंह, उमेश चौधरी, अंश गौतम, बृजेश वर्मा, मुकेश पासवान, विवेक गौतम, सक्षम सोनी, ओम गुप्ता, अली अब्दुल्लाह, आर्दश मेहलोत्रा एवं अंकित चौहान ने जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता की टीम में खेलने के लिए जिला खेल कार्यालय स्पोर्ट स्टेडियम, बलरामपुर मे प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता मे पॉयनियर की दो टीम-ए एवं टीम-बी तथा स्टेडियम की टीम-ए एवं टीम-बी के बीच जबरदस्त मुकाबला हुआ। पॉयनियर पब्लिक स्कूल की टीम-ए व स्टेडियम की टीम-ए के बीच मुकाबला हुआ जिसमें पॉयनियर की टीम-ए विजेता घोषित हुयी। इसी क्रम में पायनियर की टीम-बी से स्टेडियम की टीम-बी से मुकाबला हुआ जिसमें पायनियर की टीम-बी उप विजेता रही । दोनो टीमों का फाइनल मैच आज सांय को होगा। क्रीडा अधिकारी दिनेश कुमार, उपक्रीडा अधिकारी कमाल अहमद, विशु के कोच परवेश रावत, हैण्डबॉल की कोच हिना खातून, फुटबाल के सेकेट्री मो0 हसन कुरेशी तथा फार्मेसी गुप्ता उपस्थित थे। विद्यालय प्रबन्ध निदेशक डा0 एम0पी0 तिवारी ने सभी छात्राओं को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी । इस अवसर पर उप प्रधानाचार्या प्रधानाचार्य शिखा पाण्डेय, राघवेन्द्र त्रिपाठी ने ''जिला स्तरीय हैण्डबॉल प्रतियोगिता'' की टीम में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को समस्त अध्यापक अध्यापिकाओं ने हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं दी।

ड्ड1

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का डीएम ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । बलरामपुर

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी कॉलेज सभागार में आयोजित निर्वाचक नामावली का विशेष पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने शुभारंभ किया। इस दौरान 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं को मतदाता बनने के लिए प्रेरित किया गया।

जानकारी के अनुसार 27 अक्टूबर को मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी बलरामपुर अरविन्द सिंह, अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार, प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय व स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ राजीव रंजन ने किया। उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी अरविन्द सिंह ने कहा कि लोकतंत्र में मतदान हमारा



अधिकार है।

अधिकार में कर्तव्य भी निहित होता है इसलिए हमें अपने कर्तब्यों का निर्वहन करते हुए मतदाता सूची में नामांकन कराने के लिए सचेत रहना चाहिए। अपर जिलाधिकारी प्रदीप कुमार ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए विशेष पुनरीक्षण नामावली में नाम जोड़ने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जानकारी दी। उपजिलाधिकारी राजेन्द्र बहादुर व जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंदराम ने नाम गलत होने तथा पता आदि बदलने व मतदाता की मृत्यु के पश्चात नाम हटाने आदि के निस्तारण के बारे में जानकारी दी।

स्वीप कोऑर्डिनेटर व विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान डॉ राजीव रंजन ने सभी का स्वागत करते हुए युवाओं का आवाहन किया कि हमें अपने अधिकारों से ज्यादा कर्तव्यों पर ध्यान देना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी समझते हुए प्रशासन के इस कार्य मे जुटकर पूर्ण सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन डॉ चंदन पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर सागर सिंह, आसीराम, ज्ञानेश कुमार, अरूण कुमार सहित कई महाविद्यालय के छात्र-छात्रायें मौजूद रहे।

# राम लीला में भगवान राम के जीवन दर्शन के साथ भारतीय संस्कृति और सभ्यता का अद्वितीय स्वरूप : राजेश महराज

जन एक्सप्रेस । अयोध्या



विजय दशमी के अवसर पर लंका में रावण दहन के बाद राम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न अपने सारे सेवक के सभी साथ अयोध्या वापस पहुंचकर रामकोट क्षेत्र की परिक्रमा हनुमानगढ़ी होते हुए टेढ़ी बाजार पर श्री अयोध्या अयोध्या तीर्थ पुरोहित धर्म सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राज से राजेश महाराज ने साथियों और सैकड़ो लोगों की टीम के साथ भगवान श्री राम जी, लक्ष्मण जी, भरत जी, शत्रुघ्न जी माता सीता जी की आरती और पूजन के साथ भव्य स्वागत किया और सारे साधु संतों को से आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री अयोध्या तीर्थं धर्मार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश महाराज ने टेढ़ी बाजार पर भारत मिलाप का भाव स्वागत और सत्कार किया संतो और महत्व को माला पहनकर भगवान की आरती उतारी और कहा कि भगवान राम जैसे भाई की सेवा लक्ष्मण और भरत ने जो मिशाल पेश की।

वह दुनिया में एकमात्र भाई की मिशाल बनीं है द्य श्रीअयोध्या तीर्थ पुरोहित धरमार्थ सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष पंडित राजेश महाराज का आज श्री अयोध्यास्थ रामलीला समिति की ओर से समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने हेतु पुरस्कृत व सम्मानित किया गया। राजेश महाराज ने इस मौके पर कहा कि अयोध्या में जो राम लीला चल रही हैं उससे अयोध्या की संस्कृति और भगवान श्री राम जी के आदर्शो का लीला मंचन कर लोगो में संस्कृति और सभ्यता को संरक्षित रखना है। इस अवसर पर इसके अध्यक्ष महंत वैदेही वल्लभ शरण महाराज, दशरथ महल मंदिर के महंत स्वामी देवेंद्र प्रसादाचार्य महंत शशिकांतदास जी, बधाई भवन मंदिर के श्री महंत राजीव लोचन शरण जी महाराज अयोध्या जनपद के एसपी सिटी मधुबन सिंह, अयोध्या सीओ एसपी गौतम, अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा, पुरोहित प्रदीप पांडेय जी, महंगू लाल पांडे, नवीन शर्मा, दरोगा दिवाकर यादव, दरोगा जगन्नाथ मणि त्रिपाठी सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भारत माता की जय के गगनभेदी नारों के बीच रवाना हुआ अमृत कलश रथ

जन एक्सप्रेस । बहराइच

भारत की आजादी के 75 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 12 मार्च, 2021 को साबरमती के तट से प्रारम्भ हुआ ''आज़ादी का अमृत महोत्सव'' अन्तर्गत ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' आमजन को भारत की विराट सांस्कृतिक विरासत से प्रगाढ़ रूप से रूबरू कराते हुए अन्तिम चरण में प्रवेश कर गई है। आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष्य में चलने वाले इस राष्ट्रव्यापी भव्य एवं औलोकिक कार्यक्रम का समापन देशभर से ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' के चरम के साथ 30 अक्टूबर को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर किया जाना प्रस्तावित है। ''मेरी माटी मेरा देश-अमृत कलश यात्रा'' अन्तर्गत जनपद के 14 विकास खण्डों तथा 08 नगर निकायों से एकत्रित किये गये 23 अमृत कलशों को सुसज्जित वाहन में रखकर स्वयंसेवकों के साथ प्रदेश की राजधानी लखनऊ के लिए रवाना किया गया।

जहां पर गोमती तट स्थित झूलेलाल पार्क (अमृत वाटिका) में मुख्यमंत्री व अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में भव्य कार्यक्रम सम्पन्न होगा। तत्पश्चाप अमृत कलश अपने अन्तिम पड़ाव देश की राजधानी दिल्ली के लिए रवाना होंगे। जहां पर 30 अक्टूबर को आयोजित भव्य कार्यक्रम में ''आज़ादी का अमृत महोत्सव'' अभियान का समापन होगा। मुख्य अतिथि सांसद अक्षयवर लाल गोंड ने मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर के साथ भारत की जय के गगन भेदी नारों के बीच हरी झण्डी दिखाकर कलेक्ट्रेट परिसर से अमृत कलश रथ को प्रदेश की राजधानी के लिए रवाना किया।

इस अवसर पर डीडीओ महेन्द्र कुमार पाण्डेय, डीपीआरओ राघवेन्द्र कुमार द्विवेदी, डीटीआईओ मनीष श्रीवास्तव, क्रीड़ाधिकारी नीरज मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह, रिसिया के विनोद यादव, महसी के हेमन्त यादव व अन्य मौजूद रहे।

# क्राफ्ट कटिंग में एक बिसवा में प्राप्त हुई 23.06 किग्रा धान की उपज

जन एक्सप्रेस । बहराइच

जनपद में खरीफ सीजन में धान की उपज का जायजा लेने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर. धान की क्राफ्ट कटिंग के लिए विकास खण्ड चित्तौरा के ग्राम अशोका पहुंचकर ग्राम के किसान तीरथराम, बच्चाराम, जानकी व महराजदीन उर्फ दिनेश के खेत पर पहुंचकर धान की क्राफ्ट कटिंग कराकर उपज का जायजा लिया। क्राफ्ट कटिंग में 01 बिसवा में 23.06 किलों ग्राम धान की उपज प्राप्त हुई। इस अवसर पर उन्होनें किसानों को सुझाव दिया कि फसल अवशेष पराली को जलाये नहीं इससे खेत में रहने वाले मित्र कीट नष्ट हो जाते है जिससे भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होती है। पराली को डी कम्पोजर के साथ सड़ाकर कम्पोस्ट खाद्य बनाये इससे खेत की उर्वरा शक्ति में वृद्धि होगी जिससे उपज में बढ़ोत्तरी होगी जिससे किसानों की आय में भी वृद्धि होगी। उन्होनें यह भी सुझाव दिया कि किसान भाई अपनी फसल अवशेष को रिसिया मोड़ स्थित विपुल इन्ड्रस्टीज में बिक्री कर अतिरिक्त आय अर्जित कर सकते है या नजदीकी गौशाला को दान कर पुण्य के भागीदार बन सकते है। फसल अवशेष जलाने से पर्यावरण प्रभावित होता है जिससे आमजन के स्वास्थ्य पर विपरित प्रभाव पड़ता है और नाना प्रकार की बीमारियां पैदा होने का खतरा बन सकता है।

# ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में किया अपने स्टोर का शुभारंभ

जन एक्सप्रेस । अयोध्या

उत्तर भारत की अग्रणी ज्वैलरी चेन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में अपने बहुप्रतीक्षित स्टोर का शुभारंभ किया है। स्टोर का उद्घाटन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के चेयरमैन अतुल सराफ की उपस्थिति में सीए सजन कुमार अग्रवाल, अनूप सराफ, डायरेक्टर ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स, सौमित्र सराफ, और महेश कुमार अग्रवाल के कर कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर गणेश कुमार अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, श्रीमती शीला देवी अग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल, मनीष कुमार अग्रवाल, नील कमल अग्रवाल, मौसम, विधि गर्ग, आकाश, गरिमा गर्ग, श्रीमती सरोज अग्रवाल व शिवम् अग्रवाल की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट भी दी जा रही है। गोल्ड ज्वैलरी के मेकिंग चार्जेज पर 20 प्रतिशत की और आभूषणों में लगे डायमंड की कीमत पर भी 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

इस अवसर पर अनूप सराफ ने कहा ÷हम अयोध्या में अपने नए स्टोर के शुभारंभ करके बेहद उत्साहित हैं। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि हम उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना चाहते हैं। हम अपने ग्राहकों को उच्च



गुणवत्ता वाली ज्वैलरी और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।÷

सजन कुमार अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा यह हम सब के लिए बेहद खास क्षण है। अयोध्यावासियों को अब ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के उच्च-गुणवत्ता वाले आभूषणों और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्राप्त होगी। महेश कुमार अग्रवाल ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स स्टोर अयोध्या ने कहा हम अयोध्यावासियों को ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स की समृद्ध परंपरा के अनुरूप सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली ज्वैलरी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अयोध्या में स्टोर खुल जाने से अयोध्यावासियों को अब खास मौकों पर आभूषणों की खरीदारी करने के लिए बड़े शहरों की यात्रा नही करनी होगी, उन्हे समय और पैसे की बचत के साथ उत्कृष्ट ज्वैलरी यहीं उपलब्ध होगी।

# अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म महोत्सव में जनपद के मनोज आकाश को किया गया आमंत्रित

* बालीबुड में लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बालीबुड गौरव सम्मान से नवाजा जा चुका हैं

जन एक्सप्रेस । मुकेश कुमार



**पीलीभीत।** इंस्टीट्यूट ऑफ़ होटल टूरिज्म डॉ. भीमराव अम्बेडकर यूनिवर्सिटी में तत्वाधान में आयोजित होने वाले ताज ग्लोवल अंतराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में नगर के युवा साहित्यकार एवं बालीवुड के गीत, गजलकार, कथाकार एवं लाइन प्रोड्यूसर मनोज आकाश को आमंत्रित किया गया हैं। यह इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल आगरा के जे. पी. आडोटोरियम में दिनांक 3 नबम्बर से लेकर 5 नबम्बर तक आयोजित किया जायेगा। इस इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल में बालीबुड के तमाम नामचीन दिग्गज अभिनेताओं, फिल्म निर्माता एवं निर्देशकों के साथ-साथ फिल्म मेकिंग से जुड़े हुए कई अन्य कलाकारों को आमंत्रित किया गया हैं। इसके आलावा हालीबुड के दिग्गज अभिनेताओं निर्माता एवं निर्देशकों को भी आमंत्रित किया गया है। इस अन्तराष्ट्रीय महोत्सव में मनोज आकाश के द्वारा लाइन प्रोडूयुस की गई हिंदी मराठी फिल्म सूर्या को भी शामिल किया जायेगा। इसी फिल्म महोत्सव के माध्यम से आस्कर आवर्ड के लिए फिल्मों का नामीनेशन किया जायेगा। मनोज आकाश को इस पूर्व भी बालीबुड में लेखन के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए बालीबुड गौरव सम्मान से नबाजा जा चुका हैं। मनोज आकाश ने अभी हाल में ही फिल्म प्रेमधर्म को भी लाइन प्रोड्युस किया है जिसका फिल्माँकन बरखेडा के बर्रामाऊ तथा चूका आदि स्थलों पर किया है। इससे पूर्व भी मनोज आकाश कई राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय मंचो पर शहर का नाम रोशन कर चुके हैं। इसके अलावा मनोज आकाश को भारत सरकार तथा कई राज्य सरकारों के द्वारा सम्मानित किया जा चुका हैं। मनोज आकाश ने एक कवि व गज़लकार के रूप में अनेकों अखिल भारतीय कवि सम्मेलनों में पीलीभीत का परचम लहराकर जनपद का नाम सम्पूर्ण देश में रोशन किया हैं। मनोज आकाश की सैकड़ो कृतियाँ देश के विभिन्न समाचार पत्रों एवं पत्रिकाओं में प्रकाशित हो चुकी है। मनोज आकाश को इससे पूर्व दिल्ली के कास्टी टीथूशन क्लब में तत्कालीन उपप्रधानमंत्री लाल कृष्ण अडवाणी, आगरा के हिंदी साहित्य सम्मलेन में संस्था के प्रधानमंत्री स्व. श्रीधर शास्त्री, लखनऊ के अखिल भारतीय कवि सम्मलेन चौक के चकल्लस में स्व, काशी नाथ बाजपाई, विशाखापत्तनम साहित्य सम्मलेन साहित्य गौरब मीरा मंडल नई दिल्ली साहित्य रत्न तथा मानव कल्याण समिति पीलीभीत के द्वारा पीलीभीत गौरब सम्मान प्रदान किया जा चूका है। तथा देहली स्वर्णकार संघ के द्वारा मुख्य अत्तिथि के तौर पर भी सम्मान से अलेकृत किया जा चूका हैं। मनोज आकाश ने अपनी सम्पूर्ण उपलब्धियों का श्रेय सर्वशक्तिमान ईश्वर, अपने स्व. माता-पिता के अलावा अपने प्रारभिक साहित्यिक गुरु प्रख्यात कवि एवं देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपई तथा अपने उर्दू के उस्ताद, शायर मकबूल हुसैन फैज साहब को दिया है। मनोज आकाश की इस गरिमामार्या उपलब्धि पर देश की विभिन्न साहित्यिक संस्थाओं एवं नगर की विभिन्न संस्थाओं के अलावा देश के विभिन्न मिडिया संस्थनों उन्हें उन्हें शुभकामनाऐ दी हैं।

# राज्य बैडमिंटन प्रतियोगिता से मिलेगा प्रतिभाओं को अवसर : संजय गंगवार

* राज्य मंत्री ने किया प्रदेशस्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का उदघाटन

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



प्रदेश के गन्ना विकास एवम चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने कहा है की इस प्रतियोगिता से नई प्रतिभाओं को हुनर दिखाने का अवसर प्राप्त होगा । साथ ही उनको प्रदेश और देश के लिए खेलने का अवसर प्राप्त होगा। ऐसी शुभकामनाएं मेरी खिलाड़ियों को है।

संजय सिंह गंगवार शुक्रवार को स्थानीय गांधी स्टेडियम में योनेक्स सनराइज उत्तरप्रदेश सीनियर मेजर रेंकिंग बैडमिंटन प्रतियोगिता का उदघाटन कर रहे थे। उन्होंने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नारा दिया है की खेलेगा भारत खिलेगा भारत। इस नारे का प्रभाव यह हुआ कि देश ने इस बार पदको का शतक लगा है। डबल इंजन की सरकार ने खेलो और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया। अब गरीब और गांवो के खिलाड़ी निकल रहे है। यह बड़ी सफलता है। उन्होंने पीलीभीत बैडमिंटन एसोसियेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयासों से जिले में इतनी बड़ी प्रतियोगिता हो रही है। इसका लाभ स्थानीय खिलाड़ियों को मिलेगा। इससे पूर्व जिला बैडमिंटन एसोसियेशन के संरक्षक मंजीत सिंह, अध्यक्ष अनिल महेंद्रू, सचिव राजेश सक्सेना, कोषाध्यक्ष संदीप सिंह, उपाध्यक्ष कार्तिक भसीन, सयुक्त सचिव अंकुर अग्रवाल, प्रखर नाथ, जहीर मालिक ने राज्यमंत्री का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। राज्यमंत्री ने खिलाड़ियों तथा प्रतियोगिता के आधिकारिक टीम से परिचय प्राप्त किया। अध्यक्ष अनिल महेंद्रू, सचिव राजेश सक्सेना ने उनको स्मृति चिन्ह प्रदान किया। उदघाटन समारोह का संचालन उपाध्यक्ष अमिताभ अग्निहोत्री ने किया।

## आज के यह रहे विजेता

बरेली के नित्यांशु ने कानपुर के अखिलेश कश्यप 30 22, से, आजमगढ़ के अरुण श्रीवास्तव ने ललितपुर के अक्षय श्रीवास्तव को भागवत दिया अन्य आर के राहुल कुमार शाह ने गाजियाबाद के प्रमोद को 30 19 से प्रतीक श्रीवास्तव जौनपुर ने शाहजहांपुर के चंद्र सिंह को 30 23 से बरेली के युवराज जोशी ने मानस सविता 30 12 से यूपी पुलिस के जुनेद अंसार ने संभल के आर्यन अग्रवाल को वाकोबार दिया मेरठ के आयुष गर्ग ने लखनऊ के के आदित्य सिंह को 30 11 से बरेली के मनजीत सिंह ने सहारनपुर के अपूर्व शर्मा को 30 17 विष्णु कांत ने कानपुर के प्रथम सिंह को 30 15 से गाजियाबाद के धीरज ने मुजफ्फरनगर के विकल्प को दिया शाहजहांपुर के प्रदीप कुमार को बागेश्वर दिया लखनऊ के मोक्ष सारस्वत में लखीमपुर खीरी के प्रशांत श्रीवास्तव को 30 15 से अयोध्या के विप्रांश सिंह ने शाहजहांपुर के प्रथम शर्मा प्रथम मल्होत्रा को 30 14 से सूर्यांश जयसवाल ने सहारनपुर के हर्ष हांडा को 30 19 से, पराजित किया। सहारनपुर के निखिल कुमार आगरा के विकास आनंद नोएडा के आदित्य वर्मा लखनऊ के सिद्धार्थ मिश्रा पीलीभीत के अभिजीत सिंह वाराणसी के आकाश सिंह नियर नेहवाल आरुष श्रीवास्तव आजमगढ़ राहुल कुमार शाह अन्य प्रतीक श्रीवास्तव जौनपुर अभय प्रताप बांदा सौरभ वर्मा आगरा आयुष राज गुप्ता जुनैद अंसारी बस्ती के शिवम कुमार मिश्रा मेरठ के आयुष गर्ग नोएडा के हर्षित तोमर विष्णुकांत गाजियाबाद के धीरज गोरखपुर के शिवम श्रीवास्तव लखनऊ के मोक्ष सारस्वत वाराणसी के अभियांश सिंह, भूमेश उतरनी और शौर्य वर्मा बरेली ने अगले चक्र में प्रवेश कर लिया।

## यह रही तकनीकी टीम

प्रतियोगिता के रेफरी प्रतियोगिता के रेफरी रवि दीक्षित, मैच कंट्रोलर मयंक कुमार,अजीत सिंह, इरशाद अहमद, अभिषेक कुमार,धर्मेंद्र कुमार, अंशुल कुमार, मनीष कुमार,समर्थ राज और सुधांशु गंगवार शामिल है।

# माधोटांडा-खटीमा हाईवे के पास बाघ ने आवारा गोवंश का किया शिकार

* पिपरिया संतोष के पास माधोटांडा-खटीमा रोड किनारे झाड़ियों में बाघ ने डाला डेरा
* पीटीआर और सामाजिक विभाग के अधिकारियों ने मौके पर जाकर देखा मूवमेंट

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



> हाईवे के किनारे झाड़ियों में बाघ का मूवमेंट देखा जा रहा है । वहां से पीटीआर के जंगल की दूरी करीब चार सौ मीटर है। वह जंगल में जाने के बाद फिर वापस लौट आता है। शुक्रवार को उसने एक छुट्टा गोवंश का शिकार किया। पशु के शव को जमीन में दफन करा दिया गया है। संभवता अब बाघ जंगल में लौट जाएगा।
> **पियूष मोहन श्रीवास्तव**
> रेंजर, सामाजिक वानिकी पूरनपुर

**पूरनपुर।** पखबाड़ा भर से गांव पिपरिया संतोष के पास माधोटांडा-खटीमा मार्ग किनारे झाड़ियों में बाघ की मौजूदगी है। शुक्रवार को उसने एक और छुट्टा गोवंश को मार दिया। जबकि इससे दो दिन पहले भी एक गोवंश का शिकार किया था। पीटीआर और सामाजिक वानिकी के अधिकारियों ने मौके पर जाकर बाघ का मूवमेंट देखा। बाघ द्वारा शिकार की घटना को अंजाम देने और आबादी क्षेत्र की तरफ रुख होने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। आरोप है कि वन विभाग बाघ की सिर्फ निगरानी करा रहा है लेकिन उसने जंगल में खदेड़ने या पकड़ने की कवायद नहीं कर रहा है। इससे लोगों में रोष है। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की महोफ और बराही रेंज के जंगल से करीब चार सौ मीटर दूर कलीनगर के गांव पिपरिया संतोष के इर्द-गिर्द करीब 15 दिन से बाघ चहल कदमी कर रहा है। माधोटांडा-खटीमा रोड किनारे झाड़ियों को उसने ठिकाना बना लिया है। वन विभाग की टीम उसकी निगरानी कर रही है। बतादें कि बाघ के सड़क पर आने-जाने से कई बार यातायात भी प्रभावित रहा। बाघ अपना पेट भरने के लिए छुट्टा गोवंश का शिकार कर रहा है। करीब सप्ताह भर पहले उसे एक गोवंश को मार दिया था। दो दिन पहले निगरानी कर रहे वाचर गोकुल को बाघ ने हमला कर घायल कर दिया। शुक्रवार को भी बाघ का मूवमेंट सड़क किनारे झाड़ियों में ही बना रहा। सुबह के वक्त उसने एक छुट्टा गोवंश को मार दिया। इसके बाद बाघ गांव चोखापुरी के समीप सड़क पर पहुंच गया। इससे काफी देर तक यातायात बाधित रहा। राहगीरों के शोर मचाने पर बाघ फिर मृत पशु के पास पहुंच गया। जानकारी पर बराही रेंजर अरुण मोहन श्रीवास्तव, सामाजिक वानिकी पूरनपुर रेंजर पियूष मोहन श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर कपिल कुमार, वन दरोगा रामाधार, राजेश, कंहईलाल, हर्षित, सुरेश आदि के साथ मौके पर पहुंचे और जानकारी जुटाई। जेसीबी मंगवाकर पशु के शव को जमीन में गड्ढा खुदवाकर दफन कराया। ग्रामीणों का आरोप है कि पखबाड़ा भर से बाघ आबादी क्षेत्र में मौजूद है। वन विभाग के अफसर सिर्फ उसकी निगरानी करा रहे हैं। उसे जंगल में खदेड़ने या पकड़ने की जहमत नहीं उठा रहे हैं। सड़क किनारे झाड़ियों में बाघ की मौजूदगी होने से राहगीरों के लिए हर वक्त खतरा बना है। बाघ के डर से लोग भी खेतों की तरफ नहीं जा रहे हैं। ग्रामीणों ने बाघ को पकड़ने या जंगल में खदेड़ने और जंगल से बाहर वन्यजीवों की रोकथाम के लिए जंगल किनारे तार फेंसिंग कराने की मांग की है।

## नगर में बड़े धूमधाम से निकाला गया जुलूस-ए-गौसिया

जन एक्सप्रेस/पूरनपुर। पूरनपुर नगर में पुलिस प्रशासन के सहयोग से जुलूस-ए- गौसिया बहुत धूमधाम से निकाला गया7 जुलूस की शुरुआत ब्लॉक के पास स्थित साबिरे अहिता मैं परचम कुशाही के साथ शुरू हुआ। जो स्टेशन चौराहा ब्लॉक चौराहा होते हुए, खानकहे नूरी रजवी में संपन्न हुआ ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोगों ने लोगों ने इसमें हिस्सा लिया। जुलूस में मौलाना नूर अहमद अजहरी और अमीर रजा ने हुजूर गौशे आज़म की जिंदगी पर रोशनी डाली और कहा उनके बताएं रास्ते पर चलना हमारा फर्ज है। हाफिज मोहम्मद इरशाद कादरी ने तकरीर करी इसमें हाफिज नूर अहमद अजहरी कारी इरशाद अशफाक ताबिश दानिश मिस्बाही तमाम ओलमा इकराम मौजूद रहे, जुलूस में जी एमजी ग्रुप,साबिर पाक, वारिस पाक, गुलमाने मुस्तफा, माम ग्रुप स्कूली बच्चों ने हिस्सा लिया लोगों ने खूब लंगर किया और लोगो ने अपने घरो पर फातिहा और लंगर किया7काफी संख्या में मुस्लिम समुदाय के लोग मौजूद रहे।

## बीएलओ ने मतदेय स्थलों पर पंहुचकर मतदाता सूची का कराया सत्यापन

जन एक्सप्रेस/पूरनपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर शुक्रवार को क्षेत्र के बीएलओ ने अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पहुंचकर निर्वाचक नामावली (2024) को प्रकाशित कर ग्रामीणों को मतदाता सूची पढ़कर सुनाई। जिसमें मतदाताओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पूर्व में चले विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के पश्चात शुक्रवार को क्षेत्र के बूथ लेबिल आफीसर (बीएलओ) ने अपने-अपने मतदेय स्थलों पर पहुंचकर बूथों पर ग्रामीणों और पदाभिहित अधिकारी की मौजूदगी में बीएलओ ने बूथों पर निर्वाचक नामावली (2024) की मतदाता सूची का प्रकाशन किया। बीएलओ ने मतदाता सूची ग्रामीणों को पढ़कर सुनाई तथा बीएलओ ने ग्रामीणों को मतदाता सूची बारी-बारी से दिखाई। भाग संख्या-71 प्राथमिक विद्यालय खाता में बीएलओ राजेश्वरी देवी, भाग संख्या-72 व 73 कम्पोजिट विद्यालय अमरैयाकलां में बीएलओ कंचन देवी कुशवाहा, उमाशंकर, पदाभिहित अधिकारी शालिनी, भाग संख्या-69 व 70 प्राथमिक विद्यालय महादिया के बीएलओ मथुरा प्रसाद, दुर्गा देवी, भाग संख्या-76 व 77 प्राथमिक विद्यालय टांडागुलाबराय में बीएलओ रामनरेश आदि बीएलओ ने बूथों पर पहुंचकर मतदाता सूची का प्रकाशन किया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### भारत मिलाप के साथ हुआ मूर्ति विसर्जन




जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सिंगरामऊ बाजार के ऐतिहासिक भरत-मिलाप के साथ मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम शुक्रवार को संपन्न हो गया। यहां लगातार बारह दिनों तक चलने वाले दुर्गा पूजा के बाद अंतिम दिन भरत मिलाप की झांकी निकालकर गाजे-बाजे के साथ पूरी बाजार में भ्रमण कराया गया। जगह-जगह स्थित दुर्गा पूजा समितियों के पदाधिकारियों द्वारा आरती करके दर्शन-पूजन किया गया। इसके बाद दर्जन भर दुर्गा प्रतिमा को जुलूस की शक्ल में लालगंज बाजार ले जाया गया। इसके पूर्व दो दिनों तक थाने के बगल में विशाल मेले का आयोजन किया गया। भरत मिलाप कार्यक्रम में राम-लक्ष्मण-सीता की झांकी निकाली गयी। जिसे मेला परिसर में ले जाया गया। वहां लोगो ने दर्शन पूजन किया। दस स्थानों पर दुर्गा पूजा पंडालो में प्रतिमाएँ स्थापित की गयी थीं। पूरी रात वहाँ भी दर्शनार्थियों की भरी भीड़ दर्शन पूजन करती रही। शांति व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करने के लिए एसओ कमलेश कुमार कन्नौजिया फोर्स के साथ चक्रमण करते रहे। शाम को डीजे व बैंड बाजे की धुन पर भक्तजन थिरकते रहे। मूर्तियों को लालगंज बाजार के पास स्थित निर्धारित स्थल पर विसर्जित कर दिया गया।

### जिलाधिकारी ने चौपाल लगाकर लोगों की सुनी समस्याएं



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। रामनगर विकासखंड अंतर्गत डेडारपुर गाव पंचायत में शुकवार को जिलाधिकारी अनुजकुमार झा ने ग्राम चौपाल लगाकर समस्त समस्याएं सुनीं तथा वहीं पर ग्राम में कराए गए विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण मातहत अधिकारियों से करवाया। गांव में सम्पूर्ण विकास की क्रमवार समीक्षा करते हुए ग्रामीणों से मिल रही सुविधाओं को पूछते हुए विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। उक्त गांव के प्राथमिक विद्यालय पर आयोजित पर ग्राम चौपाल में जिलाधिकारी ने पहुंचते ही लोगों से नाली, बिजली, मुख्यमंत्री आवास, प्रधानमन्त्री आवास, पशु टीकाकरण मनरेगा सहित अन्य योजनाओ के बारे में जनता से एक एक प्रश्न पूछकर जवाब लिया। इसके बाद पेयजल, आंगनबाड़ी, प्राथमिक शिक्षा, जाब कार्ड, कृषि पट्टा, वरासत, खाद-बीज, वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन, तथा किसान सम्माननिधी जैसे बिंदुओं की क्रमवार समीक्षा किया। जिलाधिकारी विभागीय अधिकारियों को त्वरित निस्तारण का निर्देश देने के साथ ही पशु टीकाकरण न होने की शिकायत पर नाराजगी व्यक्त की।


### 'अनुसाशन से एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण'



जन एक्सप्रेस। जौनपुर। बीईओ पर शुक्रवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल और मुख्य अतिथि खण्ड विकास अधिकारी राकेश कुमार मिश्रा रहे।प्रतियोगिता में दौड़, कबड्डी, खो-खो, संगीत आदि खेल का आयोजन हुआ। बेसिक शिक्षा अधिकारी गोरखनाथ पटेल ने कहा कि ब्लॉक स्तरीय खेल प्रतियोगिता से बच्चों में प्रतिस्पर्धा के साथ अध्यापक की प्रतिष्ठा ,अनुसाशन का विकास होता है और तभी हम एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण में अपनी सहभागिता दे सकते है।और स्काउट कलर पार्टी बनाने और पिटी के विशेष प्रदर्शन बनाने की बात कही। 50 मीटर दौड़ में शुभम सिंह कम्पोजिट भदराव एवं बालिका वर्ग में परी यादव हरद्वारी, 100मीटर नंदनी कम्पोजिट गोरापट्टी,200मीटर दौड़ में यूपीएस भन्नौर के अजित पटेल और बालिका वर्ग स्मृति बिंद सरसरा, 400 मीटर दौड़ में रोहित पटेल भन्नौर प्रथम स्थान प्राप्त किये।कबड्डी में प्राथमिक और जूनियर वर्ग में भन्नौर प्रथम स्थान प्राप्त किया वही खो-खो में कम्पोजिट गोरापट्टी संस्कृति कार्यक्रम में जमुनीपुर को प्रथम स्थान मिला।बिजेता सभी छात्रों को मेडल और प्रमाण पत्र दिया गया। कार्यक्रम में बीईओ राजीव रंजन संचालन अश्वनी सिंह, संतोष सिंह, अरुण यादव, संतलाल गुलाब सरोज, अजय सिंह उर्फ मुन्ना उपस्थित रहे।

# विधायक के प्रस्ताव पर 31 जर्जर संपर्क मार्गों के विशेष मरम्मत हेतु धनराशि जारी

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र के प्रस्ताव पर योगी सरकार ने विधानसभा क्षेत्र की 31 संपर्क मार्गों का विशेष मरम्मत हेतु सरकार ने करोड़ का धन जारी कर दिए विधायक ने मुख्यमंत्री योगी लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद का धन्यवाद ज्ञापित किया विधायक ने दूरभाष से बताया कि इनमें कई मार्ग पिछले 25- 30 वर्षो से बेहद जर्जर थे और कई मार्ग दूसरे विभागों (जिला पंचायत, मंडी परिषद,विधायक निधि ,पीएमजीएसईवाई) से बनाकर छोड़ दिया गया था, कई मार्गो का अता पता ही नही था कि यह किस विभाग से बनी है, ऐसी मार्गो को हमने चिन्हित करके इन सभी सड़को को लोकनिर्माण विभाग में हमारे द्वारा स्थानांतरण कराया गया, जिसके बाद इनके विशेष मरम्मत व जहां बार बार सड़क टूट जाती है उसे सिमेंटेड रोड की स्वीकृति प्राप्त हुई है जल्द कार्य शुरु होगा विशेष मरम्मत होने वाले संपर्क मार्ग निम्नवत है लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-731 के किमी0-192 से साढापुर संपर्क मार्ग।उसरा बाजार- नेवादा मुखलिसपुर मार्ग,कोल्हुआ प्राथमिक विद्यालय संपर्क मार्ग (सीसी रोड),मुखलिसपुर से नहर पटरी अलाउद्दीनपुर घाटमपुर होते हुए सराय त्रिलोकी सम्पर्क मार्ग तक,आमी से खुटहनी संपर्क मार्ग, तुरकौली सम्पर्क मार्ग,ढेमा हरिजन बस्ती संपर्क मार्ग,तियरा ठेगुआ खोरिया हरिजन बस्ती संपर्क,एन0एन0-56 से बिठुआ कला सम्पर्क मार्ग,बरसरा संपर्क मार्ग,सरोखनपुर पासी बस्ती सम्पर्क मार्ग, नेवादा मुरीदपुर पाठक बस्ती सम्पर्क मार्ग,नेवादा मुरीदपुर हरिजन बस्ती सम्पर्क मार्ग,उदपुर घाटमपुर छोटी अनुसूचित बस्ती सम्पर्क मार्ग,उदपुर घाटमपुर सरोज बस्ती सम्पर्क मार्ग, उदपुर घाटमपुर पाल बस्ती सम्पर्क मार्ग,उदपुर घाटमपुर ठाकुर बस्ती दक्षिणी सम्पर्क मार्ग,ग्राम बलुवा उदयराज यादव के घर से यादव बस्ती सम्पर्क ,मुरादपुर-कोटिला रूपचन्द्रपुर मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य,नेवादा सम्पर्क मार्ग,मछलीगाँव-मछलीगाँव खास सम्पर्क मार्ग,बेसार सम्पर्क मार्ग। 23. बटाऊबीर नौपेड़वा मार्ग किमी0 8 से डडवा संपर्क मार्ग,भगवानपुर सम्पर्क मार्ग,जगापुर सम्पर्क मार्ग, माया खास सम्पर्क मार्ग , राजाबाजार कटरा सम्पर्क मार्ग,देवरिया सम्पर्क मार्ग के किमी0 1, 2(760) का विशेष मरम्मत का कार्य,बरबसपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 2 (500) का विशेष मरम्मत का कार्य, मसनुपर मुस्लिम बस्ती, ब्राहमण बस्ती उत्तरी, यादव बस्ती दक्षिणी, हरिजन बस्ती उत्तरी, हरिजन बस्ती दक्षिण सम्पर्क मार्ग के किमी0 1,मई बरपुर नूरूददीनपुर (देवरिया) मार्ग के पीली नदी पर सेतु के पहुँच मार्ग एवं अतिरिक्त पहुँच मार्ग के किमी0 1 (120) 2 (800) 3 (300) 4 (100) का विशेष मरम्मत का कार्य।



# सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं को सही पात्रों तक जरूर पहुचाएं : बीडीओ

* धर्मापुर ब्लॉक क्षेत्र के दो ग्राम पंचायत में आयोजित हुई ग्राम चौपाल, बीडीओ ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

गौराबादशाहपुर ब्लॉक क्षेत्र के दो ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस ग्राम चौपाल में उपस्थित बीडीओ व अन्य अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना। शुक्रवार को ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरसौड़ा और गोविंदपुर मनिहा गांव में आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम में बीडीओ कृष्णमोहन यादव पहुचे। उनके सामने गांव के कई लोगों वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, शौचालय व आवास के लिए लिखित आवेदन सौंपा। जिस पर बीडीओ ने सम्बन्धित विभाग को सही पात्रता की जांच करने के साथ आवेदन का निस्तारण करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा जो भी व्यक्ति पात्रता सूची में आएगा उसे जरूर उक्त महत्वपूर्ण योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। बीडीओ ने दोनो गांव के सचिवों को संचारी रोग के प्रकोप को देखते हुये नियमित रूप से साफ-सफाई करवाते रहने का निर्देश दिया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत अधिकारी राजेश यादव ग्राम प्रधान सरोज देवी, सुरेंद्र राजभर, आनंद, ऋषभ सिंह, प्रीतम मौर्य, सुरेंद्र सिंह, दीपू सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# एक्सपायरी डेट की चना की दाल वितरण होने पर लोगों मे आक्रोश

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

> भदराव गांव में डेट एक्सपायरी दाल वितरित होने की जानकारी बीडीओ ने दिया है। उसकी जांच की जाएगी यदि ऐसा है तो सम्बंधित को लिखा जाएगा।
> -प्रशांत सिंह, सीडीपीओ बरसठी

> भदराव गांव में चौपाल थी जिसमें लाभार्थियों ने डेट एक्सपायर दाल वितरित होने की जानकारी दिया है। जिसकी जानकारी हमने सीडीपीओ को दे दिया है।
> -राकेश कुमार मिश्रा, खण्ड विकास अधिकारी बरसठी

> खाने की सामग्री की डेट एक्सपायरी नही होती, डेट एक्सपायरी के बाद उसकी गुणवत्ता कम हो जाती है। डेट बैल्यू खत्म होने के बाद सामग्री वितरित करना गलत है। इसकी जांच की जाएगी।
> -डॉ तूलिका शर्मा, खाद्य सुरक्षा अधिकारी मड़ियाहूं

आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं व बच्चों में वितरित होना वाला चना का दाल डेट एक्सपायर होने के बाद दिया जा रहा है। जिसकी शिकायत लाभार्थियों ने बीडीओ से किया।बीडीओ ने एक्सपायरी डेट की दाल वितरित होने की जानकारी सीडीपीओ को दिया। एक्सपायरी डेट की दाल वितरित होने के बाद लाभार्थियों में हड़कंप मचा रहा।

शुक्रवार को भदराव गांव में चौपाल थी, वहां पर आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकत्री लाभार्थियों को चना की दाल, दलिया व रिफाइन वितरित कर रही थी।वितरित करने के बाद किसी लाभार्थी ने देखा कि दाल के पैकेट पर लिखा डेट 1 अक्टूबर को एक्सपायर हो गया है। पैकेट पर लिखा है कि एक मई को पैकिंग डेट से 5 माह तक उपयोग किया जा सकता है। जो कि एक अक्टूबर को ही समाप्त हो गया।अब एक्सपायरी डेट की दाल वितरित हो रहा है।चौपाल में मौजूद बीडीओ राकेश मिश्रा ने लाभार्थियों ने डेट एक्सपायर होने की शिकायत की।जिस पर बीडीओ ने मामले को सीडीपीओ को अवगत कराया है। बताया जाता है कि सीडीपीओ कार्यालय से 10 अक्टूबर को केंद्रों पर वितरित करने के लिए सामान आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को दिया गया है।

# अति पिछड़ों के लिए पूरे देश में लागू होगा आरक्षण : ओमप्रकाश राजभर

जन एक्सप्रेस । जौनपुर




सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने पार्टी के 22वें स्थापना दिवस पर हरधन मझिली में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सत्तर सालों से अति पिछड़ों के साथ अन्याय होता चला आ रहा है उनके हक को छीना गया है।अब वक्त आ गया है पिछड़ों के साथ न्याय होने का। जल्द ही पूरे देश में अति पिछड़ों के लिए आरक्षण लागू किया जाएगा।इसके लिए प्रधानमंत्री संग बैठक में सहमति बन गई है। समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए श्री राजभर ने कहा कि सपा अन्य दलों से आठ बार गठबंधन किया और अपने स्वार्थ में तोड़ा लेकिन वह दलबदलू नहीं है।और हम अतिपिछड़ों की भलाई के लिए गठबंधन करते हैं तो स्वार्थी तत्व दलबदलू कहते हैं।कहा कि मेरे सहयोग से सपा की सौ सीट पार कर गई इस बार पता चल जाएगा।सपा गठबंधन करके तोड़ना जानती है गठबंधन धर्म निभाना नहीं।अतिपिछड़ों की भलाई के कूछ भी करना होगा करूंगा।सदन के अंदर मुख्यमंत्री योगी ने सराहना की कहा कि राजभर ने योजनाओं का लाभ गरीबों को दिलाने में मदद की। श्री राजभर ने कहा कि पार्टी के विस्तार के लिए बिहार में अतिपिछड़ों को जगाने का कार्य कर रहा हूं।76 सालों में बिहार में एक भी राजभर एमएलए नहीं बन पाया जबकि बिहार में राजभरों की संख्या ज्यादा है। कार्यक्रम को प्रो. जेपी सिंह, पूर्व प्रमुख अरविन्द सिंह,जितेंद्र राजभर ने भी संबोधित किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजभान राजभर व संचालन चंदन राजभर ने किया। इस अवसर पर बजरंगी राजभर, पांचू राजभर, शिवशंकर राजभर ,रमेश राजभर सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# नाबालिग छात्र देशी तमंचे से टीचर पर फायर कर मौके से फरार

* टीचर के साथ एक छात्रा भी हुई घायल, गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगीं

जन एक्सप्रेस। अंकित चौधरी



कानपुर नगर। बीते दिन चौबेपुर थाना क्षेत्र के कस्बे में बने भजनलाल इंस्टीट्यूट के बाहर नवीं के नाबालिग छात्र ने अपने भाई संग अपने टीचर पर गोली चला दी और उसके बाद मौके से फरार हो गए। टीचर के गले में गोली के छर्रे लगे है साथ ही साथ एक नवीं की छात्रा के पैर में गोली के छर्रा लगे हैं। कोचिंग इंस्टिट्यूट में हुई इस गोली कांड की घटना से क्षेत्र में सनसनी फ़ैल गई। जैसे ही संबंधित थाने की पुलिस को सूचना हुई मौके पर भारी फोर्स पहुंचा थोड़ी ही देर में डीसीपी वेस्ट विजय कुमार ढुल भी आप पहुंचे और जॉच पड़ताल पूछताछ करने में जुट गए। मिली जानकारी के अनुसार थाना चौबेपुर क्षेत्र के कस्बे में भजन लाल इंस्टीट्यूट स्थित है । इस इंस्टिट्यूट में बच्चे कोचिंग की पढ़ाई करने के लिए आते हैं। यही पर बदनपुर गांव में रहने वाले दो चचेरे भाई पढ़ते हैं। एक भाई 11वीं का छात्र है जबकि छोटा भाई नवीं कक्षा में पढ़ता है। बीते गुरुवार को नवीं क्लास के छात्र पर एक छात्र कमेंट कर रहा था । छात्र के शिकायत करने पर टीचर विकास तिवारी ने नवीं के छात्र को डाटा उसके पैर में डंडा भी मार दिया था। इसी कारण नवीं का छात्र अपने टीचर से क्रोधित हो उठा और उसने यह पूरा का पूरा मामला अपने चचेरे भाई को बताया दोनों ने तय किया कि टीचर से बदला लेंगे। शुक्रवार सुबह दोनों भाई तमंचा लेकर स्कूल पहुंचे विकास अपने एक साथी टीचर के साथ स्कूल पहुंचे थे । इसी दौरान दोनों छात्रों ने उन्हें स्कूल गेट पर ही रोक लिया। विकास तिवारी के बाइक से उतरते ही दोनों भाइयों ने उन पर फायर कर दिया जिसमें एक छात्र का फायर मिस हो गया वहीं दूसरे भाई की गोली टीचर के गले को छूते हुए निकल गई और वह घायल हो गए ।छात्र द्वारा चलाई गई दूसरी गोली स्कूल में प्रवेश कर रही एक छात्रा के पैर में जा लगी है। फायरिंग होने से स्कूल में हर तरफ अफरा तफरी मच गई इसी बीच मौका पाकर दोनों छात्र मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई घायल टीचर विकास और छात्रा को अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक हेल्थ सेंटर में तैनात चिकित्सक सुबीर सिंह कटियार घायलों का इलाज कर रहे हैं। उनके मुताबिक गले में जो निशान दिखाई दे रहे हैं उनका परीक्षण कराया जा रहा है। फायर दूर से किया गया है वरना वारदात और बड़ी हो सकती थी।

### पुलिस कमिश्नर आर के स्वर्णकार ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर किया निरीक्षण

घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस कमिश्नर आर के स्वर्णकार भी मौके पर पहुंचे थे । डीसीपी पश्चिम विजय ढुल ने बताया कि टीचर की तहरीर पर आरोपी दोनों छात्रों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच चल रही है स्कूल में तमंचा लेकर आए छात्रों के पास तमंचे कहां से आए है। छात्रों के माता-पिता क्या करते हैं और उनके परिवार का कहीं कोई आपराधिक इतिहास तो नहीं है यह भी पता किया जा रहा है।

### क्लास के अंदर दसवीं के स्टूडेंट की हुई थी हत्या

बीते कुछ माह पहले कानपुर के विधनू थाना क्षेत्र के न्यू आजाद नगर स्थित प्रयाग विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में दसवीं की स्टूडेंट की उसके साथी ने क्लास के अंदर ही चाकू से गोद कर हत्या कर दी थी। बताया जा रहा था कि दोनों के बीच लड़की से बातचीत को लेकर झगड़ा हुआ था। मृतक नीलेंद्र तिवारी की उम्र 15 साल और आरोपी की उम्र 13 साल थी दोस्तों ने उनका झगड़ा शांत करा दिया था लेकिन क्लास में उनके बीच फिर टकराव हो गया था।

# संदिग्ध हालात में मजदूर की मौत पत्नी ने हत्या का लगाया आरोप





जन एक्सप्रेस। उन्नाव


* बिहार थाना क्षेत्र के ताजकपुर गांव की घटना

बिहार थाना क्षेत्र में गुरुवार देर शाम एक मजदूर की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। पत्नी ने गांव के ही एक व्यक्ति पर हत्या का आरोप लगाया है। हालांकि इसके पीछे कोई ठोस वजह उसने नहीं बताई है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के भेजने के साथ ही मामले की जांच कर रही है। बिहार थाना क्षेत्र के ताजकपुर निवासी मृतक राजेश (42) पुत्र गंगाराम रविदास की पत्नी मीना देवी ने बताया कि उसके पति मजदूरी करते थें। गुरुवार शाम 4 बजे काम से वापस आने के बाद वह घर से कहीं चले गए थे। शाम लगभग 7 बजे जेठ राकेश ने सूचना दी की राजेश गांव के पास खड़ी कलानी में बेहोशी की स्थिति में पड़े हैं जहां उनके साथ मारपीट हुई है। मीना ने बताया कि जब वह घटनास्थल पर पहुंची तो उसके पति के मुंह से खून और झाग निकल रहा था जबकि सांसे थम चुकी थी। मृतक के बेटे की सूचना पर पहुंची डायल 112 पुलिस ने राजेश को पीएचसी सुमेरपुर पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के बेटियां खुशी (15), मुस्कान (14), महक (12), चांदनी (10) और सबसे छोटा बेटा सुमित (18) हैं। सूचना पर पीएचसी पहुंचे एसओ शिवप्रकाश पांडेय ने मृतक के परिजनों से पूछताछ की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी मीना देवी ने पुलिस के सामने गांव के ही राजू पुत्र मक्खू पर हत्या का आरोप लगाया है। जबकि हत्या का कोई स्पष्ट कारण वह नहीं बता सकी। पुलिस का कहना है की मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों व पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# साइकिल सवार किसान को लोडर ने मारी टक्कर, मौत

* अचलगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव के निकट हुई घटना

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



अचलगंज थाना क्षेत्र में सड़क पार कर रहे साइकिल सवार किसान को सामने से आ रहे लोडर ने टक्कर मार दी। घायल को परिजनों ने जिला अस्पताल पहुंचाया जहां उसकी मौत हो गई। अस्पताल के मेमो पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है।

अचलगंज थाना क्षेत्र के शिवपुर निवासी रामसिंह (65) पुत्र स्व. रामनाथ खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। गुरुवार देर शाम खेत से घर वापस आते समय अचलगंज पुरवा मार्ग पर शिवपुर गाँव के सामने पुरवा की ओर से आ रहे लोडर ने उसकी साइकिल में टक्कर मार दी। आस पास के ग्रामीणों ने चालक समेत लोडर को पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना पर पहुंचे परिजन घायल रामसिंह को एंबुलें के जरिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित करते हुए शव को मोर्चरी में रखवा दिया। शुक्रवार को अचलगंज पुलिस ने पंचनामा भर कर शव का पोस्टमार्टम कराया। मृतक रामसिंह के पत्नी सिद्धेस्वरी के अलावा एक बेटा सुनील है। उसकी मौत पर दोनों रो रोकर बेहाल हैं।

# ननद और देवर की गिरफ्तारी को लेकर मायके वालों ने थाने में किया हंगामा

* विवाहिता की मौत पर भाई ने पति समेत पांच के खिलाफ दर्ज कराई थी रिपोर्ट
* पति समेत सास व ससुर को गिरफ्तार कर चुकी है पुलिस

जन एक्सप्रेस। उन्नाव



बिहार थाना क्षेत्र में विवाहिता की मौत के मामले में मृतका के भाई ने पति समेत पांच ससुराली जनों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया लेकिन मायके वालों ने सभी की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने पहुंच कर हंगामा किया। एसओ ने किसी तरह उन्हें समझा बुझा कर शांत कराया।

बता दें कि गुरुवार बिहार थाना क्षेत्र के बदनपुर गांव निवासी शुभम यादव पुत्र मुन्नर प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि उसकी बहन कोमल (23) की शादी तीन साल पहले मनोज कुमार पुत्र केशनपाल यादव निवासी भीटेपुर थाना बिहार के साथ हुई थी। बीती 25 अक्टूबर को ससुरालीजनों ने दहेज के लिए उसकी गला कस कर हत्या कर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतका के पति मनोज कुमार, सास जनकदुलारी, ससुर केशनपाल, ननद ज्योति व देवर अमन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। शुक्रवार को एसओ शिव प्रकाश पाण्डेय कृष्णपाल उर्फ किशनपाल, जनक दुलारी व मनोज कुमार को गिरफ्तार कर लिया। हालांकि मायके पक्ष के लोग इससे संतुष्ट नहीं हुए। शव लेकर थाने पहुंचे परिजन मुकदमें में नामित देवर व ननद को भी गिरफ्तार करने की मांग करते हुए हंगामा करने लगे। काफी देर तक महिलाओ की भीड़ को समझाया बुझाया गया। एसओ शिव प्रकाश पांडेय ने जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर किसी तरह मायके वालों को समझा बुझा कर शांत कराया। इसके बाद परिजन शव लेकर जाने को राजी हुए तब पुलिस ने राहत की सांस ली।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रेन यात्री की हालत बिगड़ी, मौत

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। गुरुवार को ट्रेन में यात्रा कर रहे वृद्ध की अचानक हालत बिगड़ी देख साथ रहे रिश्तेदार ने उसे उन्नाव रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर दो पर उतारा और एंबुलेंस के जरिए जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। जीआरपी ने जांच पड़ताल के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया है। लखनऊ जनपद के थाना बंथरा के औरावां निवासी शिव बहादुर (57) पुत्र स्व. राजाराम पेशे से ड्राइवर था। वह एक ट्रैक्टर कंपनी में काम करता था। गुरुवार को ट्रेन से भोपाल जाते समय अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। यात्रियों की सूचना पर उसे उन्नाव रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म नंबर दो पर उतरा गया। साथ रहे समधी जीत बहादुर सिंह ने घटना की सूचना जीआरपी को दी। पुलिस ने एम्बुलेंस बुलवा कर वृद्ध को जिला अस्पताल की इमर्जेंसी पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने जांच बाद आवश्यक कार्रवाई की है।

### अधेड़ किसान की मौत, भाई ने जताई हत्या की आशंका

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के रऊकरना गांव में एक किसान की संदिग्ध हालातों में मौत हो गई। मृतक के भाई ने सम्पति के लालच में हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले की जांच की जा रही है। माखी थाना क्षेत्र के रऊकरना के मोहल्ला ककरा निवासी रामू मौर्य (55) पुत्र रामसेवक खेती कर परिवार का भरण पोषण करता था। लगभग एक साल से बीमार चल रहे रामू का इलाज उसका बड़ा भाई श्यामू करा रहा था।जिससे उसने अपनी सम्पति बड़े भाई के नाम वरासत करा दी थी। गुरुवार रात उसकी मौत हो गई।परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की उसके भतीजे अजीत कुमार ने पुलिस को सूचना दी। थाना प्रभारी वीरबहादुर सिंह ने बताया कि मृतक चार भाईयों श्यामू, किशोर और संजय कुमार में दूसरे स्थान का था। भाईयों के अनुसार वह बीमार चल रहा था। बीमारी के चलते उसने अपनी सम्पति एक बड़े भाई के नाम वसीयत कर दी थी। जिससे दो भाई नाराज थे। उन्होने हत्या की आशंका जाहिर की है जिससे शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की जायेगी। छोटा भाई संजय कुमार मुम्बई में रहता है। मृतक अविवाहित था जिसके चलते उसका कोई वारिस नहीं है।

### मौसेरे भाई पर शादी का झांसा देकर शारीरिक शोषण का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

जन एक्सप्रेस/उन्नाव। औरास थाना क्षेत्र निवासी एक युवक पर उसकी मौसेरी बहन ने शादी का झांसा देकर चार साल तक शारीरिक शोषण करने का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। लखनऊ जनपद के माल थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती ने औरास पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि औरास के गांव का रहने वाला उसका मौसेरा भाई मुकेश उसे चार साल पहले साथ लेकर अपने घर आया था। तब से वह शादी का झांसा देकर उसका शारीरिक शोषण कर रहा था। परिजनों को इसकी जानकारी होने पर उस पर शादी का दबाव बनाया तो उसने इंकार कर दिया और गैर प्रांत भाग गया। पीड़िता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। इस मामले में एसओ रेखा सिंह ने बताया की तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार किया जाएगा।

### जागरण में मां दुर्गा की आकर्षक झांकी सजाई

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। गुरुवार रात राजधानी मार्ग पर नगर पालिका कार्यालय के सामने नटराज समिति के तत्वावधान में विशाल देवी जागरण का आयोजन किया गया। जागरण में कलाकारों ने एक से बढ़कर एक देवी गीत पेश किया। जहां फूलों से श्रंगार कराया गया। मां दुर्गा की आकर्षक झांकी सजाई गई। इस दौरान बाहर से आए कलाकारों ने मां की भेंट प्रस्तुत की। कलाकारों ने देवी गीतों से श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। माता ने बुलाया है, हम तो चले मां के द्वार, माता अपने चरणों में शरण दे दो, मइया जी के चरणों में ठिकाना चाहिए, शेर पे सवार होकर आ जा शेरावाली, तूने मुझे बुलाया शेवालियें, अम्बे तू हैं जगदंबे काली, जय दुर्गे, मइया ओ अम्बे मइया, लाल तेरा घबराये रो रो तूझे बुलाए आदि गीतों से पूरा वातावरण भक्तिमय कर दिया। इस मौके पर संयोजक पप्पू गुप्ता भोले, संजय गुप्ता, योगेश दीक्षित, पंकज कुमार, विशाल कश्यप, नारायण गुप्ता, राज नारायण मिश्रा, मोना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

### गांजे के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। कोतवाली प्रभारी राजकुमार ने बताया कि शुक्रवार गंगाघाट रेलवे क्रासिंग के पास उ0नि0 गया प्रसाद रमन, श्रीकृष्णकान्त, का0 सचिन यादव, प्रशान्त सिंह, राघवेन्द्र गुर्जर, आमिर सैफी, विकल कुमार गश्त पर थे, तभी पुलिस ने सांण्डी थाना के ककेन्ड़ी निवासी शिवराज पुत्र मुंशी व सुशान्त कुमार पुत्र गुरुचरन रोक लिया और उनकी तलाशी ली। जहां पुलिस ने उनके पास से झोले में दो किलो सौ सौ ग्राम अवैध गांजा बरामद किया। पुलिस दोनों आरोपी को लेकर कोतवाली आई। जहां दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर कोर्ट भेजा है।



# मूर्ति विसर्जन में जा रहे युवकों की बाइक राजमार्ग पर ई रिक्शा से टकराई

जन एक्सप्रेस। नवाबगंज, उन्नाव

मूर्ति विसर्जन में जा रहे युवकों की बाइक राजमार्ग पर ई रिक्शा से टकरा गई। जिसमें बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पीआरवी पुलिस ने घायलो को अपने वाहन से सीएचसी पहुंचाया।

नवाबगंज कस्बे के बाजार प्रांगण में नवरात्रि पर्व पर पूजा पंडाल में मूर्ति स्थापना की गई थी। शुक्रवार को मूर्ति विसर्जन के लिये सभी के साथ कस्बा निवासी राहुल पुत्र विनोद व उसका मित्र असलम पुत्र कमलेश भी बाइक से जाजमऊ घाट जा रहा था। राहुल लखनऊ कानपुर राजमार्ग पर चमरौली मोड़ के समीप आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने लगा। तभी चमरौली गांव की ओर से अचानक निकले एक ई रिक्शा में बाइक टकरा गई। जिससे बाईक सवार युवक घायल हो गये। मौके पर पहुंची पुलिस पीआरवी 2909 के पायलट दीपक व कमांडर अजय नाग ने तत्काल घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां उनका इलाज चल रहा है।

## गौवंश ने बुजुर्ग को पटका, हालत गम्भीर

जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव। पालिका के वार्ड 28 के सभासद ब्रम्ह नगर निवासी सभासद अभिषेक शुक्लागंज बब्लू की दादी कमला देवी (85) शुक्रवार सुबह घर के बाहर थी, तभी एक गौवंश टहलता हुआ पहुंचा और इस दौरान उसे बुजुर्ग महिला को पटक दिया। जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई। चीख पुकार सुन आस पास के लोग दौड़े। जिसके बाद परिजन घायल बुजुर्ग महिला को इलाज के लिये निजी अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने बताया कि उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पूर्व में भी आवारा जानवरों ने बिंदा नगर निवासी एक अधेड़ को पटक दिया था। जिससे उसकी मौत हो गई थी।

# पति ने अपनी पत्नी पर लगाया बेटी बेचने का आरोप

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

साढ़ थाना क्षेत्र के कुढ़नी मजरा के अन्तर्गत आने वाला बंगलन गाँव का अजीबो गरीबो मामला सामने आया आया है जहाँ पर एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी के ऊपर बेटी बेचने का आरोप लगाया है । जिसकी सूचना लिखित रूप में साढ़ थाने में की है मामला कुढ़नी मजरा के अंतर्गत आने वाला बंगलन गांव का है जहाँ पर घनश्याम पुत्र मौजा प्रसाद उमराव का विवाह सन 1998 में ग्राम पहाड़पुर थाना बिंदकी निवासी रमेश चन्द्र उमराव की बेटी मधु के साथ संपन्न हुआ था। कुछ वर्षो तक सब कुछ अच्छा चला शादी के बाद पत्नी मधु करीब 20 वर्ष तक अपने पति घनश्याम के साथ रही जिस दौरान तीन पुत्रिया हुई जिनमे से दो पुत्रियों की शादी समयनुसार हो गई। अब तीसरी पुत्री जो कि अभी नाबालिग है मधु के पति का आरोप है कि कुछ वर्षों से उसकी पत्नी मधू जो कि ग्राम बैजूपुर निवासी मुकेश साथ अवैध रूप पुत्री संग रहने लगी है और पिता ने ये भी आरोप लगाया कि उसकी पत्नी व उसका आशिक मुकेश यादव उसकी नाबालिग पुत्री को बेचने का प्रयास कर रहा है जिसकी शिकायत पीड़ित घनश्याम ने साढ़ थाना में लिखित रूप में की है । इस पूरे मामले पर जब साढ़ थाना प्रभारी सतीश राठौर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है मामले पर गंभीरता जांच होगी और जो दोषी होगा उसके विरुद्ध कठोर से कठोर कार्यवाही होगी।

### मामले पर पत्नी मधू का क्या कहना

पत्नी मधू का कहना है कि ये पति घनश्याम कुछ कमाता-धमाता नही था और नशेबाज प्रवत्ति का है जिसके कारण उसे मरता पिटता था लेकिन जैसे तैसे उसने खुद नौकरी करके ,मांग-जांचके दोनों पुत्रियों का विवाह किया लेकिन फिर भी उसके पति के व्यवहार में कोई परिवर्तन नही आया जिसकी वजह से उसने अपने मन पसदं व्यक्ति को चुन कर मुकेश के साथ खुसी खुसी रह रही है ।जिसे देखकर इसे जलन होती है और इसे ये सब रास नही आता है जिसकी वजह से तरह तरह के आरोप लगा कर थाने में कई बार शिकायत कर चुका है घनश्याम पर मधू का आरोप है कि पति बहुत ही दुष्ट प्रवति का व्यक्ति और अगर उसकी पुत्री उसके पास चली गई तो उसे मार डाले गा या फिर बेच देगा क्योंकि उसका पति पहले भी एक 9 महीने की बेटी को गला घोंट कर मार चुका है।

## ककवन ब्लॉक प्राथमिक विद्यालय लोधनपुरवा की टूटी बाउंड्री 3 साल में नहीं बनी



जन एक्सप्रेस/बिल्हौर। बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन ब्लाक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय लोधन पुरवा की बाउंड्री वॉल जुलाई 2020 में बरसात के मौसम में 15 मीटर नाले में गिर गई थी। उसके बाद कई बार प्रधानाध्यापिका शालिनी त्रिपाठी व अंशुलता ने हस्ताक्षर कर खंड विकास अधिकारी को प्रार्थना पत्र दे चुकी हैं लेकिन इसके बाद भी ना बाउंड्री बाल बनवाई गई और ना ही प्रार्थना पत्र के अनुसार ग्राउंड में पानी भर जाता है और इंटरलॉकिंग सड़क नीचे है उसको ऊंचा करवाना है कोई भी सुनवाई अभी तक नहीं हुई है 29 जुलाई 2023 को पुन: शालिनी त्रिपाठी इंचार्ज अध्यापिका ने प्रार्थना पत्र खंड विकास अधिकारी ककवन को प्रेषित किया लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस पड़ी हुई है शुक्रवार को संवाददाता के पहुंचने पर उन्होंने टूटी बाउंड्री वॉल उसके समीप नाले में भरा पानी जहां पर बच्चों के गिरने और सांप आदि स्कूल परिसर में घुसने की आशंका जताई खंड विकास अधिकारी ककवन को फोन मिलाने पर उन्होंने फोन नहीं उठाया जिससे इस संबंध में जानकारी ना हो सकी ग्राम विकास अधिकारी व प्रधान इस संबंध में अंजान बने हुए हैं।

# ककवन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 41 स्टाफ की तैनाती, अस्पताल में 11 कर्मचारी मिले

* अधीक्षक डॉक्टर धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कानपुर मीटिंग में है

जन एक्सप्रेस। बिल्हौर




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन कस्बे में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सरकार द्वारा 41 स्टाफ की तैनाती की गई है शुक्रवार को जन एक्सप्रेस संवाददाता दोपहर 11ः50-12ः55 तक अस्पताल मे रहकर हकीकत जानी तो वहां पर सिर्फ 11 कर्मचारी ही तैनात मिले । वहीं पर अधीक्षक धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि हम कानपुर में सीएमओ कार्यालय में मीटिंग है। वहां पर मौजूद हैं बाकी के बारे में वह जवाब ना दे सके इससे लगता है कि उनकी सहमति पर कई डॉक्टर आते ही नहीं है वह सिर्फ रजिस्टर पर उनका नाम अंकित है । महिला विभाग में सिर्फ दिव्या स्टाफ नर्स मौजूद थी पूरे महिला स्टाफ के कमरों में सभी जगह ताला बंद था। इतने बड़े अस्पताल में सिर्फ एक महिला कर्मचारी मौजूद हैं सबसे आश्चर्यचकित करने वाली बात यह कि ना कोई मरीज महिला ना ही कोई आशा बहू संगिनी तक नहीं अस्पताल में इस संबंध में जब अधीक्षक से पूछा तो उन्होंने बताया हां एक ही ड्यूटी पर है आए दिन घटना दुर्घटनाएं हो रही हैं इसके बाद भी तैनाती सिर्फ एक। दूसरी महिला कर्मचारी की तैनाती होनी चाहिए। प्राइवेट अस्पतालों में महिला मरीजों की भीड. लगी हुई है। ओपीडी डा अमित कुमार व डॉ विकास यादव मरीजों को देख रहे थे वहीं पर डॉ दिव्या रानी और डॉ विवेक का कोई पता नहीं था । अभय कुमार पर्ची बना रहे थे। बीके सिंह फार्मासिस्ट दवा वितरण कर रहे थे। अमित श्रीवास्तव नोडल अधिकारी कंप्यूटर पर रिपोर्ट बना रहे थे। बृजेश कुमार व मनोज ह्यह्ह्य रिपोर्ट बना रहे थे। प्रवीण कुमार सिंह व अजीत कुमार लैब में मौजूद थे । नितिन त्रिपाठी एक मरीज की आंखें देख रहे थे । इस तरह से कुल मिलाकर 11 लोग अस्पताल में मौजूद मिले बाकी किसी के बारे में कोई भी जवाब ना दे सका। अधीक्षक से दोबारा फोन करने पर जब बात की तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## ससुराल में फंदे में लटका मिला नव विवाहिता का शव

जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर। जिस बेटी के हाथों को पीले किए हुए मात्र 10 महीने हुए थे उसका शव ससुराल में फांसी के फंदे में लटका हुआ मिला है। घटना के बाद ससुरालीजन मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की सहायता से घटनास्थल से सबूत जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ ही अग्रिम कार्रवाई करने में जुट गई । मिली जानकारी के अनुसार घाटमपुर थाना क्षेत्र के इटरा गांव निवासी विजय कश्यप ने अपनी बेटी काजल की शादी रेउना थाना क्षेत्र के किराव गांव निवासी पहलाद के बेटे प्रशांत से की थी शुक्रवार सुबह विजय को जानकारी मिली कि काजल ने फांसी लगाकर जान दे दी है जब विजय अन्य परिवारी जनों के साथ बेटी की ससुराल पहुंचा तो कमरे में बेटी का शव फांसी के फंदे से झूल रहा था वही ससुराल जान मौके से फरार थे मायके पक्ष की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल की जांच करने के बाद फॉरेंसिक टीम की सहायता से घटनास्थल से सबूत जुटाकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मायके पक्ष से तहरीर मिलने के साथ ही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कार्रवाई की बात कही है।

# बिल्हौर सीएचसी में रैबीज के पीड़ितों से मेडिकल स्टोर से मंगाई जाती है सिरिंज



जन एक्सप्रेस। बिल्हौर

बिल्हौर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कुत्ता काटने के बाद लगने वाले रैबिज के इंजेक्शन प्रतिमा लगभग 300 लग जाते हैं वहीं पर हर मरीज को दौड़कर बाहर से आधार कार्ड की फोटो कॉपी और सिरिंज लानी पड़ती है। जिससे इंजेक्शन आसानी से लगाया जा सकता है। एक मरीज के कुत्ता काटे की वैक्सीन तीन लगती है वह तीनों बार सिरिंज लेकर ही आते हैं। इस संबंध में फार्मासिस्ट पी एस सचान ने बताया पिछले चार दिनों में 37,41 ,25 और 20 वैक्सीन लोगों को लगी हैं सिरिंज बाहर से ही लानी पड़ती है इंडेंट भेजा है लेकिन स्टॉक उपलब्ध न होने की वजह से नहीं मिल पा रही हैं। दस्ताने के बारे में पूछा है कि गर्भवती महिलाओं के तीमारदार बाहर से दस्ताने मेडिकल स्टोर से खरीद कर लाते हैं रात में इस पर उन्होंने कहा कि मैं दिन में कई बार डिमांड होने पर दवाइयां स्टोर से निकाल कर देता हूं और सुबह भी पहले स्टॉक सभी का दे देते हैं बीच में भी जरूरत पड़ती है इमरजेंसी में वह भी देना पड़ता है स्टाफ कम है जिसके चलते दिक्कतें आ रहे हैं और स्टोर छोटा है जिससे दबाए सीडीओ पर जीने पर भी रखी हैं। जिसके चलते एक तरफ का जीने का ताला अधीक्षक ने बंद करवा रखा है । अधीक्षक के कमरे में जाने के लिए पूरी बिल्डिंग का चक्कर लगाकर महिला अस्पताल में दूसरी मंजिल पर जाना पड़ता है दूसरी मंजिल पर दो कूड़े के टप रखे हुए हैं जिनमें कूड़ा भरा है वहीं पर कोई कर्मचारी सफाई समय से नहीं होती है उसको देखने वाला कोई नहीं है।

# हमास का सबसे बड़ा ठिकाना अस्पताल के नीचे: इजराइल

## यूएन बोला, गाजा का गला घोंटा जा रहा, यहां मदद नहीं पहुंचने दी जा रही

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



इजराइल और हमास के बीच जारी जंग का 21वां दिन टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक इजराइली डिफेंस फोर्स का कहना है कि हमास का मेन ऑपरेशन बेस यानी मुख्य ठिकाना गाजा के सबसे बड़े अस्पताल अल शिफा अस्पताल के नीचे है। आईडीएफ ने इससे जुड़ी सैटेलाइट इमेज जारी की है। आईडीएफ के स्पोक्स पर्सन ने कहा- हमारे पास इस बात के सबूत हैं कि सैंकड़ों लड़ाके अस्पताल में छिपे हैं। इजराइल के पास खुफिया जानकारी है कि इन बेस तक जाने के लिए लड़ाके सुरंगें का इस्तेमाल करते हैं। जिससे उन्हें अस्पताल के अंदर न जाना पड़े। इजराइल के इस दावे को हमास ने खारिज किया है। इस बीच ह का कहना है कि गाजा को जितनी मदद की जरूरत है उतनी मदद नहीं दी जा रही है। गाजा का गला घोंटा जा रहा है। अब तक सिर्फ 84 ट्रक राहत सामग्री लेकर पहुंचे हैं। वहां रह रहे 23 लाख लोगों के लिए ये बेहद ही कम है। इधर, वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन ने कहा, गाजा के अस्पतालों में फ्यूल की कमी है। यहां 12 बड़े अस्पतालों में हर दिन 94 हजार लीटर ईंधन की जरूरत है। ईंधन नहीं होने के कारण लोगों का इलाज करना मुश्किल हो रहा है। यहां हजार मरीज डायलिसिस और 130 बच्चे प्रीमैच्योर बेबी हैं। इन्हें फौरन इलाज की जरूरत है।

### इजराइली हमले में 5 हमास कमांडर ढेर

इजराइली सेना ने गुरुवार रात को बताया कि उन्होंने हमास के 5 सीनियर कमांडरों को मार गिराया है। इनमें हमास इंटेलिजेंस का डिप्टी हेड शादी बारूद भी शामिल है। वो इजराइल पर हमले करने वाले हमास के पॉलिटिकल विंग के लीडर याह्या सिनवार के साथ मिलकर काम करता था।

### हमास बोला, अब तक 50 बंधकों की मौत

दूसरी तरफ, हमास ने दावा किया है कि इजराइली हमले में 50 बंधकों की मौत हो गई। इसके पहले हमास ने दावा किया था कि 20 बंधक इजराइली हमले में मारे गए हैं। दरअसल, 7 अक्टूबर को हमास के लड़ाके 200 से 250 इजराइली और विदेशी नागरिकों को बंधक बनाकर गाजा ले गए थे। इनमें से अब तक 4 बंधकों को रिहा किया गया है।

### मिस्र के तबा शहर में मिसाइल गिरी, 6 घायल

मिस्र के अल काहेरा न्यूज के मुताबिक, इजराइली सीमा के पास मिस्र के लाल सागर रिसॉर्ट शहर तबा की एक मेडिकल फैसिलिटी के पास एक मिसाइल गिरी, जिससे छह लोग घायल हो गए। हालांकि, अभी यह साफ नहीं हुआ है कि मिसाइल जंग से संबंधित थी या किसी गलत टेस्टिंग की वजह से ऐसा हुआ। अमेरिका ने गुरुवार को सीरिया में ईरान के रिवॉल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। अमेरिका ने इसे इराक और सीरिया में उनकी सेना पर हुए हमले का बदला बताया। अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि इस हमले का आदेश राष्ट्रपति बाइडेन ने दिया था, जिससे अमेरिका ये मैसेज दे सके कि वो अपनी सेना पर हमलों को बर्दाश्त नहीं करेगा।

### इजराइल बंधकों की रिहाई के लिए सौदे करने को तैयार

कान पब्लिक ब्रॉडकास्टर की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल ने मध्यस्थता करवाने वाले कतर को बताया है कि वो बड़ी संख्या में बंधकों की रिहाई के लिए सौदा करने को तैयार है। हालांकि, इजराइल बंदियों के बदले हमास को क्या देगा इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। गाजा में बड़े पैमाने पर फ्यूल की क्राइसिस है, जिसकी वजह से लोगों की जिंदगी पर असर पड़ रहा है। इजराइल ने गाजा में ईंधन की सप्लाई रोक रखी है, क्योंकि उसे डर है कि इसका इस्तेमाल हमास हमलों के लिए करेगा।

### इजराइल जंग में स्पंज बम का इस्तेमाल कर रहा

इजराइल जंग में स्पंज बम का इस्तेमाल कर रहा है। दरअसल, हमास सुरंगों से हमले कर रहा है। यहां तक इजराइली सेना की पहुंच नहीं है। ऐसे में इन हमलों से बचने के लिए इजराइल ने स्पंज बम बना रहा है। फोम से बना ये बम फटने के बाद ज्यादा से ज्यादा जगह में फैल जाता है और सख्त हो जाता है। द टेलीग्राफ की एक रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल केमिकल ग्रेनेड की टेस्टिंग भी कर रहा है। इनमें कोई एक्सप्लोसिव नहीं होता। लेकिन इसका उपयोग सुरंगों की एंट्रेंस या किसी तरह के गैप को बंद करने में होता है।

# भारत में टाटा ग्रुप बनाएगा आईफोन

## विस्ट्रॉन के साथ टाटा की 1,000 करोड़ में डील फाइनल, 2.5 साल में शुरू होगा प्रोडक्शन




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

टाटा ग्रुप भारत में आईफोन बनाएगा। एपल की सप्लायर विस्ट्रॉन की फैक्ट्री के अधिग्रहण की डील शुक्रवार को फाइनल हो गई। विस्ट्रॉन कॉर्प के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने इसे मंजूरी दी। इस मंजूरी के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि ढाई साल के भीतर आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग शुरू हो जाएगी। टाटा के टेकओवर के बाद भारत को एपल प्रोडक्ट्स के लिए अपनी पहली डोमेस्टिक यानी स्वदेशी प्रोडक्शन लाइन मिल जाएगी। टाटा ग्रुप की कंपनी टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (ञ्जश्वक्क) के साथ विस्ट्रॉन इन्फोकॉम मैन्युफैक्चरिंग (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड को बेचने की डील .125 मिलियन (करीब 1000 करोड़ रुपए) में हुई है।

### विस्ट्रॉन ने 2008 में इंडियन मार्केट में एंट्री की थी

ताइवान की कंपनी विस्ट्रॉन ने 2008 में इंडियन मार्केट में एंट्री की थी, तब कंपनी कई डिवाइसेस के लिए रिपेयर फैसिलिटी प्रोवाइड कराती थी। इसके बाद 2017 में कंपनी ने अपने ऑपरेशंस को एक्सपेंड किया और एपल के लिए आईफोन का प्रोडक्शन शुरू किया था। विस्ट्रॉन के इस प्लांट में 10,000 से ज्यादा वर्कर्स काम करते हैं।

### विस्ट्रॉन को प्रॉफिट में आ रही चुनौती

एक मीडिया रिपोर्ट रिपोर्ट के मुताबिक, एपल की शर्तों के तहत प्रॉफिट हासिल करने में चुनौतियों के कारण विस्ट्रॉन ने भारत में अपनी आईफोन असेंबली फैक्ट्री बेचने का यह फैसला किया। कंपनी को भारत में केवल आईफोन असेंबली प्रोवाइडर के रूप में मुनाफा कमाने के लिए बहुत ज्यादा स्ट्रगल करना पड़ रहा था।

### विस्ट्रॉन के भारतीय प्लांट में 8 प्रोडक्शन लाइन

वर्तमान में विस्ट्रॉन का भारतीय प्लांट अपनी 8 प्रोडक्शन लाइनों में आईफोन की मैन्युफैक्चरिंग कर रहा है। टाटा के अधिग्रहण के बाद विस्ट्रॉन पूरी तरह से भारतीय मार्केट से बाहर हो जाएगा, क्योंकि यह भारत में एपल प्रोडक्ट्स का प्रोडक्शन करने वाला कंपनी का एकमात्र प्लांट है।

### तीन ताइवानी फर्मों में से सिर्फ विस्ट्रॉन भारत छोड़ रही है

पिछले साल कैलिफोर्निया बेस्ड कंपनी एपल ने चीन और अमरीका के बीच विवाद के कारण अपने ग्लोबल प्रोडक्शन का लगभग 25त्न भारत में शिफ्ट करने के प्लान की घोषणा की थी। एपल प्रोडक्ट्स को असेंबल करने वाली तीन ताइवानी फर्मों में से सिर्फ विस्ट्रॉन भारत छोड़ रही है। जबकि, फॉक्सकॉन और पेगाट्रॉन ने भारत में अपनी प्रोडक्शन लाइनें बढ़ा दी हैं।



केसीआर ने मतदाताओं को किया आगाह

# अगर सत्ता में आई कांग्रेस तो खत्म कर देगी कल्याणकारी योजनाएं

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

तेलंगाना के मुख्यंत्री के चंद्रशेखर राव (केसीआर) ने शुक्रवार को मतदाताओं को चेतावनी दी कि अगर कांग्रेस तीस नवंबर को राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव में सत्ता में आई तो रायतु बंधु और किसानों को मुफ्त बिजली जैसी कल्याणकारी योजनाओं को खत्म कर देगी। यहां एक रैली में राव ने कहा, प्रख्यात वैज्ञानिक डॉ. एम एस स्वामीनाथन जैसे लोगों और संयुक्त राष्ट्र जैसे संगठनों ने भी किसानों के लिए निवेश सहायता योजना रायतु बंधु की तारीफ की थी। केसीआर ने देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी पर आरोप लगाया, कांग्रेस नेता उत्तम कुमार रेड्डी कहते हैं कि रायतु बंधु जनता के पैसे की बर्बादी है। एक अन्य नेता (मौजूदा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष) कहते हैं कि किसानों के लिए तीन घंटे की बिजली पर्याप्त है। अगर कांग्रेस (चुनावों में) जीतती है, तो वह रायतु बंधु को राम-राम कहेंगे और दलित बंधु को जय भीम। लोगों को तय करना चाहिए कि वे किसी तरह की स्थिति में होंगे।

यह दावा करते हुए कि वह ही देश में पहली बार दलित बंधु जैसी योजना लेकर आए, केसीआर ने कहा कि वह चुनाव के लिए कोई वादा नहीं कर रहे हैं, लेकिन जनता को धन वितरित करना चाहते हैं। राव ने पिछले दस वर्षों की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि प्रति वर्ष तीन करोड़ टन धान उत्पादन के साथ तेलंगाना पंजाब के बाद दूसरे नंबर पर है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर बीआरएस राज्य में दोबारा सत्ता में आती है तो तेलंगाना के सभी 93 लाख बीपीएल परिवारों को बढ़िया चावल और स्वास्थ्य बीमा भी प्रदान किया जाएगा।

# मनरेगा के 2,696 करोड़ रुपये जारी करने की मांग, सीएम स्टालिन का केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से आग्रह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (एमजीएनआरईजीएस) के तहत राज्य में श्रमिकों के लिए 2,696.77 करोड़ रुपये की तत्काल जारी करने के लिए केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह से हस्तक्षेप की मांग की। मुख्यमंत्री ने कहा, यह पैसा मनरेगा के तहत श्रमिकों की मजदूरी देनदारी थी, जो 20 अक्तूबर तक जमा हो गया था। इसके अलावा, उन्होंने अकुशल श्रमिकों के लिए नियमित रूप से अतिरिक्त धनराशि जारी करने की मांग की। मुख्यमंत्री ने केंद्रीय ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री को संबोधित एक पत्र में कहा, मैं इस संबंध में आपके व्यक्तिगत हस्तक्षेप की आशा करता हूं। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान इस वर्ष 19 जुलाई तक अकुशल श्रमिकों के वेतन हेतु भारत सरकार द्वारा 4,903.25 करोड़ रुपये जारी किये गये। इसके बाद, 25 सितंबर को अकुशल मजदूरी के भुगतान के लिए लगभग 1,755.43 करोड़ रुपये मंजूर किए गए। हालांकि, स्वीकृत राशि में से केवल 418.23 करोड़ रुपये आंशिक रूप से जारी किए गए प्रतीत होते हैं, जिससे 1,337.20 करोड़ रुपये की शेष राशि श्रमिकों के खातों में जमा की जानी बाकी है। इसके अलावा, बाद के हफ्तों के वेतन के लिए 1,359.57 करोड़ रुपये की देनदारी भी जारी नहीं की गई। स्टालिन ने पत्र में कहा, 20 अक्तूबर तक तमिलनाडु के श्रमिकों के लिए वेतन देनदारी 2,696.77 करोड़ रुपये हो गई है।

# सीएम सरमा ने मोहम्मद अकबर के खिलाफ भाषण का किया बचाव, कहा, कांग्रेस ने ईडी से छिपाई महत्वपूर्ण जानकारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

चुनाव आयोग की ओर से कथित सांप्रदायिक भाषण को लेकर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा को कारण बताओ जारी किया गया है। बावजूद इसके सरमा ने अपने बयान का बचाव किया है और कहा है कि यह छत्तीसगढ़ के मंत्री मोहम्मद अकबर की वैध आलोचना थी। चुनाव आयोग ने आचार संहिता के प्रथम दृष्टया उल्लंघन के लिए गुरुवार को सरमा को कारण बताओ नोटिस भेजा और उनसे तीन अक्तूबर की शाम तक जवाब देने को कहा। वहीं, मुख्यमंत्री सरमा ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, कांग्रेस ने चुनाव आयोग से यह जानकारी छुपा ली थी कि कवर्धा सीट से मोहम्मद अकबर उनके उम्मीदवार हैं। इसलिए किसी उम्मीदवार की जायज आलोचना सांप्रदायिक राजनीति नहीं है। भाजपा के वरिष्ठ नेता ने जोर देकर कहा कि कांग्रेस को अपने प्रतिनिधित्व में अहम तथ्य का खुलासा न करने का कानूनी परिणाम भुगतना होगा। उन्होंने कहा, मुझे चुनाव आयोग की बुद्धिमत्ता पर पूरा भरोसा है।


# पांच राज्यों में सुरक्षाबलों की 1700 कंपनियों की तैनाती, 1.50 लाख जवानों पर जिम्मेदारी

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

इस साल के अंत में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव कराए जाने हैं। केंद्रीय सुरक्षाबलों के अलावा राज्य पुलिस के जवानों को भी चुनाव में तैनात किया जाएगा। सभी राज्यों में चुनाव के दौरान केंद्रीय सुरक्षाबल और राज्य पुलिस बलों की 1700 कंपनियों (अनुमानित) को तैनात किए जाने की उम्मीद है। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। बता दें कि छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में 7 से 30 नवंबर के बीच मतदान होगा और वोटों की गिनती 3 दिसंबर को होगी। निर्वाचन आयोग के अनुसार, नक्सली खतरे की आशंका को ध्यान में रखते हुए केवल छत्तीसगढ़ में दो चरणों - 7 नवंबर (20 सीटें) और 17 नवंबर (70 सीटें) में मतदान होगा। सुरक्षाबलों की तैनाती के बारे में शुक्रवार को सूत्रों ने बताया कि चुनाव वाले क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की आवाजाही के दौरान समन्वय की जिम्मेदारी केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल की होगी। आंतरिक सुरक्षा बल प्रमुख के रूप में सीआरपीएफ के अलावा सीमा सुरक्षा बल, भारत तिब्बत सीमा पुलिस, सशस्त्र सीमा बल और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल जैसे अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल और अन्य राज्यों की विशेष पुलिस इकाइयों के जवान भी तैनात होंगे। चुनावी तैयारियों से जुड़ी खबर के अनुसार, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल छत्तीसगढ़ सहित सभी पांच चुनावी राज्यों में अपनी पहले से मौजूद इकाइयों के अलावा लगभग 400 कंपनियों को तैनात करेगा।

# बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं केसीआर : अमित शाह

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर सभी दल चुनाव प्रचार में जोर-शोर से जुट गए हैं। इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) और कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव अपने बेटे केटी रामा राव को अगला मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं, जबकि कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी अपने बेटे राहुल गांधी को अगला प्रधानमंत्री बनाना चाहती हैं। तीन नवंबर को राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले सूर्यापेट में एक रैली को संबोधित करते हुए शाह ने कहा, तेलंगाना में भाजपा का विरोध करने वाली दो पार्टियां केसीआर की टीआरएस और सोनिया गांधी की कांग्रेस हैं। ये दोनों ही तेलंगाना का कल्याण नहीं चाहती हैं। जहां केसीआर चाहते हैं कि केटीआर मुख्यमंत्री बनें, वहीं सोनिया चाहती हैं कि राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें। केंद्रीय गृहमंत्री ने कहा, जहां भाजपा का लक्ष्य (गरीबों का) कल्याण है, वहीं केसीआर की पार्टी और कांग्रेस का लक्ष्य परिवार कल्याण (परिवार का कल्याण) है। तेलंगाना की पिछड़ी जाति के मतदाताओं को लुभाने के लिए शाह ने शुक्रवार को घोषणा की कि अगर पार्टी सत्ता में आती है तो वह पिछड़ी जाति से एक मुख्यमंत्री बनाएंगे। उन्होंने कहा, पीएम (नरेंद्र) मोदी ने पिछड़े वर्गों को संवैधानिक सुरक्षा प्रदान की है। विधानसभा चुनाव में हमें वोट दें। हमने तय किया है कि तेलंगाना में भाजपा का अगला मुख्यमंत्री पिछड़े वर्ग से होगा। शाह ने भरोसा जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केवल भाजपा ही तेलंगाना का विकास कर सकती है। उन्होंने कहा, न तो टीआरएस (तेलंगाना राष्ट्र समिति, जिसे अब भारत राष्ट्र समिति के नाम से जाना जाता है) और न ही कांग्रेस तेलंगाना का विकास कर सकती है। केवल भाजपा ही पीएम मोदी के नेतृत्व में तेलंगाना का विकास कर सकती है। राज्य में टीआरएस और कांग्रेस शीर्ष दावेदार हैं। तेलंगाना के मुख्यमंत्री पर हमला जारी रखते हुए शाह ने उन्हें नवगठित राज्य में सत्ता में आने से पहले पिछड़े वर्गों से किए गए वादों की याद दिलाई। उन्होंने कहा, टीआरएस गरीबों, दलितों और पिछड़े वर्गों की विरोधी पार्टी है। उन्होंने सत्ता में आने पर दलित के बेटे को मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया था। मैं चंद्रशेखर राव से उनके वादे के बारे में पूछना चाहता हूं। 2014 में केसीआर ने दलितों को तीन एकड़ जमीन देने का वादा किया था। क्या हुआ तेरा वादा?

# मीट एट आगरा में एक छत के नीचे दिख रहा है जूता उद्योग में आधुनिकता और इनोवेशन का संगम

- ‘मीट एट आगरा’ के 15वें संस्करण हुआ हुआ शानदार आगाज
- 3254 विजिटर ने पहले दिन फेयर में किया प्रतिभाग

जन एक्सप्रेस। आगरा





तेजी से बढ़ती भारत भारतीय अर्थव्यवस्था के बीच भारत विश्व की ग्लोबल फैक्ट्री के रूप में उभर रहा है। आज हम कह सकते हैं यह भारत की सदी है। यह बात ‘मीट एट आगरा’ के 15वें संस्करण के उद्?घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में अपने सम्बोधन में भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने कहीं उन्होंने आगरा के लेदर फुटवियर को मिले भौगोलिक संकेत यानि जीआई टैग के लिए उधमियों को बधाई भी दी कहा कि आगरा साथ आस पास के अन्य उत्पादों को भी जीआई टैग मिलना चाहिए। इससे पहले कार्यक्रम उद्?घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल, एडीजी पुलिस अनुपम कुलश्रेष्ठ, एफडीडीआई के सचिव एवं प्रबंध निदेशक पंकज सिन्हा, प्रसिद्ध जीआई विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. रजनी कांत द्विवेदी, एलएसएससी के अध्यक्ष पीआर अकील अहमद, एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर, ऑर्गनाजिंग कमेटी के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने संयक्त रूप से किया। इस मौके पर एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि आने वाले सालों में दुनिया भर में फुटवियर के व्यापार में तेजी आने का अंदेशा लगाया जा रहा है लेकिन दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले भारत का फुटवियर उद्योग कई गुना ज्यादा तेजी से बढ़ेगा 2030 तक लगभग 13 फ़ीसदी कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट के साथ भारत में फुटवियर उद्योग 8 गुना बढ़ने की उम्मीद है जबकि फिलहाल विश्व में फुटवियर उद्योग 2.8 फ़ीसदी कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट के साथ बढ़ रहा है जबकि भारत में अभी 9.8 फ़ीसदी कंपाउंड एनुअल ग्रोथ रेट के साथ बढ़ रहा है।

### इस दौरान विशेष रूप से मौजूद रहे

इस दौरान एफमेक के सचिव ललित अरोरा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश सहगल, सुधीर गुप्ता,सीएलई के रीजनल चेयरमैन मोतीलाल सेठी और एफएएफएम के अध्यक्ष कुलदीप सिंह कोहली, एएसएमए के अध्यक्ष ओपिंदर सिंह लवली, एफमेक के चन्द्रशेखर जीपीआई, अनिल मगन, दीपक मनचंदा, एसके वर्मा आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।

प्रसिद्ध जीआई विशेषज्ञ पद्मश्री डॉ. रजनी कांत द्विवेदी ने आगरा को मिले भौगोलिक संकेत यानि जीआई टैग मिलने पर एफमेक के प्रयासों की सराहना करते हुए इसके उद्योग को क्या लाभ होंगे इसपर प्रकाश डाला। एडीजी पुलिस अनुपम कुलश्रेष्ठ आगरा के जूता उद्योग की वैश्विक पहचान के लिए यहाँ के उद्यमियों की भूमिका को सराहा।

इस मौके पर एलएसएससी के अध्यक्ष पीआर अकील अहमद ने कहा कि भारत फुटवियर और चमड़े के परिधान का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक है। भारत में दुनिया की टेनरी का हिस्सा लगभग 3 बिलियन वर्ग फुट है। देश में लगभग 7,000 लघु उद्योग इकाइयां फुटवियर क्षेत्र से जुड़ी हुई हैं, जो देश की अर्थव्यवस्था और विदेशी मुद्रा आय के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। एफडीडीआई के सचिव एवं प्रबंध निदेशक पंकज सिन्हा ने कहा कि भारत में स्किल की कमी नहीं है हमें अपनी हुनर को निखाकर भारत की मजबूत अर्थव्यवस्था में सहभागी बनने की जरुरत है। वहीं देश में पांच लाख जोड़ी जूता प्रतिदिन बनाकर दुनियां के सबसे बड़े जूता निर्यातक बने सीआईएफआई के अध्यक्ष वी. नौशाद ने अपने अनुभव साझा करते हुए 1000 जोड़ी के प्रोडक्शन से किस प्रकार 5 लाख जोड़ी प्रतिदिन का लक्ष्य को हासिल के गुर उद्यमियों से साझा किये। कार्यक्रम का सञ्चालन डॉ. तरुण शर्मा ने किया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन इफ्कोमा के अध्यक्ष संजय गुप्ता ने किया।

### पहले दिन पहुंचे 3254 विजिटर्स

फेयर के पहले दिन कुल 3254 विजिटर पहुंचे। ऑर्गनाजिंग कमेटी के अध्यक्ष गोपाल गुप्ता ने बताया कि इस फेयर में इस बार 220 एग्जीबिटर्स स्टॉल लगे हैं जिनपर देश के 100 से अधिक ब्रांड्स के उत्पादों का प्रदर्शन हो रहा है। इस एग्जिविशन में आधुनिकता और इनोवेशन पर फोकस किया गया है।



### इनको किया गया सम्मानित

एक्सीलेंस इन फुटवियर एक्सपोर्ट में तीन जूता निर्यातकों को और एक्सीलेंस इन फुटवियर कम्पोनेंट्स के एक उत्पादक को अवार्ड प्रदान किया गया यह अवार्ड केंद्रीय मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने प्रदान किये।

#### एक्सीलेंस इन फुटवियर एक्सपोर्ट

- गोपाल गुप्ता – गुप्ता एचसी ओवरसीज
- गौतम मेहरा – लाइनर शू
- कुलबीर सिंह – रोज़र एक्सपोर्ट्स

#### एक्सीलेंस इन फुटवियर कम्पोनेंट्स

- कपिल पलवार– डीएसएम सोल

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हरियाणा का चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा है: विधायक जगदीश नायर

जन एक्सप्रेस। गुरुग्राम




मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में हरियाणा प्रदेश का चहुंमुखी विकास करवाया जा रहा है। समाज के पिछड़े व आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की सामाजिक सुरक्षा के लिए मुख्यमंत्री ने अंत्योदय परिवार उत्थान जैसी अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की हुई हैं। गांव सरमथला, सिलानी, निमोठ, मंदरका व लोहसिंघनी में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा भूमि सुधार आयोग के चेयरमैन एवं होडल के विधायक जगदीश नायर ने ये शब्द कहे। उन्होंने कहा कि डिजिटल सुशासन की परिधारणा को मूर्तरूप देते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनहित में आनलाइन सेवाएं शुरू की हुई हैं। जिनके परिणामस्वरूप लोगों को घर बैठे बुढ़ापा पेंशन बनने, राशनकार्ड बनने, फसल बीमा योजना का लाभ मिलने आदि सुविधाएं मिल रही हैं। अब अपने काम करवाने के लिए लोगों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ते। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत जरूरतमंद नागरिकों को फ्री ईलाज की सुविधा दी जा रही है। युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर सरकारी नौकरियां दी जा रही हैं।

विधायक जगदीश नायर ने कहा कि गांव गांव में जनसंवाद कार्यक्रमों का आयोजन कर आम जन की समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हर एक गांव में नहीं आ सकते, इसलिए सरकार के विधायक, सांसद और मंत्रियों को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

जनसंवाद कार्यक्रमों में पांचों गांवों की पंचायतों ने बिजली, पानी, सार्वजनिक रास्तों का निर्माण करवाने, गांव के पशु अस्पताल, राजकीय विद्यालय, बारातघर के भवनों का निर्माण करवाने, डिजिटल लाइब्रेरी बनवाने, स्टेडियम बनवाने, सेम की समस्या को दूर करने, नहर में साफ पानी लाने, दूषित पानी की निकासी का प्रबंध करने आदि मांगें रखीं। विधायक जगदीश नायर ने मौके पर मौजूद संबंधित सरकारी विभागों के अधिकारियों को विकास कार्यों के एस्टीमेट तैयार कर चंडीगढ़ भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन सभी मांग पत्रों को मुख्यमंत्री कार्यालय भेजा जाएगा और वह स्वयं मुख्यमंत्री से इन्हें पूरा करवाने का अनुरोध करेंगे।

विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि भूमि सुधार आयोग का चेयरमैन होने के नाते वे इस क्षेत्र में सेम की समस्या का स्थाई समाधान करवाएंगे। जनसंवाद कार्यक्रम में भाजपा के जिला महामंत्री महेश यादव, मंडल अध्यक्ष गौरव सिंह, राहुल नायर, सोहना के तहसीलदार लच्छीराम, खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी हितेश कुमार, बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता मनोज नेहरा, जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के कार्यकारी अभियंता अभिषेक, मार्केट कमेटी सचिव सुनीता, पंचायती राज के एसडीओ जयप्रकाश, लोकनिर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता मोहित, चंदन सिंह, सरपंच पवन शर्मा, जयपाल सिंह, वीरेंद्र सिंह, हरि शर्मा, महाबीर सिंह नंबरदार, मुकेश सैनी, सोहनलाल कौशिक, होशियार सिंह इत्यादि उपस्थित रहे।

# संघ परिवार व बीजेपी की मंशा रही है आरक्षण खत्म करने की: धनराज बंसल

जन एक्सप्रेस। गुरुग्राम



गुरुग्राम में भगवान बाल्मीकि प्रकटोत्सव के प्रोग्राम में पधारे हरियाणा चुनाव आयुक्त धनपत सिंह को आम आदमी पार्टी के बुद्धिजीवी विंग के जिला अध्यक्ष धनराज बंसल ने ज्ञापन दिया कि गुरुग्राम नगर निगम चुनाव में 2017 के चुनाव में 35 में से 6 सीटें आरक्षित थी, लेकिन इस बार की जारी अधिसूचना में 36 में से 3 सीटें आरक्षित की गई हैं, समाज की आरक्षित सीटें कम न कि जाएं। 36 में से 7 सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हों। आम आदमी पार्टी बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष धनराज बंसल ने कहा कि पहले नगर निगम में अनुसूचित जाति के लिए सीट 6 थी, जो बीजेपी राज में घटाकर 3 कर दी गई है और बीजेपी सरकार कहती है कि सबका साथ सबका विकास हो रहा है। धनराज बंसल ने कहा कि संघ परिवार बीजेपी की मंशा रही है आरक्षण खत्म करने की। उसी मंशा के तहत बीजेपी ने गुडग़ांव नगर निगम में अनुसूचित जाति की सीट घटाकर 3 कर दी है। बंसल ने कहा कि अनुसूचित जाति की सीट नगर निगम गुडग़ांव में बढ़ाकर 7 की जानी चाहिए। इस बारे में आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष, राज्यसभा सांसद सुशील गुप्ता ने जुलाई 2023 में हरियाणा चुनाव आयुक्त और मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर ये मांग की थी। इस अवसर पर प्रताप कदम और अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें इस बारे में ज्ञापन दिया।

# लोकतंत्र सेनानी संगठन ने पेंशन बढ़ाने पर मुख्यमंत्री का प्रकट किया आभार

जन एक्सप्रेस। गुरुग्राम



वर्ष 1975 में देश की तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में लगाए गए आपातकाल का विरोध करने वाले कई प्रदेशवासियों को कई साल जेलों में रहना पड़ा था। हरियाणा सरकार ने 2017 में लोकतंत्र सेनानी का नाम देकर ताम्रपत्र एवं 10 हजार रुपए प्रतिमाह सम्मान निधि से नवाजा था। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अब इस राशि को बढाक़र 15 हजार रुपए प्रति माह करने की घोषणा की है। लोकतंत्र सेनानी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष महावीर भारद्वाज का कहना है कि मुख्यमंत्री ने देश में सबसे पहले आपातकाल के योद्धाओं को ताम्र पत्र देकर स्वतंत्रता दिवस पर 2017 में सम्मानित किया था और उन्हें लोकतंत्र सेनानी का नाम देकर भावी पीढ़ी को त्याग के महत्व का संदेश भी दिया था। उनका कहना है कि प्रदेश सरकार ने हरियाणा रोडवेज की सामान्य बसों में एक सहयोगी के साथ निशुल्क यात्रा करने का प्रावधान भी किया हुआ है और इन सेनानियों के लिए मुफ्त इलाज के लिए 5 लाख का कैशलेस सुविधा देने की घोषणा की हुई है, जिसका जल्द लागू होने की संभावना है। प्रदेश सरकार के प्रति लोकतंत्र सेनानी संगठन सदैव आभारी रहेगा। उन्होंने मांग की है कि उम्र की आखिरी पड़ाव का सामना कर रहे लोकतंत्र सेनानियों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा शीघ्र उपलब्ध कराई जाए, ताकि वे अपनी बीमारियों का उपचार करा सकें।

# मजबूत लोकतंत्र के लिए वोट बनवाना आवश्यक

जन एक्सप्रेस। गुरुग्राम

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने जिला में संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान का शुभारंभ कर जिला में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए लघु सचिवालय से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह जागरूकता वाहन जिला में 09 दिसंबर तक चलने वाले संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत विभिन्न कस्बों व गांवों में जाकर मतदाताओं को जागरूक करेगी। नए वोटर की पात्रता पूरी करने वाले सभी जिला वासियों से मजबूत लोकतंत्र के लिए अपना वोट बनवाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हर एक वोट की अपनी ताकत होती है, जिसमें हम सभी को बढ़चढ़ भाग लेना चाहिए तथा अपने समाज के हर तबके को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रमानुसार त्रुटि रहित फोटो युक्त मतदाता सूची तैयार करना बेहद जरूरी है।

जिसके लिए जिला में नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने व पुराने मतदाता की आपत्तियों व दावों के अनुरूप संशोधन के लिए आज से विशेष अभियान शुरू किया गया है। विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र होने के नाते हम सभी की यह नैतिक जिम्मेदारी है कि आमजन को चुनाव प्रक्रिया के प्रति जागरूक करें यदि किसी परिवार में किसी सदस्य का निधन हो गया है तो वे वोटर लिस्ट से उनका वोट कटवाएं,जिससे त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने में आसानी होगी।




उन्होंने बताया कि मोबाईल वैन द्वारा लोगों को नए वोट बनवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। पहली जनवरी, 2024 को आधार तिथि मानकर शुक्रवार 27 अक्टूबर, 2023 से लेकर शनिवार 09 दिसम्बर, 2023 तक दावें तथा आपत्तियां प्राप्त की जाएगी।

इसी अवधि में 4 व 5 नवंबर 2023 तथा 2 व 3 दिसंबर 2023 शनिवार व रविवार को विशेष अभियान तिथियां निर्धारित की गई है। इन विशेष तिथियों में सभी बूथ लेवल अधिकारी अपने-अपने मतदान केंद्रों पर सुबह 9 बजे से सायं 5 बजे तक उपस्थित रहकर फार्म प्राप्त करेंगे। उन्होंने बताया कि 26 दिसंबर तक दावों एवं आपत्तियों का निपटान करने उपरांत 5 जनवरी 2024 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया जाएगा। इस अवसर पर गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, पटौदी के एसडीएम संदीप अग्रवाल, सीटीएम दर्शन यादव सहित चुनाव कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मिलकर दौड़ लगाते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे नागरिक

जन एक्सप्रेस। गुरुग्राम




सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर 31 अक्टूबर को जिला गुरुग्राम मुख्यालय सहित पटौदी व सोहना उपमंडल पर रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। आमजन की सक्रिय भागीदारी के साथ यह दौड़ देश की एकता व अखंडता को समर्पित होगी जिसमें हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। यह जानकारी डीसी निशांत कुमार यादव ने अधिकारियों के साथ रन फॉर यूनिटी से संबंधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

राष्ट्रीय भावना के साथ गुरुग्राम जिला के साथ-साथ सोहना व पटौदी उपमंडल के नागरिक मिलकर दौड़ लगाते हुए सरदार वल्लभ भाई पटेल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। 31 अक्टूबर को होने वाले इस कार्यक्रम में जिला के लोगों की प्रभावी जन भागीदारी रहेगी। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी जिला मुख्यालय पर दस किलोमीटर व उपमंडल स्तर और पांच किलोमीटर की दौड़ लगाएंगे। जिला मुख्यालय पर यह कार्यक्रम सेक्टर 38 स्थित ताऊ देवीलाल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। दौड़ का समय सुबह लगभग 7 बजे रहेगा तथा प्रतिभागियों को सुबह 6:30 बजे कार्यक्रम स्थल पर पहुंचना होगा। सुबह 7 बजे हरी झंडी दिखाकर दौड़ को रवाना किया जाएगा। इस दौरान स्कूल व कॉलेज के विद्यार्थी, नेहरू युवा केंद्र के युवा, सीनियर सिटीजन, महिलाएं तथा आम नागरिक समाज में एकता व भाईचारा का संदेश देते हुए रन फॉर यूनिटी में शामिल होंगे। उन्होंने राष्ट्रीय एकता की प्रतीक इस दौड़ के सफल आयोजन को लेकर जिला व उपमंडल स्तर पर सभी संबंधित अधिकारियों को समय रहते सभी आवश्यक तैयारिया पूरी करने के दिशा निर्देश दिए। बैठक में सोहना के एसडीएम प्रदीप सिंह, बादशाहपुर के एसडीएम सतीश यादव, गुरुग्राम के एसडीएम रविंद्र यादव, पटौदी के एसडीएम संदीप अग्रवाल, सीटीएम दर्शन यादव, खेल विभाग के उपनिदेशक गिरिराज सिंह, जिला खेल अधिकारी संधू बाला सहित अधिकारी उपस्थित रहे।

# भाजपा संगठन ने जो जिम्मेदारी दी है उसका बखूबी निर्वहन का प्रयास करुंगा: इंद्रजीत यादव

जन एक्सप्रेस। बी.पी. पाण्डेय



**गुरूग्राम।** गांव नाथूपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी लीलू सरपंच के भाई इंद्रजीत यादव बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश सचिव नियुक्त किए हैं। जिससे गांव नाथूपुर सहित आसपास खुशी की लहर दौड़ गई है। अपनी नियुक्ति पर इंद्रजीत यादव ने कहा कि बीजेपी संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है। उसका बखूबी निर्वहन का प्रयास करेंगे।

उनका प्रयास संगठन को प्रदेश भर में मजबूत बनाने का होगा। मालूम हो कि भारतीय जनता युवा मोर्चा हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा ने युवा मोर्चा में नवनियुक्त पदाधिकारियों की लिस्ट जारी की है। जिसके तहत झज्जर के नवीन कुमार बंटी बीजेपी युवा मोर्चा में प्रदेश महामंत्री नियुक्त किए गए हैं। जिला गुडग़ांव से पर्व शर्मा, रोहतक से सुमित हुड्डा बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। पलवल से दिव्यांशु गौड़, यमुनानगर से मोहित गेरा, गुडग़ांव से इंद्रजीत यादव, अंबाला से विक्रमजीत सिंह राणा, रोहतक से अजय खुडिय़ा, पंचकूला से हरीश को बीजेपी युवा मोर्चा को प्रदेश सचिव नियुक्त किया गया है।

पंचकूला से जतिन गोयल बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश सह कोषाध्यक्ष नियुक्त किए गए हैं। इंद्रजीत यादव ने अपनी नियुक्ति के लिए बीजेपी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल राणा के प्रति आभार व्यक्त किया है । इंद्रजीत यादव ने कहा है कि उनको बीजेपी युवा मोर्चा प्रदेश सचिव की जो दायित्व प्रदान किया गया है। उस पर शत प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करूंगा।

# दिल्ली सरकार ग्रीन टैक्स तुरंत हटाए: आर के शर्मा



जन एक्सप्रेस। गुरुग्राम

अखिल भारतीय ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की बैठक संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एसोसिएशन के कार्यालय पर अध्यक्ष विनोद चावला की अध्यक्षता में संपन्न हुई बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के शर्मा ने मांग कि कि दिल्ली सरकार तुरंत प्रभाव से ग्रीन टैक्स हटाए क्योंकि यह ट्रांसपोर्टों पर नाजायज तरीके से लगाया गया टैक्स है दिल्ली में चलने वाली ट्रांसपोर्टों की बीएस6 गाड़ियां किसी तरह का कोई प्रदूषण नहीं फैलाती अगर ग्रीन टैक्स नहीं हटाया गया तो घाटे में चल रहे ट्रांसपोर्टरो को आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा उन्होंने बताया कि 25-26 नवंबर को होने वाली ट्रांसपोर्टर संसद संवाद में ट्रांसपोर्टरों को आ रही विभिन्न तरह की समस्याओं के समाधान तथा एकता के लिए दो दिन गहन मंथन किया जाएगा इस प्रोग्राम में देश के हर राज्य से 500 से ज्यादा पदाधिकारी एवं विख्यात ट्रांसपोर्टर भाग लेंगे। विजय कुमार को संजय गांधी ट्रांसपोर्ट नगर का प्रभारी नियुक्त किया गया इस अवसर पर श्याम सुंदर, तजेंद्र सिंह, वेद प्रकाश, दिल्ली उपाध्यक्ष हरीश ग्रोवर, उत्तर प्रदेश उपाध्यक्ष दिनकर सिंह, राष्ट्रीय संगठन मंत्री सौरव गुप्ता, अशोक शर्मा, आर पी चौहान, संजय झा, धर्मेंद्र शर्मा, समसुद्दीन, सौरभ, नरेंद्र शर्मा आदि उपस्थित थे

# डॉ. मंगल सेन आरएसएस के सदस्य रहे और वे भाजपा के एक मजबूत आधार बने: राम बिलास शर्मा

जन एक्सप्रेस। गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा भर में पार्टी के मजबूत आधार रहे डा. मंगल सेन की जयंती मनाई। गुरुग्राम में भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में पार्टी कार्यालय च्च्गुरुकमलज्ज् में कार्यक्रम का आयोजन कर डा. मंगल सेन को कोटि-कोटि नमन किया और उन्हें अपनी भावांजलि अर्पित की। जिला अध्यक्ष ने मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा का स्वागत किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि रामबिलास शर्मा ने डा. मंगल सेन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि डॉ. सेन बचपन से ही आरएसएस के सदस्य रहे और वे भारतीय जनता पार्टी के एक मजबूत आधार बने। रामबिलास शर्मा ने कहा कि डॉ. मंगल सेन की लोकप्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि वे लगातार सात बार रोहतक से भाजपा विधायक चुने गए और अपनी राजनीतिक कुशलता के कारण हरियाणा के उपमुख्यमंत्री भी बने। कार्यकर्ताओं को संभालना डॉ. सेन की प्राथमिकता रही। उनकी मजबूत व्यक्ति के रूप में पहचान थी। शर्मा ने कहा कि हरियाणा की राजनीति के भीष्म पितामह कहे जाने वाले डॉ. मंगल सेन ने सदा स्वच्छ राजनीति को बढ़ावा दिया। वे जनसंघ से जुड़े रहे। डॉ सेन राष्ट्रवाद व भारतीय संस्कृति के वे सजग प्रहरी थे। इस मौके पर संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, हरविन्द्र कोहली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विधु कालरा, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष पर्व शर्मा, पार्षद रविन्द्र यादव, कुलदीप यादव, राकेश यादव, अनूप, अनिल कन्हई, अनिल आरती राव, जिला महामंत्री मनीष गाड़ौली, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कमल यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, हरबीर अढ़ाना, ज्योति गेम्बला, सचिव सुरेंद्र गहलोत, सोनिया यादव, मंडल अध्यक्ष रामनिवास यादव, रामकिशन राघव, श्रवण आहुजा, सुनील यादव, महिला मोर्चा की बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के संयोजक अमर झा, युवा मोर्चा के सचिव राजन सहित वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# छठ पूजा पर चम्पारण होते हुए पटना रूट पर स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन किया जाए

जन एक्सप्रेस। गुरुग्राम



गुरुग्राम में लाखों की संख्या में पूर्वांचल मूल के लोग निवास करते हैं। वे अपने त्यौहारों को मनाने के लिए अपने गृह प्रदेश जाते रहे हैं। हालांकि अधिकांश लोग अब गुरुग्राम में अपने पर्वों को स्थानीय लोगों के साथ मनाते हैं, बड़ी संख्या में पूर्वांचल के लोग अपने प्रदेश होली-दीवाली व छठ पूजा पर जाते हैं। पूर्वांचल समाज के लोगों ने छठ पूजा पर गुरुग्राम से स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन करने की मांग रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति के सदस्य डा. डीपी गोयल को मांगपत्र पर देकर की है। मांगपत्र देने वालों में राजेश पटेल, छोटेलाल प्रधान, विजय व फिल्म अभिनेता राज चौहान का कहना है कि मांगपत्र में मांग की गई है कि बिहार व पूर्वी उत्तरप्रदेश की ओर जाने वाली कोई रेलगाड़ी नहीं है। बसों का किराया बहुत अधिक है। पूर्वांचल मूल के लोगों को अपने गृह प्रदेश जाने के लिए दिल्ली से रेलगाड़ी पकडऩी पड़ती है, जिससे लोगों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने मांग की है कि गुरुग्राम से कम से कम 2 स्पेशल रेलगाड़ी चलाई जाएं, जिसका रुट गोरखपुर, सीवान, छपरा होते हुए समस्तीपुर, दरभंगा व मधुबनी हो तथा दूसरा इलाहाबाद, प्रयागराज, बलिया, बाबू बीर कुंवर सिह जन्म स्थान तक चलाया जाए और चम्पारण होते हुए पटना रूट पर स्पेशल रेलगाड़ी का संचालन किया जाए। पटेल का कहना है कि डा. गोयल ने उन्हें उनकी मांग पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया है।